माघ शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 10 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 84, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

गामा किरण की गुत्थी सुलझाएगा आदित्य एल-1 16

मां ने मुझे थिएटर जाने को किया प्रोत्साहित 15

चौ. चरण सिंह, नरसिम्हा राव और एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव और देश में हरित क्रांति के जनक डॉ. एमएस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' (मरणोपरांत) से सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को खुद 'एक्स' पर पोस्ट के जरिए यह ऐलान करते हुए तीनों के योगदान की सराहना की। इस साल अब तक पांच लोगों को भारत रत्न देने की घोषणा हुई है, जो अब तक की सर्वाधिक संख्या है।

इससे पहले वर्ष 1999 में एक बार में चार लोगों को भारत रत्न दिया गया था। कुछ दिनों पहले ही सरकार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के लिए भारत रत्न की घोषणा की गई थी। पश्चिमी यूपी के जाट नेता और 1979-80 में प्रधानमंत्री रहे चौ. चरण सिंह ऐसे समय में कांग्रेस विरोधी राजनीति के धुरी के रूप में उभरे थे, जब देशभर में उसका वर्चस्व था। वहीं कांग्रेस नेता राव 1991-96 तक देश के प्रधानमंत्री रहे और उन्हें आर्थिक सुधारों के लिए जाना जाता है, जबकि डॉ. स्वामीनाथन दुनिया के ख्याति लब्ध कृषि वैज्ञानिक थे।

मोदी ने एक पोस्ट में कहा, 'हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। एक अन्य पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'एक प्रतिष्ठित विद्वान और राजनेता के रूप में नरसिम्हा राव ने विभिन्न पदों पर रहते हुए व्यापक सेवा की।' उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत को आर्थिक रूप से उन्नत बनाने, समृद्धि और विकास के लिए एक ठोस नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से नवाजे जाने की घोषणा की। सरकार कृषि और किसान कल्याण में उनके योगदान के लिए भारत रत्न दे रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने किया ऐलान

2024
में अब तक पांच नामों की हुई घोषणा

अब तक 53 लोगों को सम्मान

करीब 68 साल पहले शुरू हुए इस सर्वोच्च सम्मान से अब तक 53 हस्तियों को सम्मानित किया जा चुका है। पहली बार साल 1954 में आजाद भारत के पहले गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राज गोपालाचारी, वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकटरमन और सर्वपल्ली राधाकृष्णन को दिया गया था।

कांशीराम को भी भारत रत्न मिले

बसपा प्रमुख मायावती ने एक बार फिर पार्टी संस्थापक कांशीराम को भी भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग उठाई है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भाजपा सरकार द्वारा जिन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया है, उसका स्वागत है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को लंबे इंतजार के बाद भारतरत्न से सम्मानित किया। दलित और उपेक्षितों के मसीहा कांशीराम का इनके हितों में किया संघर्ष कम नहीं।

कांग्रेस ने केंद्र सरकार के फैसले का किया स्वागत

कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह तथा कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को 'भारत रत्न' दिए जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए शुक्रवार को कहा कि ये तीनों 'भारत के रत्न' थे, हैं और सदैव रहेंगे। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने नरसिम्हा राव को 'भारत रत्न' देने की घोषणा के बारे में पूछे जाने पर संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, 'मैं इसका स्वागत करती हूं। क्यों नहीं?'' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, 'कांग्रेस की ओर से हम पीवी नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह और एम एस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने का स्वागत करते हैं।

एक नजर

नौकरी के बदले जमीन मामले में राबड़ी, हेमा और मीसा को जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामले में शुक्रवार को बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी बेटी मीसा भारती तथा हेमा यादव को 28 फरवरी तक अंतरिम जमानत दी। विशेष जज विशाल गोगने ने ईडी के उस दावे के बाद तीनों आरोपियों को जमानत दी कि उसे उनकी नियमित जमानत याचिका पर दलीलें दाखिल करने के लिए समय चाहिए। ईडी द्वारा दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने के बाद मामले में अदालत द्वारा जारी समन के अनुपालन में आरोपी अदालत में पेश हुए।

बाबा सिद्दीकी एनसीपी में आज होंगे शामिलः अजित

मुंबई। महाराष्ट्र में एक दिन पहले बाबा सिद्दीकी ने कांग्रेस पार्टी छोड़ने का ऐलान किया था। अब महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को कहा कि बाबा सिद्दीकी 10 फरवरी को एनसीपी में शामिल होंगे। अजित पवार ने बताया कि 11 फरवरी को कुछ और लोग पार्टी में शामिल होंगे। हाल ही में चुनाव आयोग ने अजित पवार गुट की एनसीपी को असली एनसीपी बताया था।

मौलाना तौकीर ने दिए भड़काऊ बयान शहामतगंज में तोड़फोड़ और पथराव

सैकड़ों समर्थकों के साथ गिरफ्तारी देने निकले मौलाना को पुलिस ने रास्ते से लौटाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचारः आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा की जेल भरो अपील पर शुक्रवार को भारी तनाव के माहौल में हजारों की भीड़ इकट्ठी हुई। पुलिस-प्रशासन ने मौलाना और उनके समर्थकों को सामूहिक गिरफ्तारी देने के लिए इस्लामिया ग्राउंड तो नहीं पहुंचने दिया, लेकिन उनके भड़काऊ बयानों के कारण प्रदर्शन के बाद लौटती भीड़ ने शहामतगंज में जमकर तोड़फोड़-पथराव किया और दो लोगों को पीट दिया। पुलिस ने डंडे चलाकर भीड़ को खदेड़ा। इस बीच मौलाना के आह्वान पर मुस्लिम बहुल इलाकों में बाजार बंद रहा। बवाल की आशंका देखते हुए दोपहर 12 बजे शहर के सभी स्कूलों की भी छुट्टी करा दी गई।

ज्ञानवापी में पूजा की अनुमति दिए जाने और मस्जिद-मदरसों को तोड़ने का आरोप लगाते हुए मौलाना तौकीर ने जुमे की नमाज के बाद इस्लामिया ग्राउंड से कलेक्ट्रेट तक मार्च कर सामूहिक गिरफ्तारी देने का ऐलान किया था। घोषित कार्यक्रम के तहत दोपहर सवा बजे मौलाना तौकीर ने आला हजरत दरगाह की करोलान मस्जिद में जुमे की नमाज अदा की। फिर समर्थकों के साथ रास्ते में लगा बैरियर तोड़ते हुए इस्लामिया ग्राउंड की ओर बढ़े, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इस दौरान पुलिस के साथ उनकी धक्कामुक्की हुई, लेकिन उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया गया। करीब 15 मिनट बाद मौलाना तौकीर समर्थकों के साथ यहीं से लौट गए।

आईएमसी का सांकेतिक गिरफ्तारी का दावाः प्रदर्शन के बाद आईएमसी के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने दावा किया कि मौलाना तौकीर और सैकड़ों समर्थकों की ओर से सांकेतिक गिरफ्तारी दी गई है, लेकिन प्रशासन ने इससे साफ इनकार किया। डीएम रविंद्र कुमार ने बताया कि मौलाना और उनके समर्थकों को समझाकर रास्ते से ही लौटा दिया गया।

गिरफ्तारी देने जा रहे मौलाना रजा को पुलिस ने रास्ते में ही रोक दिया। ● अमृत विचार

▸▸ बवाल की आशंका में स्कूलों की छुट्टी, बाजार भी बंद हो गए

नारेबाजी और पथराव के बाद मची भगदड़

आईएमसी के प्रदर्शन के बाद शहामतगंज में बवाल होने से बच गया। इस्लामिया ग्राउंड की ओर से लौट रहे सैकड़ों लोगों ने शहामतगंज में मौलाना आजाद इंटर कॉलेज के पास जमकर नारेबाजी की। प्रधानमंत्री मोदी और योगी के खिलाफ नारे लगाते हुए तोड़फोड़ के साथ दो लोगों के साथ जमकर मारपीट की। इसके बाद पथराव भी किया। इससे यहां भगदड़ मच गई। कुछ देर बाद पहुंची पुलिस ने डंडे फटकारकर भीड़ को खदेड़ा।

बलवे में 6 दंगाइयों की मौत, सीएम धामी ने बताया सुनियोजित हमला

हल्द्वानी में हिंसा

कार्यालय संवाददाता

▸▸ घटना के दूसरे दिन बनभूलपुरा पहुंचे धामी, घायलों से जाना हाल

▸▸ दंगा भड़काने के आरोप में 6000 लोगों पर मुकदमा, चार गिरफ्तार

अमृत विचारः हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में गुरुवार को अवैध मदरसा तोड़े जाने की कार्रवाई के दौरान भड़की हिंसा में छह दंगाइयों की मौत हो गई। वहीं, हालात पर काबू पाने के लिए क्षेत्र में कर्फ्यू दूसरे दिन भी लागू रहा। घटना के लिए जिम्मेदार चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य की पहचान के लिए फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, 6000 अज्ञात पर मामला दर्ज किया गया है। वहीं, 19 लोग नामजद हैं।

हल्द्वानी में शुक्रवार को हालात का जायजा लेने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कोर्ट के आदेश पर अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम पर सुनियोजित तरीके से हमला किया गया। उन्होंने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल भी जाना। उन्होंने कहा कि कानून अपना काम करेगा और जिन लोगों ने पुलिसकर्मियों पर हमला किया है और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

हल्द्वानी पहुंचे मुख्यमंत्री धामी घायल पुलिसकर्मियों का हालचाल लेते हुए।

मीडियाकर्मी से मिलकर मुख्यमंत्री ने जाना हाल

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नैनीताल रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती अमृत विचार के छायाकार संजय कनेरा से भी मिलने पहुंचे। उन्होंने कनेरा का हालचाल जाना और कहा कि उनका उच्चस्तरीय इलाज करवाया जाएगा। बता दें कि संजय कनेरा पर भी कवरेज के दौरान उपद्रवियों ने हमला कर दिया था। उनका कैमरा, मोबाइल, पर्स, अंगूठी लूट ली और धारदार हथियार से घायल कर दिया था। वह पहले बेस अस्पताल में भर्ती थे, जहां उनकी हालत को देखते हुए निजी अस्पताल ले जाया गया है।

मुख्यमंत्री ने एडीजी अंशुमान सिंह को फिलहाल हल्द्वानी में ही कैंप करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को कहीं हिंसा की कोई घटना नहीं हुई। नैनीताल की डीएम वंदना सिंह ने बताया कि ये दो ढांचे सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बनाए गए थे। उन्होंने बताया कि ध्वस्तीकरण से पहले नगर निगम प्रशासन उसका कब्जा ले चुका था। (संबंधित पेज-11)

भाजपा के साथ जाएंगे जयंत बोले- किस मुंह से इनकार करूं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ रालोद प्रमुख ने चौ. चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने पर कहा- 'दिल जीत लिया'

अमृत विचारः पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह को भारत रत्न मिलने के साथ ही भाजपा और रालोद के बीच लोकसभा चुनाव में गठबंधन पर भी मुहर लग गई है। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट करते हुए भाजपा के साथ समझौता करने की भी पुष्टि की है। जयंत ने गठबंधन को लेकर शुक्रवार को मीडिया के सवालों पर कहा, 'क्या अब भी कोई कसर रहती है। आज मैं किस मुंह से इनकार करूं।' जयंत ने प्रधानमंत्री के संदेश पर लिखा भी, 'दिल जीत लिया।'

जयंत ने साफ तौर पर कहा कि पिता चौ. अजित सिंह का भी सपना आज पूरा हुआ। यह भावुक और यादगार पल है, पीढ़ियों तक याद रहेगा। ऐसे में संकेत यह मिले हैं कि चौ. अजित सिंह के जन्मदिवस 12 फरवरी को रालोद के राजग में शामिल होने की घोषणा हो जाए। इस बीच लोकसभा चुनाव में यूपी की सीटों पर भी समझौता फाइनल माना जा रहा है। भाजपा नेतृत्व ने जयंत चौधरी के सामने बागपत और बिजनौर लोकसभा सीट का प्रस्ताव रखा है। वहीं केंद्र में सरकार बनने पर मंत्री पद का भी प्रस्ताव रखा गया है। रालोद कोटे से योगी सरकार में दो मंत्री और एक राज्यसभा की भी सीट भी मिल सकती है।

पांच हजार रुपये स्टांप शुल्क देने पर हो सकेगा रक्त संबंधियों में संपत्ति हस्तांतरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः विधानसभा में शुक्रवार को भारतीय स्टांप (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक 2024 बहुमत से पारित हो गया, जिसके तहत यह व्यवस्था दी गई है कि रक्त संबंधों में संपत्ति हस्तांतरण पांच हजार रुपये स्टांप शुल्क देने के बाद किया जा सकेगा।

सदन में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने भारतीय स्टांप (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक 2024 को पारित करने के लिए सदन में अनुरोध किया। पक्ष में बहुमत होने से विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने इसे पारित करने की घोषणा की।



▸▸ विधानसभा में ध्वनिमत से पारित हुआ भारतीय स्टांप (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक

दरअसल, जमीनों की खरीद फरोख्त 'पॉवर ऑफ अटॉर्नी' बनाकर की ज रही थी, जिससे राजस्व का नुकसान हो रहा था। अब यह व्यवस्था दी गई है कि रक्त संबंधों से बाहर के लोगों को 'पॉवर ऑफ अटॉर्नी' पर सर्किल रेट का सात प्रतिशत स्टांप शुल्क देना होगा। इसमें यह भी व्यवस्था दी गई है कि रक्त संबंधों में मात्र पांच हजार रुपये के स्टांप पर ही संपत्ति हस्तांतरण करने की सुविधा रहेगी।

इसके अलावा विधानसभा में 'उत्तर प्रदेश लिफ्ट और एस्केलेटर' विधेयक-2024 पेश किया गया, जिसके कानून बनने के बाद राज्य में अब बहुमंजिला इमारतों में नई लिफ्ट व एस्केलेटर लगाने के लिए पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। राज्य सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने शुक्रवार को विधानसभा में 'उत्तर प्रदेश लिफ्ट और एस्केलेटर' विधेयक, 2024 पेश किया। इन दोनों विधेयकों को शनिवार को पारित किए जाने का प्रस्ताव आ सकता है।

मुरादाबाद : खेल-खेल में फूस के पूलों में जलकर बच्ची की मौत

हसनपुर/सैदनगली। खेल-खेल में फूस के पूलों में आग लगने से पांच वर्षीय बच्ची की जलकर मौत हो गई। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मोमराज सिंह मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। बताते हैं कि गुरुवार की शाम मोमराज सिंह की पांच वर्षीय बेटी करिश्मा मोहल्ले के बच्चों के साथ खेल रही थी। बच्चों के साथ खेलने के लिए वह पन्नी का लट्टू बना रही थी। घर के पास ही फूस के पूले रखे हुए थे। पन्नी को चिपकाने के लिए बच्चों ने घर के पास रखे फूस के पूलों में आग लगा ली। देखते ही देखते आग भड़क उठी। तभी इस दौरान करिश्मा आग की चपेट में आ गई। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसी तरह बच्ची को आग से निकाला और उपचार के लिए निजी चिकित्सक के पास ले गए। चिकित्सक का कहना था कि बच्ची आग से 90 प्रतिशत से ज्यादा झुलस चुकी थी। उपचार के दौरान गुरुवार देर रात उसकी मौत हो गई। मृतका बच्ची तीन भाई बहनों में सबसे छोटी थी।

▸▸ परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई किया अंतिम संस्कार

आरोपी ने पुलिस हिरासत में की आत्महत्या की कोशिश, भीड़ ने थाना घेरा, लाठीचार्ज

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचारः किशोरी को भगा ले जाने के आरोप में पकड़े गए युवक ने शुक्रवार की सुबह पुलिस हिरासत में अमांपुर थाना परिसर के शौचालय में मफलर से फंदा लगाकर आत्महत्या की कोशिश की। पुलिस कर्मियों ने उसे बचा तो लिया, लेकिन उसकी हालत गंभीर बनी है।

इसकी भनक लगते ही युवक के परिजनों ने बड़ी संख्या में लोगों के साथ थाने का घेराव कर दिया। पुलिस और किशोरी पक्ष पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाकर थाने में हंगामा काटा। स्थिति बेकाबू होते देख पुलिस कर्मियों ने लाठीचार्ज कर दिया। भीड़ ने थाने के बाहर जमकर पथराव किया। बवाल बढ़ने की आशंका पर बाजार बंद हो गए। सूचना पर पुलिस अफसर मौके पर पहुंचे और स्थिति पर काबू पाया। एसपी ने अमांपुर थाने के इंस्पेक्टर यतेंद्र कुमार व दरोगा दया प्रसाद को निलंबित कर दिया है।

थाना अमांपुर में एकत्रित भीड़ को खदेड़ते पुलिसकर्मी।

▸▸ इंस्पेक्टर समेत दो निलंबित

▸▸ अमांपुर थाना पुलिस पर एक युवक को 3 फरवरी से अवैध रूप से हिरासत में रखने के आरोप में कार्रवाई

> अमांपुर थाने में पुलिस अभिरक्षा में युवक को रखा था। शुक्रवार सुबह शौचालय में उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की कोशिश की। घटना में लापरवाही पर इंस्पेक्टर और दरोगा को निलंबित कर दिया है। – **अपर्णा रजत कौशिक**, एसपी

खेती-किसानी गन्ना शोध परिषद ने विकसित कीं 1000 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उपज देने वाली किस्में

गन्ने की चार नई प्रजातियों से सुधरेगी किसानों की आर्थिक स्थिति

श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

अमृत विचारः गन्ने की चार नई प्रजातियां किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने में कारगर साबित होंगी। गन्ना शोध परिषद ने चार नई प्रजातियां कोशा-16233, 15233, 17231 और 13235 तैयार की हैं। औसत उपज की बात करें तो करीब एक हजार क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। इनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी अब तक प्रचलित प्रजातियों से कहीं ज्यादा है। प्रदेश भर में इन प्रजातियों के गन्ने की खूब मांग है। किसान ऑनलाइन बुक कर बीज खरीद रहे हैं।

गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर की ओर से गन्ने की ये प्रजातियां विकसित की गई हैं। प्रचलित गन्ना साढ़े आठ सौ से साढ़े नौ सौ क्विंटल प्रति हेक्टेयर उपज देता है। पुरानी प्रजातियों में लाल सड़न सहित तमाम बीमारियां भी लगती थीं, लेकिन इनमें लाल सड़न रोग लगने की आशंका बहुत कम है। गन्ना शोध परिषद के प्रसार अधिकारी एसके पाठक ने बताया कि कोशा 17231 की पैदावार प्रति हेक्टेयर 90 से 100 टन है और यह लगभग 10 महीने में तैयार हो जाती है। इसे अगेती प्रजाति कहते हैं। इसी तरह वैज्ञानिकों ने कोशा 15233 और 16233 की खोज की है। यह प्रजातियां भी लाल सड़न रोग कैंसर रोधी है।

नई प्रजाति को विकसित करने में लगते हैं दस सालः गन्ने की एक नई प्रजाति के तैयार होने में करीब 10 साल का समय लगता है। अगर अब प्रजाति खेतों तक पहुंची है तो उसको तैयार करने की प्रक्रिया 10 साल पहले शुरू हुई थी। गन्ना शोध परिषद के कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि एक नई वैरायटी तैयार करने के लिए लंबी प्रक्रिया से गुजरना होता है। पहले शोध परिषद के वैज्ञानिक कोयंबटूर जाकर मेल और फीमेल गन्ने की प्रजातियां को आपस में क्रॉस कराते हैं। कोयंबटूर जाने की मजबूरी इसलिए है, क्योंकि वहां की जलवायु इसके लिए सबसे सही है। पहली बार पौध तैयार करने पर उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता के साथ पेड़ी आदि की जांच भी की जाती है। इन सब प्रक्रिया में 10 साल का समय लगता है। तब एक प्रजाति बाहर आती है।

▸▸ कोशा -16233, 15233, 17231, 13235 की बेहतर उपज ले सकेंगे गन्ना किसान

> वैज्ञानिकों ने कोशा 17231, 15233, 16233 और 13235 प्रजाति के गन्ने का विकास किया है। यह प्रजातियां किसानों के लिए बहुत उपयोगी हैं। कैंसर (लाल सड़न) बीमारी का भी इन पर असर नहीं होता। – **एसके पाठक**, प्रसार अधिकारी, गन्ना शोध परिषद, शाहजहांपुर

साढ़े छह हजार बड ऑनलाइन बुक

प्रदेश में 17231 प्रजाति के गन्ने की ऑनलाइन बुकिंग चल रही है। साढ़े छह हजार बड बीज बुक हो चुका है। पश्चिमी यूपी के किसानों को मुजफ्फरनगर, पूर्वी यूपी के किसानों को सेबरहि और मध्य यूपी के किसानों को शाहजहांपुर से बीज दिया जा रहा है। बीज देने का आरंभ शुक्रवार से शाहजहांपुर गन्ना शोध परिषद में हुआ। किसानों को मिनी बीज किट का वितरण किया जा रहा है। 15233 प्रजाति को छोड़ अन्य तीनों किस्मों के बीज का विकास शाहजहांपुर शोध परिषद के वैज्ञानिकों ने ही किया है।

बिहारीपुर करोलान में मौलाना तौकीर रजा के जेल भरो के आवाह्न के बाद पहुंचे सैकड़ों समर्थकों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए पुलिस को काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। ● अमृत विचार

बिहारीपुर करोलान में छतों से भीड़ की हलचल देखतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

सुब्हानी मियां ने दिया तौकीर के साथ खड़े होने का संदेश

बरेली, अमृत विचार : गिरफ्तारी देने के लिए मौलाना तौकीर के घर से निकलने से पहले दरगाह आला हजरत के प्रमुख सुब्हानी मियां उनसे मिलने पहुंचे। सुब्हानी मियां ने करीब पंद्रह मिनट तक तौकीर रजा के आवास पर रहकर उनसे बातचीत की। इसके बाद ही तौकीर करोलान स्थित आला हजरत मस्जिद में नमाज पढ़ने रवाना हुए।

माना जा रहा है कि आमतौर पर मीडिया से दूर रहने वाले सुब्हानी मियां सांकेतिक तौर पर यह एहसास कराने शुक्रवार को कैमरों के सामने मौलाना तौकीर से मिलने पहुंचे कि वह भी उनके साथ खड़े हैं। उनके साथ मुफ्ती सलीम नूरी भी थे। उधर आला हजरत खानदान से संबंध रखने

▸▸ घर से निकलने से पहले पहुंचकर करीब 15 मिनट की बातचीत, मौलाना कैफ ने भी किया समर्थन

वाले मौलाना कैफ रजा ने भी समर्थकों के साथ इस्लामिया जाने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया।

मौलाना मोहम्मद कैफ ने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से अन्याय का विरोध करना हर भारतीय का मौलिक अधिकार है। इसका भी हनन किया जा रहा है। मोहम्मद अतीक अहमद, मौलाना वासिफ रजा, रशीद रजा खां, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद फरमान अंसारी, अनवर रजा खान, जुबैर रजा, हाफिज जहरान खां, अमान अंसारी, सद्दाम अंसारी, मो. आलम, मो.सैफ आदि को भी पुलिस ने इस्लामिया ग्राउंड की ओर नहीं जाने दिया।

तौकीर के भड़काऊ बयान से ही 2010 में हुआ था दंगा

बरेली, अमृत विचार : मौलाना तौकीर के भड़काऊ बयान से ही बरेली में 2010 और 2012 में दंगा हुआ था। तब जिले का माहौल बिगाड़ने के लिए कोर्ट ने उन्हें जेल भेजा था। अब

वह फिर उसी तरह भड़काऊ बयानबाजी से माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। ये आरोप भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने तौकीर रजा पर लगाए हैं।

उन्होंने कहा कि यदि कहीं का माहौल खराब कराना हो तो वहां मौलाना तौकीर को भेज दिया जाए। उन्होंने बदअमनी और नफरत का प्रयोग करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपमानित किया है, यह उचित नहीं है। उन्होंने चेताते हुए कहा कि हर क्रिया की प्रतिक्रिया होती है। बहुसंख्यक समाज गंगा-जमुनी संस्कृति का पालन करता है, लेकिन तौकीर क्यों भड़काने वाली बात करते हैं यह समझ से परे है। वह उत्तराखंड की आग को बरेली तक फैलाना चाहते हैं। उन्होंने बरेलीवासियों से अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की है।

सुबह ही बढ़ने लगीं धड़कनें... शाम तक सहमा रहा शहर

काम नहीं आए पुलिस के सुरक्षा इंतजाम, पूरे जिले से पहुंचे लोग, मोदी-योगी के खिलाफ जमकर नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : पुलिस-प्रशासन के अफसरों ने आईएमसी प्रमुख के जेल भरो के एलान के मद्देनजर एक दिन पहले ही कड़े सुरक्षा इंतजाम किए जाने का दावा किया था लेकिन शुक्रवार को इसका कहीं असर नहीं नजर आया। शहर में सुबह से ही तनाव का माहौल था। मौलाना की अपील पर गिरफ्तारी देने के लिए हजारों की भीड़ इकट्ठी हुई तो धड़कनें और बढ़ गईं। करोलान मस्जिद के आसपास की गई बैरिकेडिंग भीड़ ने तहस-नहस की तो एक बार हालात बेकाबू होते हुए लगे लेकिन गनीमत रही कि माहौल बिगड़ा नहीं। भीड़ ने इस बीच मोदी-योगी के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। शाम तक शहर दहशत के साये में रहा। इस बीच अफवाहें भी फैलती रहीं।

पुलिस और प्रशासन के अफसरों ने धारा 144 लागू होने का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को दावा किया था कि मौलाना तौकीर रजा की ओर से घोषित जेल भरो आंदोलन नहीं होने दिया जाएगा। इसके लिए दिनभर तैयारियां भी की गई थीं। इस्लामिया ग्राउंड की ओर जाने वाले रास्तों के अलग-अलग 31 प्वाइंट पर बैरिकेडिंग कर सील कर दिया गया था, इसके अलावा छह एएसपी के साथ 14 सौ पुलिसकर्मियों की तैनाती का दावा किया गया था लेकिन यह इंतजाम भीड़ को नहीं रोक पाया। मौलाना तौकीर दोपहर 1:15 बजे आला हजरत मस्जिद पर नमाज पढ़ने पहुंचे तो पूरे शहर से भी लोग मस्जिद की तरफ बढ़ने लगे। नमाज के बाद मौलाना तौकीर गिरफ्तारी देने के लिए इस्लामिया कॉलेज की तरफ बढ़े, इस बीच एकाएक काफी ज्यादा भीड़ इकट्ठी हो गई।

देखते ही देखते भीड़ ने योगी-मोदी होश में आओ, योगी-मोदी मुर्दाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए। पुलिस और प्रशासन के अफसर उन्हें समझाते रहे, लेकिन भीड़ लगातार नारेबाजी करती रही। इससे धीरे-धीरे माहौल में उत्तेजना बढ़ने लगी। मौलाना तौकीर गिरफ्तारी देने के लिए मस्जिद से निकलकर गलियों में पहुंचे तो नारेबाजी करती भीड़ बेकाबू होने लगी। लोगों ने मस्जिद के आसपास की गई बैरिकेडिंग को तोड़कर इस्लामिया गेट की तरफ बढ़ने की कोशिश शुरू कर दी। पुलिस-प्रशासन के अफसर माइक पर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते रहे लेकिन उसका कोई असर नहीं पड़ा।

आईजी डॉ. राकेश सिंह ने बताया कि मौलाना तौकीर रजा को इस्लामिया कॉलेज की तरफ जाते समय पुलिस ने रोककर समर्थकों के साथ वापस लौटा दिया गया। शहर में पूरी तरह कानून-व्यवस्था कायम है। अगर कोई खुराफात करेगा तो उसके साथ सख्ती से निपटा जाएगा।

मौलाना तौकीर के प्रदर्शन के दौरान बड़ा बाजार में बंद कर दी गईं सभी दुकानें। ● अमृत विचार

मौलाना ने एसपी देहात से की तू-तड़ाक

गिरफ्तारी देने जाते तौकीर रजा के पीछे सैकड़ों समर्थक भी थे। पुलिस ने उन्हें रोका तो धक्कामुक्की शुरू हो गई। समझाने के बाद भी मौलाना समर्थकों के साथ आगे बढ़ने की कोशिश करते रहे। इस दौरान मौलाना और उनके सामने मौजूद एसपी देहात दिनेश चंद्र मिश्र से जमकर बदसलूकी और तूतड़ाक की। अंत में एसपी देहात को दूसरे अफसरों ने वहां से हटा दिया।

तीन घंटे तक तौकीर की पुलिस के साथ आंखमिचौली

गिरफ्तारी देने इस्लामिया ग्राउंड की ओर निकले मौलाना तौकीर को पुलिस ने रोक दिया। जिसके बाद मौलाना तौकीर रजा गली बदल-बदल कर इस्लामिया की तरफ जाने की कोशिश करते रहे। करीब तीन घंटे तक मौलाना और पुलिस के बीच यह आंखमिचौली चलती रही। पुलिस कभी इस गली तो कभी उस गली भागती रही। इस बीच एडीजी पीसी मीना और आईजी डॉ. राकेश सिंह भी एसपी सिटी कार्यालय पर मौजूद रहकर मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों से पल-पल की जानकारी लेते रहे।

शोक सूचना

अत्यंत दुःख के सूचित किया जाता है कि मेरी धर्मपत्नी श्रीमती मीना का स्वर्गवास दिनांक 07-02-2024 को हो गया था। इनका दसवाँ संस्कार शनिवार 10.02.2024 को प्रातः 11 बजे करगैना बाजार, बरेली पर होना निश्चित हुआ है।

शोकाकुल परिवार :

सुरेश चन्द (पति), संदीप, संजय, अभिषेक (पुत्रगण), पूनम, चंदकांता (पुत्रवधुएं), ध्रुव, आयुष्मान (पौत्र), अनुष्का, आरूषी (पौत्रियाँ)

पता : पटेल बिहार कालोनी, बदायूँ रोड, बरेली।

शोक सूचना

अत्यंत दुःख के सूचित किया जाता है कि हमारी पूज्यनीय माताजी श्रीमती माया देवी मिश्रा पत्नी स्व. रामनाथ मिश्रा का स्वर्गवास दिनांक 08-02-2024 को हो गया था। इनका दसवाँ संस्कार शुक्रवार 16-02-2024 को निवास स्थान पर होना निश्चित हुआ है।

शोकाकुल परिवार : मुनीश कुमार मिश्रा-निर्मला मिश्रा, रजनीश कुमार मिश्रा-प्रमिला मिश्रा, प्रदीप कुमार मिश्रा-रेखा मिश्रा, आशुतोष मिश्रा-भावना मिश्रा, (पुत्र-पुत्रवधुएं), सुनीता-शिवशंकर, मंजू शर्मा-मनोज शर्मा, संगीता शर्मा-स्व. मुकेश शर्मा (पुत्री-दामाद), शैलेश, अभिषेक, आदित्य, शिवाय (पौत्र), दीप्ति, गरिमा, अंशिका, तमन्ना, लाडो (पौत्रियाँ)

पता : रम्पुरा बुजुर्ग, अलीगंज रोड, देवचरा, बरेली।
मो. 8218413049

हालात का जायजा लेने पहुंचे एडीजी, कमिश्नर और आईजी। ● अमृत विचार

एहतियात : बिहारीपुर पुलिस चौकी के सामने से पत्थर हटाते सफाईकर्मी।

लाठी चलाओ या गोली, हर हाल में जाऊंगा इस्लामिया

बरेली, अमृत विचार : करोलान मस्जिद में नमाज अदा करने के बाद मौलाना तौकीर ने भीड़ से बगैर नारेबाजी किए गिरफ्तारी देने को कहा। इसके बाद रास्ते में लगा बैरियर तोड़कर इस्लामिया ग्राउंड की ओर बढ़े तो पुलिस से धक्कामुक्की शुरू हो गई। अफसरों से तीखी नोकझोंक के दौरान मौलाना ने कहा, चाहे उन पर लाठी चले या गोली मार दी जाए, वह हर हाल में इस्लामिया ग्राउंड जाएंगे। हालांकि अफसरों ने उन्हें समझाया और आगे नहीं बढ़ने दिया। मौलाना को इस पर वापस लौटना पड़ा।

▸▸ धक्कामुक्की और तीखी नोकझोंक, नहीं बढ़ने दिया आगे तो लौटे

नमाज के बाद मौलाना तौकीर गलियों से होते हुए वह बिहारीपुर पुलिस चौकी की बगल वाली गली में पहुंचे तो पार्टी नेता नदीम खान, डॉ. नफीस, मुनीर इदरीसी समेत तमाम समर्थकों ने इस्लामिया ग्राउंड तक जाने की मांग शुरू कर दी। इसके बाद मौलाना रास्ते में लगा बैरियर तोड़कर बढ़े लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। बता दें कि मौलाना ने नमाज के बाद इस्लामिया ग्राउंड पर इकट्ठे होने के बाद कलेक्ट्रेट तक मार्च कर सामूहिक गिरफ्तारी देने का एलान किया था।

आईएमसी के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया कि सांकेतिक तौर पर गिरफ्तारी दी गई है। उन्होंने बताया कि सुबह से ही पार्टी के तमाम नेताओं के घरों पर पुलिस का पहरा रहा।

दो बार प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मौलाना ने बोले कड़वे बोल...

मैंने बड़ा धमाका होने से रोक लिया सरकार दंगा चाहती है तो हम तैयार

बरेली, अमृत विचार : विरोध प्रदर्शन के बाद मौलाना तौकीर ने एक बार फिर करोलान में ही प्रेस कॉन्फ्रेंस की। बोले, सरकार की सरपरस्ती में हिंदू संगठन बेईमानी कर रहे हैं। अदालतों में बैठे जज भी मुसलमानों पर जबरन अपनी आस्था थोप रहे हैं। इससे मुस्लिम युवाओं के दिलों में लावा खौल रहा है। उन्होंने यह प्रदर्शन कर उनके गुस्से को कंट्रोल किया है और एक बड़ा धमाका होने से रोक लिया है। मौलाना ने कहा कि अगर फिर भी सरकार दंगा-फसाद चाहती है तो हम तैयार हैं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौलाना तौकीर रजा खां ने यूपी, उत्तराखंड और केंद्र की सरकार पर तीखे वार किए। कहा, उन्हें सरकार को सिर्फ यह दिखाना था कि किस तरह उन्होंने अपने नौजवानों को नियंत्रित किया हुआ है और अगर वे बेकाबू हो गये तो उसके लिए कितनी दिक्कत पैदा हो जाएगी। देश में अब तक अमन इसीलिए है क्योंकि हमारे नौजवानों ने जवाब नहीं दिया। वे जवाब देंगे तो माहौल खराब हो जाएगा। उन्होंने बुलडोजर की कार्रवाई फौरन रोकने और मुफ्ती सलमान अजहरी को फौरन रिहा करने की मांग करते हुए कहा कि अदालत का काम होने के बाद भी पुलिस बुलडोजर चला रही है। सुप्रीम कोर्ट जैसी संस्था सरकार के दबाव में काम कर रही है। अगर अमन कायम रखना है तो यह कार्रवाई बंद करने के साथ पुलिस और उसके अधिकारों में कटौती करनी पड़ेगी।

▸▸ देश में अमन इसलिए क्योंकि जवाब नहीं दे रहे हमारे नौजवान

▸▸ अदालतों में बैठे जज मुसलमानों पर थोप रहे हैं अपनी आस्था

मोदी की राह पर चल रहे हैं धामी : मौलाना ने हल्द्वानी बवाल के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि जिस तरह गुजरात के मुख्यमंत्री रहते नरेंद्र मोदी ने गोधरा कांड कराया और सीएम से पीएम बन गए, उसी तरह मुसलमानों को सता रहे धामी को भी प्रधानमंत्री की कुर्सी नजर आ रही है। धामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए।

हमें छेड़ोगे तो हम छोड़ेंगे नहीं : मौलाना ने कहा कि मुसलमानों को बहुत छेड़ा जा चुका है। अब हम बर्दाश्त नहीं करेंगे, हमें छेड़ा जाएगा तो हम भी छोड़ेंगे नहीं। मुसलमान ज्ञानवापी और मथुरा देने को तैयार हैं, लेकिन उससे पहले सरकार चीन से कैलाश मानसरोवर को आजाद कराकर दिखा दे। बोले, सरकार की आस्था मंदिर में नही, उसका मकसद सिर्फ मुसलमानों को सताना है। कौन से कानून के तहत ज्ञानवापी में पूजा की अनुमति दी गई। अब अजमेर की दरगाह पर भी दावा किया जा रहा है। आईएमसी नेताओं की संपत्तियां खंगालने के सवाल पर कहा कि उनके ऊपर चाहे ईडी छोड़ी जाए या सीबीआई, वह डरने वाले नहीं हैं।

हमारे घरों पर बुलडोजर चलेगा तो अपनी हिफाजत खुद करेंगे

बरेली, अमृत विचार : गिरफ्तारी देने के लिए पहले अपने निवास से निकलने से पहले मौलाना तौकीर रजा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अगर हमारे घरों पर बुलडोजर चलाया जाएगा तो अपनी हिफाजत हम खुद करेंगे। बोले, अफसोस इस बात का है कि सुप्रीम कोर्ट इन घटनाओं का संज्ञान नहीं ले रहा है। प्रधानमंत्री के सामने भी शिकायत की जा सकती थी लेकिन वह खुद देश के सबसे बड़े बेईमान हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को यह कहकर आगाह किया कि प्रदेश में मुसलमानों को दबाना बंद किया जाए। मौलाना ने तीखे तेवर दिखाते हुए कहा कि देश का कानून हमें अधिकार देता है कि अगर कोई हमारे ऊपर हमलावर हो रहा है तो हम उसे जान से मार दें। बोले, अपराध मदरसे ने नहीं किया है जो बुलडोजर चला दिया गया। जिसने अपराध किया, सजा उसे सजा दी जानी चाहिए। पुलिस और बजरंग दल मिलकर देश को बदनाम करना चाहते हैं। सुप्रीम कोर्ट के अधिकारों का भी हनन हो रहा है। हम इस बेईमानी को बर्दाश्त नहीं कर सकते। हल्द्वानी में हुए बवाल का जिक्र करते हुए मौलाना तौकीर ने कहा कि हमारे घर पर बुलडोजर चला दोगे तो क्या हम अंधे-बहरे बने बैठे रहेंगे। सुप्रीम कोर्ट भी संज्ञान नही ले रहा है तो हम अपनी हिफाजत खुद करेंगे। मौलाना ने यूनिफार्म सिविल कोड पर भी सवाल उठाया।

▸▸ कानून ने हमें दिया है अधिकार, कोई हमलावर हो तो उसे जान से मार दें

प्रथम पुण्यतिथि

भवतु सब्बमंगलम् रक्खन्तु सब्बदेवता ।
सब्बबुद्धानुभावेन, सदा सुखी भवन्तु ते ॥

स्व. श्रीमती कुमुद सोनकर

श्रद्धावनतः-

पृथ्वीनाथ सिंह सोनकर-पूर्व प्रत्याशी संसद सदस्य लोकसभा (पति), विश्वेन्द्र सिंह सोनकर- सुनैना सोनकर, भारतेन्दु सिंह सोनकर (प्रदेश सचिव सुभासपा)- पूर्णिमा सोनकर (पुत्र-पुत्रवधू), इं. गगनदीप सिंह सोनकर (पुत्र), नंदिता सोनकर (पुत्री), आर्याश, प्रसेनजित सोनकर (पौत्र)।

फर्मः- पंचशील फाइनेंस सर्विस (रजि.)

48, सिविल लाइन्स, कमल टाकीज, बरेली

खादी भण्डार- खादी ग्राम उद्योग आयोग भारत सरकार से प्रमाणित

पताः- नेकपुर बदायूं रोड, बरेली मो. 9412736969, 8909708475




शहामतगंज में पथराव के बाद बाइक तोड़ते उपद्रवी। ● अमृत विचार

दुकान में तोड़फोड़ के बाद बिखरे पड़े फूल। ● अमृत विचार

पथराव के बाद शहामतगंज में बंद हो गया बाजार। ● अमृत विचार

पथराव-तोड़फोड़ से शहामतगंज में बाल-बाल बचा बवाल

बांस मंडी, बड़ा बाजार और कुतुबखाना भी हुआ बंद, दुकानदारों और सड़कों पर मौजूद लोगों में मची भगदड़

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : इस्लामिया ग्राउंड की ओर से लौटते वक्त भीड़ ने शाम करीब चार बजे शहामतगंज में पथराव और मारपीट की तो दहशत फैल गई। इसके बाद कुतुबखाना, बड़ा बाजार, बांस मंडी और इस्लामिया मार्केट भी बंद हो गया। भगदड़ और अफरातफरी की वजह से कई लोग चोटिल भी हो गए। एक बार दंगा होने जैसे हालात पैदा हो गए लेकिन पुलिस के पहुंचने के बाद उपद्रवी भाग निकले।

दोपहर में मौलाना के गिरफ्तारी देने जाने से पहले ही जिला पंचायत रोड और इस्लामिया मार्केट धीरे-धीरे बंद होने लगा। पर भी यही हाल था। दोपहर दो बजे के बाद बाजारों में अफवाहें फैलने लगीं तो दूसरे दुकानदारों ने दुकानें बंद करनी शुरू कर दीं। शाम करीब चार बजे मौलाना तौकीर ने अपनी गिरफ्तारी का कार्यक्रम पूरा होने की घोषणा करते हुए भीड़ से शांति के साथ लौटने की अपील की, लेकिन इसका कोई खास असर नहीं हुआ। शहामतगंज पुल के नीचे दुकानदार राजीव अग्रवाल के मुताबिक अचानक पहुंचे सौ-डेढ़ सौ लोगों के झुंड ने पथराव और तोड़फोड़ शुरू कर दी।

इस पर भगदड़ मच गई। दुकानदारों ने अपने शटर गिराने शुरू कर दिए। इस बीच उपद्रवियों ने फूलों की एक दुकान पर तोड़फोड़ की और सैलानी की ओर भाग गए। इसके बाद बाजार पूरी तरह बंद हो गया। भीड़ ने रास्ते में गुजर रहे एक बाइक सवार को रोककर पिटाई शुरू कर दी। किसी तरह उसने भागकर जान बचाई तो उसकी बाइक में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने लाठी चलाकर भीड़ को खदेड़ा। कुछ दुकानदारों ने आरोप लगाया कि कुछ दुकानों में आग लगाने की कोशिश भी की गई लेकिन पुलिस के आने पर उपद्रवी नारेबाजी करते हुए भाग निकले।

इस बीच बांसमंडी में भी अफरातफरी का माहौल रहा। साहू गोपीनाथ चौराहे से आगे बांसमंडी में दुकानें बंद हो गईं। पथराव की सूचना के बाद भूड़ पुलिस चौकी के पास लोग दुकान बंद करके सड़कों पर खड़े रहे और साहू गोपीनाथ चौराहे की तरफ जाने वालों को रोकते रहे। घटना से अनजान लोगों ने इसका कारण पूछा तो बताया कि आगे पथराव हो गया है, पुलिस लगी है।

शहामतगंज में इस्लामिया ग्राउंड की ओर जाते लोगों को चेतावनी देते मजिस्ट्रेट। ● अमृत विचार

आधी रात शहामतगंज में गश्त पर निकले एसएसपी। । ● अमृत विचार

देर रात सीसीटीवी फुटेज देखकर चिह्नित किए उपद्रवी

बरेली, अमृत विचार : शहामतगंज में दिन में पथराव के बाद देर रात तक पुलिस पूरी सतर्कता बरतती रही। बाजार में फोर्स तैनात की गई है। देर रात एसएसपी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस से दिन में हुए घटनाक्रम की जानकारी ली। पुलिस ने शहामतगंज चौराहे और आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक उपद्रवियों को चिह्नित किया। करीब आधा दर्जन लोगों की पहचान की गई है। शहर के सभी थानों की पुलिस को अलर्ट किया गया है। रात में गश्त कर संदिग्धों पर नजर रखी जाती रही। सोशल मीडिया पर भी निगरानी की जा रही है।

पत्थर लगने से दो-तीन लोगों को मामूली चोट आई है जिनका इलाज कराया गया है। इस मामले में सख्त कार्रवाई होगी। किसी को कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं है। कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। मस्जिद में आए लोगों ने नमाज पढ़ी और अपने-अपने घर चले गए। – **रविंद्र कुमार**, डीएम

ईंटों से बाइक में तोड़फोड़

मौलाना आजाद इंटर कॉलेज के पास उपद्रवियों ने बाइक से गुजर रहे सनराइज कॉलोनी के समीर और जगतपुर के कपिल शर्मा को रोककर पीटना शुरू कर दिया। ईंट-पत्थरों से बाइकों में भी तोड़फोड़ शुरू कर दी। एक बुजुर्ग दुकानदार उन्हें बचाने पहुंचे तो उन्हें भी दौड़ा लिया। कपिल के मुताबिक आरोपी बाइक को फूंकने की धमकी दे रहे थे। पुलिस पहुंची तो भाग निकले।



चेहरे पर ईंट लगने से लहूलुहान हुए हरप्रीत

शहामतगंज गल्ला बाजार में पथराव से घायल हुए हरप्रीत सिंह ने बताया कि वह दुकान पर नौकर सुमित के साथ सामान समेट रहे थे। बस काउंटर अंदर करना बाकी था तभी अचानक पहुंची सैकड़ों की भीड़ पथराव करने लगी। कुछ के हाथ में पहले से ईंटे थीं। एक ईंट उनके चेहरे पर पड़ी और वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। बाजार में मौजूद लोग दौड़े तो पथराव करने वाले भाग गए। सुमित को भी पथराव से गुम चोट आई। साहू गोपीनाथ चौराहे और अर्बन बैंक के बीच भी पथराव हुआ जहां अफसरों ने भी जायजा लिया। उधर, मौलाना के समर्थकों ने आरोप लगाया कि शहामतगंज मंडी में उन्हीं पर पथराव किया गया। वे बांस मंडी की तरफ जा रहे थे, वहां से पथराव कर उन्हें वापस खदेड़ दिया गया। पथराव में कुछ लोग चोटिल भी हुए हैं।

शहामतगंज में उपद्रवियों से जूझती पुलिस। ● अमृत विचार

मारपीट और पथराव के दोनों तरफ से आरोप अलग-अलग रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : शहामतगंज में पथराव और उपद्रव के मामले में दोनों समुदायों के लोगों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने दोनों तरफ से एफआईआर दर्ज की है। अफसरों ने दावा किया है कि दोनों तरफ के आरोपियों को चिह्नित किया जा रहा है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पुलिस के मुताबिक थाना बारादरी में दो अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज की गई हैं। इसमें एक एफआईआर मौलाना तौकीर के कार्यक्रम से लौट रहे लोगों के खिलाफ पथराव और तोड़फोड़ करने के आरोप में दर्ज की गई है, दूसरी शहामतगंज में ही मौलाना के समर्थकों के साथ मारपीट किए जाने के आरोप में दर्ज की गई है। दोनों मामलों में आरोपी अज्ञात हैं जिन्हें चिह्नित किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि अफवाहों से वे गुमराह न हों। उपद्रवियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

▸▸ दोनों मामलों में पुलिस ने शुरू किया आरोपियों को चिह्नित करने का काम

दो युवकों के साथ मारपीट कर पथराव करने और उनकी बाइक तोड़ने के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। दूसरे समुदाय के लोगों के साथ मारपीट करने के मामले में भी अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों को चिह्नित किया जा रहा है। जो भी कानून हाथ में लेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
– **घुले सुशील चंद्रभान**, एसएसपी

भड़काऊ पर्चे बांटने के मामले में नामजदगी शुरू

बरेली, अमृत विचार: भड़काऊ पर्चे बांटने के आरोप में बुधवार को दर्ज की गई एफआईआर में पुलिस मौलाना तौकीर समेत 30 लोगों के नाम शामिल करने की तैयारी शुरू कर दी है।

इन सभी को बुधवार को ही नोटिस दिए जा चुके हैं। हालांकि, पुलिस की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि आरोपियों को नामजद करने की तैयारी चल रही है। देर रात लिखापढ़ी कर दी जाएगी।

हल्द्वानी में बवाल : सिर्फ लालकुंआ तक चलाईं ट्रेनें

बरेली, अमृत विचार : हल्द्वानी में बवाल की वजह से ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। राज्य सरकार की सलाह पर हल्द्वानी रूट पर ट्रेनों को लालकुआं तक ही चलाया जा रहा है। इसके अलावा काठगोदाम से चलने वाली ट्रेनों को भी लालकुआं से चलाया गया। इसकी वजह से यात्रियों को परेशानी हुई। इज्जतनगर रेल मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि हल्द्वानी में कानून व्यवस्था को देखते हुए ट्रेनों को शार्ट टर्मिनेशन एवं शार्ट ओरिजिनेशन किया गया है। जिसमें 15043 लखनऊ जंक्शन-काठगोदाम एक्सप्रेस, 14120 देहरादून-काठगोदाम, 13019 काठगोदाम-काठगोदाम बाघ, 12040 नई दिल्ली-काठगोदाम लालकुआं तक चलाई गई, जबकि 15044 काठगोदाम-लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस, 14119 काठगोदाम-देहरादून, 13020 काठगोदाम-हावड़ा बाघ, 12039 काठगोदाम-नई दिल्ली लालकुआं से चलाई गई। इसके अलावा 15014 काठगोदाम-जैसलमेर एक्सप्रेस, 15035 दिल्ली-काठगोदाम, 12091 देहरादून-काठगोदाम एक्सप्रेस का ठहराव हल्द्वानी स्टेशन पर निरस्त रहा।

कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ आस्था स्पेशल का ठहराव

बरेली, अमृत विचार : शहर में मौलाना तौकीर रजा के आह्वान पर प्रदर्शन और कुछ झड़पों के बाद जंक्शन पर आरपीएफ व जीआरपी अलर्ट हो गई। खास तौर पर से उस वक्त जब जंक्शन पर आस्था स्पेशल का ठहराव होना था। यह ट्रेन निर्धारित समय से करीब आधा घंटा पहले ही आ गई। आनन-फानन में आरपीएफ व जीआरपी ने प्लेटफार्म पर स्टाफ बढ़ा दिया। अयोध्या से अंबाला लौट रहे रामभक्तों को बरेली जंक्शन पर नाश्ता की व्यवस्था की गई। दिन में भी आरपीएफ व जीआरपी अलर्ट रही। अभियान चलाकर सर्क्युलेटिंग एरिया, प्लेटफार्म, ट्रेनों, आरक्षण कार्यालय आदि को चेक किया। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि जंक्शन पर दिन भर नजर रखी गई। इस दौरान आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार भी मौजूद रहे।

घायलों से मिलने पहुंची आईएमसी की टीम

बरेली, अमृत विचार : शहामतगंज में हुए बवाल में घायल हुए युवकों से मिलने आईएमसी के पदाधिकारी नदीम खान और डॉ. नफीस सैलानी स्थित क्लिनिक पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने भरोसा दिलाया कि पथराव करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी। टीटीएस पदाधिकारी परवेज नूरी ने कहा कि शहामतगंज में हुई घटना की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। जिन लोगों ने माहौल खराब करने की कोशिश की है, वे समाज में रहने लायक नहीं हैं। उन्हें जेल भेजा जाए।

स्कूलों में अचानक कराई छुट्टी तो बच्चों में फैली दहशत

देर से जागा प्रशासन, स्कूलों में मची अफरातफरी, शिक्षकों के फोन आए तो बच्चों को लेने दौड़े अभिभावक

कार्यालय संवाददाता , बरेली

अमृत विचार : हल्द्वानी में बवाल और मौलाना तौकीर रजा की चेतावनी के बावजूद स्कूलों की छुट्टी का फैसला देरी से लिया गया। शुक्रवार को स्कूल खुलने के बाद अचानक छुट्टी का आदेश करने के बाद स्कूलों में छुट्टी कर दी गई। स्कूलों से बच्चों को घर ले जाने के लिए फोन पहुंचे तो दहशत फैल गई। अभिभावक परेशान होकर दौड़े-दौड़े स्कूल पहुंचे। बच्चे भी अचानक छुट्टी से चिंतित हो गए। कई स्कूलों में छुट्टी के दौरान बच्चों से कहा गया कि बेटा सीधे घर जाना। शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे के बाद स्कूलों से मेसेज और फोन अभिभावकों के पास पहुंचे कि शहर के हालात की वजह से छुट्टी की जाती है। बीएसए और डीआईओएस कार्यालय के सूत्रों के अनुसार अधिकारियों के निर्देश पर कर्मचारियों ने सभी स्कूलों को छुट्टी कराने की सूचना दी गई। इसके बाद दोपहर 12:30 से 1:30 बजे तक शहर के सभी परिषदीय, राजकीय माध्यमिक, एडेड, निजी स्कूलों की छुट्टी करा दी गई। इस दौरान पीलीभीत बाईपास, चौपुला, शहामतगंज, सहित शहर भर के स्कूलों के बाहर बच्चों को ले जाने के लिए अभिभावकों का तांता लगा रहा।

शहर में लोगों की बढ़ती भीड़ और तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्णय पर स्कूलों में छुट्टी करा दी गई। शनिवार को सभी स्कूल पहले की तरह खुलेंगे। – **तौसीफ अहमद**, खंड शिक्षा अधिकारी, नगर

अचानक छुट्टी होने के बाद स्कूल से घर लौटते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

- कर्मचारी नगर निवासी जूही अग्रवाल ने बताया कि दिन में करीब 12 :30 बजे उनके बच्चे के स्कूल से फोन आया कि स्कूल की छुट्टी कर दी गई है। इससे वह परेशान हो गईं।
- राजेंद्र नगर निवासी गौरव जैन भी स्कूल से अचानक फोन व मेसेज आने पर परेशान हो गए। बड़ी मुश्किल से स्कूल पहुंचकर बच्चे को घर लाए।
- गुलाब नगर निवासी अक्षिता सक्सेना ने बताया कि सुबह से स्कूल से बच्चों छुट्टी की कोई सूचना नहीं थी। करीब 12 :30 बजे से ही कई लोगों के फोन आए।
- हार्टमन निवासी सूरज मिश्रा का कहना है की ऐसी स्थिति में स्कूल से बच्चों की छुट्टी करने का निर्णय उचित रहा। लोगों को थोड़ी परेशानी तो हुई ।

कमिश्नर के साथ एडीजी-आईजी ने की पैदल गश्त

बरेली, अमृत विचार : मौलाना तौकीर रजा के नमाज अदा करने के बाद पुलिस अधिकारियों ने शाम को शहर में पैदल गश्त की। कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, एडीजी पीसी मीना और आईजी डॉ. राकेश सिंह समेत भारी पुलिस फोर्स शहर के संवेदनशील इलाकों, मुख्य बाजार और भीड़भाड़ वाले इलाकों से निकला। अफसरों ने सुरक्षा की दृष्टि से चौराहों और महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात पुलिस बल को सतर्क रहने और यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश दिया।

पथराव की सूचना पर डीएम-एसएसपी ने की गश्त

शहामतगंज में पथराव की सूचना पर प्रशासन सक्रिय हुआ। डीएम और एसएसपी ने फोर्स के साथ गल्ला मंडी से साहू गोपीनाथ चौराहे तक पैदल गश्त की। पुलिस फोर्स के साथ दोनों अफसर साहू गोपीनाथ की तरफ लगभग डेढ़ किमी तक आ गए। इसके बाद पुलिस को सतर्कता के साथ शांति और सुरक्षा बनाए रखने के निर्देश देकर लौट गए। उधर, बिहारीपुर पुलिस चौकी के आसपास मस्जिदों पर पुलिस सुरक्षा के बाद भी लोग दहशत में दिखे। एसपी सिटी राहुल भाटी के नेतृत्व में पुलिस, पीएसी और आरएएफ ने शहामतगंज और सैलानी में भीड़ को दूर तक खदेड़ा।

किसान के चेहरे पर धंसा सांड़ का सींग

नवाबगंज,

अमृत विचार : जिले में सांड़ों की पूरी तरह से धरपकड़ नहीं होने से आए दिन सांड़ लोगों पर हमला कर रहे हैं। शुक्रवार को हाफिजगंज में खेत पर काम कर रहे किसान पर सांड़ ने हमला कर दिया। सांड़ ने चेहरे में सींग घुसा दिए, जिससे चेहरा पूरी तरह से खराब हो गया। किसान को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं तहसीलदार ने परिजनों को इलाज में पूरी मदद का आश्वासन दिया है।

हाफिजगंज के ग्राम जमुनिया निवासी छेदालाल (52) शुक्रवार दोपहर में फसल देखने गए थे। अचानक ही उन पर सांड ने हमला कर दिया। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। एसडीएम एन राम ने बताया कि किसान के इलाज के लिए शीघ्र की खर्च की रकम दी जाएगी। वहीं तहसीलदार आशीष कुमार सिंह ने भी गांव पहुंचकर स्थलीय जांच की।

बंदरों के हमले से बच्चा छत से गिरा, हालत गंभीर

भमोरा, अमृत विचार : भमारो में बंदरों के हमले से नौ साल का बच्चा छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। गांव नौगवां ठाकुरान निवासी जय सिंह का बेटा शुभम गुरुवार देर शाम छत पर दोस्तों के साथ खेल रहा था। इस दौरान अचानक बंदरों ने हमला कर दिया, जिससे वह छत पर से गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि बंदरों ने जीना मुश्किल कर दिया है। आए दिन बंदर किसी न किसी पर हमला कर देते हैं। कई बार शिकायत के बावजूद भी बंदरों को नहीं पकड़ा गया।

सिविल लाइंस में कुत्तों ने महिला को दौड़ाकर काटा

बरेली, अमृत विचार : पॉश कॉलोनी सिविल लाइंस में आवारा कुत्तों से लोग परेशान हैं। कुत्ते लोगों को दौड़ाकर काट रहे हैं। कुत्तों ने बृहस्पतिवार को एक महिला को दौड़ाकर पैर में कई जगह काट लिया, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। नगर निगम आवारा कुत्तों को पकड़ ही नहीं रहा है और सिर्फ छुट्टा गोवंशीय पशु ही पकड़ने में जुटा है।

सिविल लाइंस में 40 वर्षीय सावित्री बृहस्पतिवार को एक घर से दूसरे घर में काम करने जा रही थीं। रास्ते में उन्हें आवारा कुत्ते ने दौड़ाकर काट लिया। सावित्री ने बचने का काफी प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हो सकीं। लोगों का कहना है कि कॉलोनी में कुछ लोग आवारा कुत्तों को खाने का सामान देते हैं, जब खाने को नहीं मिलता है तो वह राहगीरों पर झपटते हैं। पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. आदित्य तिवारी ने बताया कि सूचना मिलने पर कुत्ता पकड़ने की टीम भेजी थी लेकिन टीम को कुत्ते मिले नहीं है। अब दोबारा टीम भेजी जाएगी।

क्रॉकरी शोरूम में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : मिनी बाईपास पर कर्मचारी नगर में ग्रोसरी-क्राकरी के शोरूम में शार्ट सर्किट से आग लग गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची तब तक आग ने भीषण रूप ले लिया। करीब 20 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। फायर ब्रिगेड की सात गाड़ियों ने करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान जाम लग गया।

मिनी बाईपास पर अमरपाल सिंह गंगवार की दुकान में सिविल लाइंस निवासी मयंक अग्रवाल का ग्रोसरी, क्राकरी, इलेक्ट्रानिक और किचेन के सामान का रिबेट बाजार नाम से शोरूम है। शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे शोरूम पर एक ही कर्मचारी था। इस दौरान धुआं उठने लगा। कर्मचारी ने देखा कि आग लगी है तो उसने शोरूम मालिक और अग्निशमन विभाग को फोन किया। इस बीच सूचना मिलने पर पीआरवी 3455 पर तैनात आरक्षी सूर्य प्रताप सिंह और अमित कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने कर्मचारी से अग्निशमन यंत्र मांगे लेकिन इतने बड़े शोरूम में अग्निशमन यंत्र नहीं थे। पुलिस कर्मियों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन कर लाइन कटवाई।

तब तक आग ने भीषण रूप ले लिया। शोरूम से लपटें उठने लगीं। मयंक अग्रवाल भी शोरूम पर पहुंच गए। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन वे नाकाफी साबित हुईं। एक बाद एक सात गाड़ियां मौके पर पहुंचीं तब मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग बुझी तब तक दुकान में रखा सामान जलकर राख हो गया। आग बुझने के बाद भी शोरूम से धुंआ उठता रहा। एक अनुमान के मुताबिक शोरूम में करीब 20 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आग लगने के कारण जाम लग गया। करीब चार घंटे तक वाहन फंसे रहे। आग बुझने के बाद जाम खुला, तो आवागमन शुरू हो सका।

क्रॉकरी शोरूम में आग लगने के बाद उठते धुएं के गुबार और बाहर इकट्ठी भीड़। ● अमृत विचार

▸▸ आग लगने से करीब 20 लाख रुपये का हुआ नुकसान

▸▸ शोरूम में नहीं था अग्निशमन यंत्र, घंटों लगा रहा जाम

आईसीआईसीआई बैंक शाखा में मचा हड़कंप

शोरूम के ऊपर आईसीआईसीआई बैंक शाखा है। आग लगने से बैंक कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। गार्ड ने अग्निशमन यंत्रों से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन लपटें ऊंची उठने लगीं। तब बैंक कर्मचारियों की भी हिम्मत जवाब दे गई। सभी बैंक से नीचे आ गए। अधिकारियों के मुताबिक बैंक का सारा सामान सुरक्षित है, लेकिन धुंआ के कारण अंदर कालिख हो गई है।

आग लगने के बाद उड़ने लगीं अफवाहें

शोरूम में आग लगने के बाद दंगे की सूचना फैल गई। लोगों ने फोन करके जानकारी लेनी शुरू कर दी कि दंगे के कारण आग लग गई। पूरा दिन इसे लेकर अफवाहें उड़ती रहीं और लोग एक-दूसरे से फोन कर जानकारी लेते रहे।

शार्ट सर्किट से आग लगी है। दुकान में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है।
–**जय शंकर सिंह**, इंस्पेक्टर इज्जतनगर

दाँतों में तकलीफ
अब कोई चिन्ता नहीं!

ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर

डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ) डायरेक्टर

डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES

डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े
(फ्रैक्चर) दांत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की
सर्जरी के विशेषज्ञ

उपलब्ध सुविधायें
1. शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। 2. दांतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler) 3. हिलते हुए दांतों को जाम करना। 4. दांतों की नसों का इलाज Root Canal Treatment, (Single Siting RCT) 5. मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। 6. दांतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज। 7. सड़े गले दांतों को बना तकलीफ के निकालना (Laser Filling) 8. टेड़े-मेढ़े, ऊँचे-नीचे दांतों का इलाज। (Fix Braces) 9. डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दांत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges) 10. मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) 11. गुटखे की वजह से मुंह कम खुलने का इलाज। 12. एक्सीडेन्टल टूटे जबडे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा 13. एडवान्स एक्स-रे यूनिट Oral Camera, IOPAR, RVG, CBCT, OPG.

Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour

एशिया की नं. 1 लैब द्वारा
दांतों एवं मुख का सम्पूर्ण इलाज।

5 साल से 11 साल के बच्चों की दांतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्र सेना /पुलिस/ ग्राम प्रधान/ स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिर्पोटर/ स्वतंत्रता सेनान

सम्पर्क करें:- 9997317000, 9411632121, 9412738720
निकट प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, पुरानी एम.आर.आई. बिल्डिंग फर्स्ट फ्लोर, बरेली

भुगतान में गड़बड़ी : आदेश के आठ महीने बाद भी जांच नहीं

ब्लॉकों में गड़बड़ी की आशंका पर सीडीओ ने बनाई थी समिति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : कई मामलों की जांच सिर्फ इसलिए आगे नहीं बढ़ रही है कि अधिकारियों के आदेशों को अधीनस्थों ने ही दबा कर रख लिया गया। आठ माह पूर्व सभी ब्लॉकों में आईसीआरपी में हुए भुगतान में गड़बड़ी की आशंका के मद्देनजर सीडीओ ने चार सदस्यीय कमेटी का गठन कर जांच के आदेश दिए थे। जांच अभी तक शुरू नहीं हो सकी है।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत भोजीपुरा, मझगवां आदि ब्लॉकों में महिला समूहों को आईसीआरपी का भुगतान गलती से दूसरे खाते में कर दिया गया था। हालांकि, बाद में रिकवरी हो गई थी।

इस तरह की गड़बड़ियां अन्य ब्लॉकों में तो नहीं हैं, इसका पता लगाने के लिए सीडीओ ने उपायुक्त श्रम रोजगार, उपायुक्त स्वतः रोजगार, सहायक निदेशक मत्सय, लेखाधिकारी रामआसरे की जांच कमेटी गठित की। जल्द से जल्द जांच करने के आदेश दिए मगर अभी तक जांच शुरू ही नहीं की गई है।सीडीओ ने सबसे पहले 26 जून को जांच का आदेश दिया था। इसके बाद 1 सितंबर 2023, 4 अक्टूबर 2023, 29 नवंबर, 7 दिसंबर, 13 दिसंबर को रिमाइंडर भेजा, लेकिन जांच एक कदम आगे नहीं बढ़ी है।

▸▸ आसीआरपी का भुगतान गलती से दूसरे खाते में कर दिया था

मेडिकल पोर्टल पर 244 मामले लंबित, नोडल अधिकारी का रोका वेतन

बरेली, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान योजना के लंबित मामलों को लेकर डीएम रविंद्र कुमार ने सख्ती दिखाई है। उन्होंने मामले में नोडल अधिकारी का फरवरी का वेतन रोकने का आदेश जारी किया है। विकास भवन में डीएम ने जिला संचालन समिति (उप्र. रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष) की समीक्षा बैठक की, इसमें उन्होंने पाया कि महिला एवं बाल सम्मान योजना के मेडिकल पोर्टल पर 244 मामले लंबित हैं। इस पर उन्होंने नोडल अधिकारी एवं चिकित्साधिकारी जिला महिला अस्पताल डॉ. शाफिया प्रसाद का फरवरी का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि मामलों के निस्तारण में तेजी लाई जाए। कहा कि रोजाना 20 मामलों का निस्तारण किया जाए और सीएमओ के माध्यम से रोजाना सूचना दी जाए। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया है कि मेडिकल पोर्टल पर लंबित मामलों से स्पष्ट है कि नोडल अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं कर रही हैं।

Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
MEDICAL
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

ADITYA
डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व सीनियर कंसल्टेंट- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME: 10:00 AM TO 5:00PM
8077344353
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, शहीद भगत सिंह के बराबर, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव

डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुडगांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें 7249939977 7088003322

कैंसर लाइलाज नहीं है।
रोगियों के सफल चिकित्सा के लिये आवश्यक है योग्य चिकित्सक का चुनाव सभी रोगों की चिकित्सा सर्जरी ऑपरेशन ही नहीं है। होम्योपैथी चिकित्सा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित चिकित्सा है। विश्व के 78 देशों में होम्योपैथी चिकित्सा प्रभावित एवं सफल चिकित्सा के रूप में पहचान प्राप्त है।
ब्रेन, न्यूरो, स्पाइन, डाइबिटी, ब्लड प्रेशर, लिवर, गुर्दा, थाइराइड, हृदय, स्त्री रोग
डॉ. जी.एस. पुन्डीर (एम.डी.)
होम्योपैथिक कन्सलटेन्ट
कनिक, क्रिटिकल, इनक्यूरेबिल रोग
होलिस्टिक एडवान्स होम्योपैथी
होम्योपैथी चिकित्सा
एडवान्स होम्योपैथी होलिस्टिक
ए/98-99, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उ.प्र.) M-9359114707

आईजीआरएस में बरेली जिले को प्रदेश में मिली 11वीं रैंक

बरेली, अमृत विचार : आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों के त्वरित निस्तारण में जिले की स्थिति में सुधार हुआ है। प्रदेश में जिले को 11वीं रैंक मिली है।

डीएम रविंद्र कुमार ने रैंकिंग में और सुधार लाने के आदेश अधिकारियों को दिए हैं। दरअसल, आईजीआरएस पर की जाने वाली शिकायतों की निगरानी खुद सीएम करते हैं। यही वजह है कि इसको लेकर अफसर काफी संजीदा रहते हैं।

सीएम कार्यालय से आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से शिकायतों के निस्तारण की जनवरी की जारी रैंकिंग में जिले को प्रदेश में 11 वां स्थान मिला है, जबकि दिसंबर की रैंकिंग में बरेली 27 वें नंबर पर था। रैंकिंग में 16 पायदान पर जिला आगे बढ़ा है।

सिर्फ महिलाओं पर परिवार नियोजन की जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ अप्रैल से जनवरी तक 2977 महिलाओं और सिर्फ 12 पुरुषों ने कराई नसबंदी

▸▸ 15 फरवरी से पहले परिवार नियोजन के लिए लोगों को किया जाएगा जागरूक

अमृत विचार : जिले में परिवार नियोजन की भागीदारी में पुरुष फिसड्डी हैं। महिलाएं ही छोटा परिवार सुखी परिवार की जिम्मेदारी निभा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े इसकी गवाही दे रहे हैं। अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 तक 2977 महिलाओं ने नसंबदी कराई। इसके सापेक्ष महज 12 पुरुष (करीब 0.40 प्रतिशत) नसंबदी कराने को आगे आए। इसी अनुपात को कम करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर परिवार नियोजन को लेकर जागरूक करने के लिए कार्ययोजना तैयार कर रही है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विश्राम सिंह ने बताया कि 15 फरवरी से पहले सभी ब्लॉकों में प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अलावा जिला अस्पताल में शिविर लगाकर स्वास्थ्य कर्मी, आशा, एएनएम परिवार नियोजन के बारे में जागरूक करेंगी। सारथी वाहन भी लोगों को जागरूक करेगा।

इसमें विभिन्न साधनों जैसे अंतरा इंजेक्शन, छाया गोली, माला एनए, कंडोम एवं स्थाई साधन नसबंदी अपनाने पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुरुषों को नसबंदी करवाने पर दो हजार व महिलाओं की नसबंदी करवाने पर 15 सौ रुपये दिए जाते हैं।

94 आंगनबाड़ी केंद्रों की हालत सुधारेंगे अधिकारी

बरेली, अमृत विचार : 94 आंगनबाड़ी केंद्रों को अफसरों ने गोद लिया है। डीएम ने खुद तीन केंद्रों को गोद लिया। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि केंद्रों का निरीक्षण कर हर माह निर्धारित प्रारूप पर सूचना जिला कार्यक्रम अधिकारी को उपलब्ध कराएं।

डीएम रविंद्र कुमार ने ब्लॉक बिथरी चैनपुर के तीन आंगनबाड़ी केंद्र गोद लिए हैं। सीडीओ जगप्रवेश ने क्यारा, एडीएम वित्त एवं राजस्व ने क्यारा, एडीएम प्रशासन ने बिथरी चैनपुर, डीडीओ ने फतेहगंज पश्चिमी, पीडी डीआरडीए ने भोजीपुरा, डीसी मनरेगा ने भोजीपुरा, उपायुक्त श्रम रोजगार ने भोजीपुरा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने फतेहगंज पश्चिमी के तीन केंद्रों को गोद लिया है। इसी तरह से बीडीओ मीरगंज, बीडीओ फरीदपुर, बीडीओ दमखोदा, बाल विकास परियोजना अधिकारी फरीदपुर, जिला बचत अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी दमखोदा, बाल विकास परियोजना अधिकारी मझगवां, खण्ड शिक्षा अधिकारी मझगवां, बाल विकास परियोजना अधिकारी मझगवां, बाल विकास परियोजना अधिकारी नवाबगंज, खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी ने आलमपुर जाफराबाद, खंड शिक्षा अधिकारी आलमपुर जाफराबाद, बाल विकास परियोजना अधिकारी शेरगढ़, खंड शिक्षा अधिकारी भुता, फतेहगंज पश्चिमी, बहेड़ी, भदपुरा, रामनगर, बाल विकास परियोजना अधिकारी भदपुरा, बाल विकास परियोजना अधिकारी रामनगर ने ब्लॉक क्षेत्र के चार आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लिया है।

ब्लॉक के कारण छह ट्रेनों का संचालन होगा प्रभावित

बरेली, अमृत विचार : पीलीभीत-शाही रेल खंड पर समपार संख्या 204/सी पर अंडरपास का कार्य होना है। इस कारण ब्लॉक लिया गया है। इससे छह ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। 05321/05322 बरेली सिटी-टनकपुर-बरेली सिटी, 05386/05329 पीलीभीत-बरेली सिटी-पीलीभीत अनारक्षित विशेष ट्रेन और 05330 पीलीभीत-बरेली सिटी स्पेशल ट्रेन 13 फरवरी को निरस्त रहेगी, जबकि 05327 बरेली सिटी-लालकुंआ अनारक्षित विशेष ट्रेन लालकुंआ के स्थान पर भोजीपुरा में यात्रा समाप्त करेगी ।

एक दिन काम फिर बंद

बरेली, अमृत विचार : नकटिया में चौकी के सामने सड़क बनाने का काम धीमी गति से चल रहा है। एक दिन कुछ काम होने के बाद रुक जाता है।

लोकतंत्र रक्षक सेनानी का निधन



ओम प्रकाश आर्य

बरेली, अमृत विचार : अयोध्या जन्मभूमि आंदोलन के कारसेवक एवं लोकतंत्र रक्षक सेनानी ओम प्रकाश आर्य का शुक्रवार दोपहर एक बजे निधन हो गया।

वह लंबे समय से बीमार थे। उनका अंतिम संस्कार शाम चार बजे राजकीय सम्मान और गार्ड आफ ऑनर के साथ सिटी श्मशान भूमि पर किया गया।

ठंड की वजह से रुकीं 72 सड़कों का निर्माण अब जल्द होगा शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ 15 फरवरी तक डामर की सड़कों के निर्माण पर थी रोक

अमृत विचार : ठंड की वजह से रुकीं 72 सड़कों का निर्माण 15 फरवरी के बाद से शुरू हो जाएगा। अभी तक सिर्फ सीसी रोड ही बनाई जा रही थीं। ठंड की वजह से डामर और पैचवर्क नहीं हो रहा था।

जिले में भमोरा-शहाबाद मार्ग, भोजीपुरा-अगरास मार्ग, बल्लिया-शेरगढ़ समेत कई मार्ग प्रस्तावित हैं। अधिकांश सड़कों पर दिसंबर 2023 में ही काम शुरू कर दिए गए थे, लेकिन ठंड की वजह से 15 फरवरी तक डामर की सड़कों का काम रोक दिया गया था। इंजीनियरों का कहना था कि डामर की सड़क बनाने के लिए कम से कम 16 डिग्री सेल्सियस तापमान होना जरूरी था। लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता नारायण सिंह ने बताया कि अब मौसम सामान्य होने लगा है। तापमान में वृद्धि होने पर सड़कों को बनाने में तेजी की जाएगी। इसके लिए कार्यदायी संस्था और ठेकेदारों को निर्देश दे दिए गए हैं। अफसरों के मुताबिक सर्दी में 192 सीसी सड़क के निर्माण शुरू किया गया था। इनमें अधिकांश जगह काम पूरा हो चुका है।

सीटी स्कैन मशीन की औपचारिक शुरुआत

बरेली, अमृत विचार : तीन सौ बेड अस्पताल में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने सीटी स्कैन मशीन की औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने कहा कि मरीजों को सिटी स्कैन के लिए निजी अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। एडी हेल्थ डॉ. पुष्पालता पंत, एडीएसआईसी डॉ. अल्का शर्मा, सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, प्रभारी डॉ. भानुप्रकाश, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. प्रशांत रंजन आदि मौजूद रहे।

ईवीएम : मास्टर ट्रेनर्स को दिया गया प्रशिक्षण

बरेली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियों ने तेजी पकड़ ली है। शुक्रवार को राजकीय इंटर कॉलेज में सामान्य मास्टर ट्रेनर्स और ईवीएम मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। सुपर मास्टर ट्रेनर्स की ओर से दी गई ट्रेनिंग में ईवीएम से लेकर सामान्य मतदान प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया। इस दौरान सीडीओ जगप्रवेश ने कहा कि सभी ट्रेनर्स चुनाव से संबंधित सभी कार्यों को अच्छी तरीके से समझ लें, क्योंकि चुनाव में इसकी जरूरत उन्हें पड़ेगी। प्रशिक्षण के दौरान किसी मास्टर ट्रेनर को कोई बात समझ में नहीं आती है तो दोबारा से जानकारी कर सकते हैं। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। एडीएम वित्त एवं राजस्व-उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष बहादुर सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह, सुपर मास्टर ट्रेनर्स, मास्टर ट्रेनर्स आदि मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने पर रालोद ने जताई खुशी

बरेली, अमृत विचार : पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने पर राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है। शुक्रवार को चौधरी चरण सिंह पार्क में पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकत्र हुए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मो. मतलूब ने कहा कि भाजपा सरकार ने जिन हस्तियों को भारत रत्न से सम्मानित किया है, उसका स्वागत है। सर्वेश पाठक ने चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। कमलजीत सिंह, शहादत हुसैन, शाकिर मंसूरी, ओमपाल कश्यप, देवदास, अमित शर्मा एड. सुमित शर्मा आदि मौजूद रहे।

अनदेखी | जिले में कुल 142 समितियां, अब तक केवल चार सहकारी समितियों ने पूरी की शर्तें

नहीं चली समितियों में जनऔषधि केंद्र की योजना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ डीफार्मा, बीफार्मा डिग्री धारकों को मानदेय देने पर कई समितियों ने जताई असमर्थता

अमृत विचार : सहकारी समितियों पर ग्रामीणों को सस्ती दरों पर दवाइयां मुहैया करने की योजना परवान चढ़ती नहीं दिख रही है। कुछ समितियों ने डीफार्मा, बीफार्मा डिग्री धारकों को मानदेय देने में असमर्थता जताई है। वहीं बड़ी संख्या में समितियों ने पहल ही नहीं की। अभी केवल चार समितियों ने रुचि दिखाई है। पंजीकरण के बाद इनके दस्तावेज फाइनल हो चुके हैं।

जिले में 147 साधन सहकारी समितियां हैं। शासन की ओर से इन समितियों की आर्थिक दशा सुधारने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जन औषधि केंद्र खोले जाने की तैयारी की जा रही है। अब तक सिर्फ मझगवां, बहेड़ी और नवाबगंज की छह समितियों ने जनऔषधि केंद्र के लिए पंजीकरण कराया। डीफार्मा या बीफार्मा डिग्री धारक को अपने पास से मानदेय देने की बात पर इनमें दो समितियों ने हाथ खड़े कर दिए। बाकी समितियों ने कोई पहल ही अब तक नहीं की है।

एआर कोआपरेटिव अनिल कुमार ने बताया कि सभी शर्तों को पूरा करने के बाद चार सहकारी समितियों को जल्दी ही स्टोर कोड मिल जाएगा। स्टोर कोड मिलने के बाद औषधि विभाग की तरफ से इनको लाइसेंस जारी किया जाएगा। जनऔषधि केंद्र पर लोग जुकाम, बुखार, दर्द सहित अन्य बीमारियों के लिए सस्ती दवा खरीद सकेंगे। सर्वाधिक लाभ सीधे तौर पर किसानों को मिलेगा क्योंकि किसान समिति से खाद, बीज, कीटनाशक दवा लेने पहुंचते हैं। समितियां दवाइयों की बिक्री से होने वाले लाभांश से आर्थिक रूप से मजबूत होंगी।

80 फीसदी तक सस्ती होती हैं जेनेरिक दवा

जन औषधि केंद्र पर मिलने वाली जेनेरिक दवा जिस सॉल्ट से बनती है, उसी नाम से जानी जाती हैं। जैसे बुखार में काम आने वाले पैरासीटामॉल सॉल्ट को कोई कंपनी इसी नाम से बेचे तो इसे जेनेरिक दवा ही कहेंगे। वहीं जब इसे किसी ब्रांड के नाम से बेचा जाता है तो उस कंपनी की ब्रांडेड दवा कहलाती है। ब्रांडेड के मुकाबले जेनेरिक दवा 80 फीसदी तक सस्ती होती है।

तेज हवाओं से तीन दिन बाद मिल सकती है राहत

बरेली, अमृत विचार : तेज हवाओं की वजह से पिछले तीन दिन से धूप बेअसर हो रही है। शुक्रवार को हवा की रफ्तार कम रही लेकिन इसके बावजूद दिन और रात में तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

मौसम विभाग ने 12 फरवरी के बाद प्रदेश में एक बार फिर मौसम में बदलाव का पूर्वानुमान जताया है। इसके बाद हवाओं से राहत मिलने की उम्मीद है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान में सामान्य से चार डिग्री कम 19.8 और न्यूनतम तापमान तीन डिग्री कम 7.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि गुरुवार को अधिकतम तापमान 21 और न्यूनतम 9.3 डिग्री था।

रोजगार समाचार का रहता था इंतजार... वो जमाना कुछ और था

मार्केट में आ तो अब भी रहा है रोजगार समाचार पत्र लेकिन पहले की तरह नौकरियों की सूचनाएं नहीं इसलिए खरीदने वाले भी नहीं

शब्या सिंह तोमर, बरेली

अमृत विचार : आज की युवा पीढ़ी को शायद ही पता हो कि किसी जमाने में रोजगार समाचार पत्र का कितना क्रेज था। हर सप्ताह आने वाले इस समाचार पत्र में सरकारी नौकरियों की भरमार होती थी। शायद ही कोई बुक स्टॉल होता हो, जिस पर रोजगार समाचार न बिकता हो। कई बार आते ही सारी प्रतियां बिक जाने से युवाओं को मायूस होना पड़ता था लेकिन अब वह बात नहीं है। रोजगार समाचार पत्र न अब उतनी नौकरियों की सूचनाएं हैं, न उसे कोई खरीदने वाला है। शहर के गिने-चुने स्टॉलों पर अब दो-चार प्रतियां ही बिक पाती हैं।

कहने को कहा जा सकता है कि अब ऑनलाइन सूचनाओं का जमाना है, इसलिए रोजगार समाचार पत्र की भी मांग कम हो गई है लेकिन सिर्फ ऐसा ही नहीं है। करीब 48 पेज का रोजगार समाचार पत्र अब भी मार्केट में आ रहा है लेकिन अब उसमें सामान्य स्तर की नौकरियों की सूचना नहीं है। राज्य सरकार के अधीन नौकरियों का तो नाम तक नहीं है। इसी वजह से इसकी कोई मांग नहीं रह गई है। ज्यादातर बुक स्टॉल वालों ने इसे रखना तक बंद कर दिया है।

42.3 फीसदी 25 साल से कम उम्र के युवा ग्रेजुएट बेरोजगार हैं देश में

1976 में हुई शुरुआत

48 पेजों के इस समाचार पत्र की शुरूआत 1976 में हुई थी। तब उसकी कीमत 25 पैसे थी। अब इतने ही पेज के रोजगार समाचार पत्र की कीमत 12 रुपये हो चुकी है। यह अखबार हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी समेत तीन भाषाओं में आता है। इसका ऑनलाइन संस्करण भी मौजूद है जिसका मूल्य चार सौ रुपये वार्षिक है। अपडेट चाहिए तो 530 रुपये का सब्सक्रिप्शन मिलता है।

ताजा अंक का हाल

रोजगार समाचार के ताजा अंक में 48 पेजों देश भर में करीब 16 सौ रिक्तियों की सूचना हैं जिनमें अधिकांश रिक्तियों पर भर्ती के लिए अनुभव का अनिवार्यता लागू की गई है। युवाओं के लिए सीधी भर्ती के अवसर न के बराबर हैं। पहले इसमें सभी राज्यों में रोजगार के अवसरों की सूचना होती थी, अब सिर्फ केंद्रीय विभागों की ही रिक्तियां दी जाती हैं।

ये सूचनाएं भी होती थीं रोजगार समाचार में

एक समय में रोजगार समाचार में नौकरियों की सूचनाओं के साथ आवेदन का फार्मेट, तैयारी के लिए उपयुक्त किताबें, सिलेबस और रिजल्ट जैसी जानकारी भी युवाओं को मिलती थी।

अब कोई नहीं पूछता...

पहले भी यह तब बिकता था जब वैकेंसी आती थीं। अब सबकुछ ऑनलाइन उपलब्ध है। उतनी नौकरियां भी नहीं हैं। हमने इसे रखना बंद कर दिया है। – **अरविंद**, पुस्तक विक्रेता

अब सारी जानकारी आसानी से ऑनलाइन मिल जाती है। इसलिए रोजगार समाचार की मांग न के बराबर है।हमने इसे रखना भी बंद कर दिया है। – **केके नारंग**, पुस्तक विक्रेता

हम रोजगार समाचार की कॉपियां रखते हैं लेकिन इसकी मांग बाजार में बहुत कम रह गई है। कई–कई दिन में कभी कोई ग्राहक इसे पूछने आता है। – **महेंद्र**, पुस्तक विक्रेता

स्थापना दिवस पर कल से होंगी खेल प्रतियोगिताएं

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के 49वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 11 फरवरी से खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके लिए रेफरी और अम्पायर निर्धारित कर दिए गए हैं।

क्रीड़ा सचिव प्रो. आलोक श्रीवास्तव के मुताबिक 11 फरवरी को पारंपरिक खेल गिल्ली डंडा, सम्पोलिया और कंचा, 12 व 14 को रस्साकसी, कबड्डी, वालीबॉल, टेबल टेनिस, 13 व 14 को शूटिंग, 13 को म्यूजिकल चेयर व क्रिकेट, 13 व 14 को दौड़ और बैडमिंटन होंगे। इन प्रतियोगिताओं में शिक्षक, कर्मचारी और विश्वविद्यालय परिसर के छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे।

एलएलबी परीक्षा के दौरान भिड़े छात्र, कॉपी छीनने की कोशिश

बरेली कॉलेज : कॉपी दिखाकर नकल न कराने पर हुआ विवाद

कार्यालय संवाददाता,बरेली

अमृत विचार : बरेली कॉलेज में एलएलबी की परीक्षा के दौरान कक्ष में दो छात्र आपस में भिड़ गए। एक छात्र ने दूसरे छात्र से कॉपी दिखाने के लिए कहा, जब छात्र ने मना किया तो उसकी कॉपी छीनने की कोशिश की। सचल दल ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत किया। इसके बाद छात्रों को अलग-अलग कक्ष में बैठाया गया। वहीं शिक्षक संघ का कहना है कि अभी भी कॉलेज में नकल पर रोक नहीं लग पा रही है।

एलएलबी और बीएएलएलबी विषम सेमेस्टर की परीक्षा 1 फरवरी से शुरू हुई हैं। एलएलबी तृतीय और पंचम सेमेस्टर की परीक्षा समाप्त हो गईं और 10 फरवरी तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा समाप्त हो जाएगी। 12 फरवरी को बीएएलएलबी की परीक्षा समाप्त हो जाएगी। जब से परीक्षा शुरू हुई है, तब से बरेली कॉलेज में छात्र नकल करते पकड़े जा रहे हैं। कॉलेज में नकल की भरमार मिल रही है। शुक्रवार को परीक्षा के दौरान प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने नकल रोकने के लिए सख्ती की। एक कक्ष में एक नेता ने दूसरे छात्र की कॉपी से देखकर नकल करने की कोशिश की। इस पर छात्र ने विरोध किया तो नेता ने कॉपी छीनने की कोशिश की। इससे दोनों में नोकझोंक हो गई। इसके बाद प्रॉक्टोरियल बोर्ड मौके पर पहुंचा और मामले को शांत किया। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि जबरन कॉपी देखने के विरोध पर दो छात्रों में नोकझोंक हुई थी। दोनों को अलग-अलग कक्षा में बैठाया गया।

बरेली कॉलेज में परीक्षार्थियों की तलाशी लेते शिक्षक। ● अमृत विचार

प्रश्न पत्र लीक होने के कारण रद्द बीएएमएस की परीक्षा अब 17 को

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 20 जनवरी को गजरौला के केंद्र पर लीक हुआ था पेपर
- पेपर लीक मामले की तीन सदस्यीय समिति कर रही है जांच

अमृत विचार : गजरौला के केंद्र पर बीएएमएस का प्रश्नपत्र लीक होने के बाद रद्द की गई परीक्षा अब 17 फरवरी को होगी। रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने 16 फरवरी को परीक्षा पूरी होने के बाद की तिथि निर्धारित की है। वहीं विश्वविद्यालय जल्द ही नर्सिंग और पैरामेडिकल की परीक्षा के समय में बदलाव कर सकता है।

20 जनवरी को गजरौला में बीएएमएस की परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र से मिलते-जुलते प्रश्नों की पर्ची लीक हुई थी। इसके बाद विश्वविद्यालय ने तुरंत परीक्षा निरस्त कर दी थी। विश्वविद्यालय ने गजरौला के केंद्र से प्रश्नपत्र लीक होने की संभावना के चलते केंद्र भी बदल दिया था। इस मामले की विश्वविद्यालय की तीन सदस्यी समिति जांच कर रही है। समिति की रिपोर्ट के बाद इस मामले में कोई कार्रवाई हो सकती है। अब विश्वविद्यालय ने निरस्त परीक्षा को 17 फरवरी को कराने का निर्णय लिया है।

बरेली कॉलेज में एमकॉम की मिड टर्म 12 से होंगी शुरू

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में एमकॉम प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की मिड टर्म परीक्षा 12 फरवरी से शुरू होंगी। विभागाध्यक्ष प्रो. भूपेंद्र सिंह ने बताया कि **एमकॉम प्रथम सेमेस्टर**–एडवांस्ड मैनेजमेंट अकाउंटिंग और बिसनेस रिसर्च मैथोडोलॉजी की परीक्षा 12 फरवरी, स्टेटिस्टिकल मेथेड्स और मैनेजेरियल इकोनॉमिक्स की 13 फरवरी को होगी। इसके अलावा **एमकॉम तृतीय सेमेस्टर**– एडवांस्ड फाइनेंशियल मैनेजमेंट और ई–कॉमर्स की परीक्षा 15 फरवरी और एडवरटाइजिंग एंड सेल्स मैनेजमेंट और स्टेटिक मैनेजमेंट की 16 फरवरी को होगी। परीक्षा सुबह 9 बजे से होगी लेकिन छात्रों को विभाग में 8:30 बजे उपस्थित होना होगा।

कबड्डी के खिलाड़ियों ने दिखाया दम

बरेली, अमृत विचार : स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित ग्रामीण खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन कबड्डी के खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। खेल देरी से शुरू हुए। इस वजह से दूसरे जिलों से आए खिलाड़ियों को इंतजार करना पड़ा। कबड्डी में बिजनौर और पीलीभीत के खिलाड़ी विजयी रहे। अन्य खेलों में जूडो, वेटलिफ्टिंग देर शाम यूनिवर्सिटी में हुए। समापन पर जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। जिला युवा कल्याण अधिकारी हरि प्रेम, एनके सिंह आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

बरेली कॉलेज में स्मार्ट क्लास का उद्घाटन

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में शुक्रवार को स्मार्ट क्लास का प्रबंध समिति के सचिव देवमूर्ति और सदस्य जेएन सक्सेना ने उद्घाटन किया। प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष काजी मुल्ला और बोर्ड ऑफ कंट्रोल की सचिव रजनी अग्रवाल ने भविष्य में ऐसे प्रयासों के लिए सहयोग देने का वादा किया। सदस्य डॉ. एके चौहान, इंजीनियर सुभाष मेहरा, डॉ. विजय यादव, डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने भविष्य में और स्मार्ट क्लासों की योजना को कार्य रूप देने के लिए प्रबंध समिति के सचिव से आग्रह किया गया। स्मार्ट क्लास की स्थापना स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों के निदेशक प्रो. अनुराग मोहन के प्रयासों से हुई। इस मौके पर चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे, प्रो. वीपी सिंह, प्रो. स्वदेश सिंह, स्थापना प्रभारी दयाराम, प्रो. राजेंद्र सिंह, डॉ. बीनम सक्सेना, डॉ. एपी सिंह मौजूद रहे।

फ्यूचर के एमबीए के छात्रों का नौकरी के लिए चयन

बरेली, अमृत विचार : फ्यूचर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स के एमबीए के छात्रों का एचडीएफसी म्यूचल फंड में चयन हुआ है। तीन चरणों में पहले कंपनी के एचआर ने प्रजेन्टेशन राउंड लिया। इसके बाद ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू हुआ। चयनित छात्रों में एकांश गुप्ता, रंजीत सिंह, विनय मौर्य आदि शामिल रहे। इस मौके पर संस्थान के चेयरमैन मुकेश गुप्ता, मैनेजिंग डायरेक्टर दीप गुप्ता और प्लेसमेंट विभाग ने चयनित छात्रों को बधाई दी। उन्होंने असफल छात्रों को हताश न होने और भविष्य में मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

फुटबॉल टूर्नामेंट में झुमका सिटी एफसी विजेता

बरेली, अमृत विचार : उत्तराखंड परिवार बरेली की ओर से एनएमसी ग्राउंड पर देव भूमि सिक्स ए साइड फुटबॉल टूर्नामेंट में शुक्रवार को फाइनल हुआ। टूर्नामेंट की शुरुआत एनईआर मेंस कांग्रेस के अध्यक्ष रजनीश तिवारी ने की। टूर्नामेंट के आयोजक निष्कर्ष सिंह कंडारी ने बताया कि टूर्नामेंट में कुल 14 टीमों ने भाग लिया। इसमें फाइनल मैच झुमका सिटी एफसी और मेथोडिस्ट एफसी के बीच खेला गया। निर्धारित समय के बाद पेनल्टी शूट आउट में 3–2 से झुमका सिटी एफसी ने जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में मेथोडिस्ट एफसी द्वितीय, योगी एफसी तीसरे स्थान पर रही। विजेता और उपविजेता टीमों को नकद पुरस्कार के साथ सम्मानित किया गया। रितू लखेड़ा, संध्या रावत, वीके धामी, विदेश्वरी, शोभा, राजेश राव, मंजूर हसन, पुनीत कुमार, अविनाश शर्मा, पंकज कुमार, अर्पित आदि मौजूद रहे।

बरेली कॉलेज में सछास ने किया घेराव

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में शुक्रवार को समाजवादी छात्र सभा (सछास) के कार्यकर्ताओं ने कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. पंपा गौतम का घेराव किया। कार्यकर्ताओं ने दो दिन पर एलएलबी परीक्षा के दौरान छात्र के साथ शिक्षक के द्वारा अभद्रता करने का भी विरोध जताया।

इसके अलावा कहा कि कुछ शिक्षक नेता एलएलबी छात्रों को नकल के नाम पर बदनाम कर रहे हैं। घेराव करने वालों में मुकेश यादव, हृदेश यादव, करण सिंह, उपेंद्र पटेल, कुलदीप यादव, गौरव पाण्डेय, देव सिंह कुशवाहा, विमल सिंह, अनुज सिंह, सौरभ यादव, कुलदीप सिंह मौजूद रहे।

स्कूलों में छात्रों का शोषण रोकेगी निगरानी कमेटी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विद्यालयों में निगरानी कमेटी गठित करने का डीआईओएस ने दिया निर्देश
- छात्रों से शारीरिक निकटता या प्रलोभन देने पर होगी कड़ी कार्रवाई

अमृत विचार: निजी, सहायता प्राप्त व सभी सरकारी स्कूलों में छात्रों का किसी भी प्रकार का शोषण रोकने को निगरानी कमेटी का गठन किया जाएगा। इस संबंध में शुक्रवार को डीआईओएस ने सभी स्कूलों को पत्र जारी दिया। पत्र में इस दिशा में स्कूलों को जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं।

डीआईओएस देवकी सिंह ने पत्र में कहा कि छात्रों के साथ अध्यापकों का व्यवहार संयमित होना चाहिए। किसी भी दशा में शारीरिक निकटता की स्थिति, प्रलोभन देने या अवांछित रूप से पक्षपात पूर्ण व्यवहार पाए जाने पर शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्कूलों में शिक्षा के लिए अनुकूल वातावरण होना चाहिए। सुबह प्रार्थना सभा में कक्षा मॉनिटर और अध्यापक रुपरेखा तैयार कर किसी भी विषय पर वार्ता का आयोजन कराएंगे। प्रधानाध्यापक की अध्यक्षता में निगरानी कमेटी का गठन किया जाएगा। इस संबंध में डीआईओएस ने बताया कि बच्चों की शिक्षा के लिए अनुकूल वातावरण और सुरक्षा के मद्देनजर सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जिसका कड़ाई से पालन करने को कहा है। इसमें ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अंशकालिक शिक्षक व कर्मचारी का पुलिस सत्यापन जरूरी

पत्र के अनुसार स्कूल में रखे गए अंशकालिक व पार्टटाइम अध्यापक या कर्मचारी का पुलिस सत्यापन जरूरी है। बिना पुलिस सत्यापन के किसी भी कर्मचारी की नियुक्ति स्कूल में नहीं होनी चाहिए। स्कूल संचालन के दौरान सभी कक्षों की खिड़कियों और दरवाजों को भी खुला रखने को कहा गया है।

अग्रवाल सभा 18 को लगाएगी नेत्र शिविर

बरेली, अमृत विचार : श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसाइटी 18 फरवरी को श्रीकृष्ण लीला स्थल प्रेम नगर में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित करेगी। शुक्रवार को हुई कार्यकारिणी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। शिविर में चयनित निर्धन मरीजों के आपरेशन निशुल्क किए जाएंगे। इस मौके पर अजय कुमार अग्रवाल, उमानाथ अग्रवाल, दिनेश कुमार अग्रवाल, विजय कृष्ण गोयल, सुधीर अग्रवाल, देवेश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, आशुतोष गोयल, पंकज अग्रवाल, एड अनुपम अग्रवाल, विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।

डॉ. फैज शम्सी ने बॉयो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट पर की पीएचडी

बरेली, अमृत विचार : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय से डॉ. फैज शम्सी ने बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में पीएचडी की। उन्होंने रुहेलखंड क्षेत्र के अस्पतालों में बॉयोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट पर शोध किया। पीएचडी से पहले उन्होंने बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी और हॉस्पिटल मैनेजमेंट में एमबीए किया है। उन्होंने बताया कि वह उच्च शिक्षा के महत्व और ज्ञान की प्राप्ति में संशोधनीय मुद्दों को समाधान करने और कई क्षेत्रों में नई प्रेरणा को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पहले से डॉक्टर होने के बावजूद उन्होंने पीएचडी इसलिए की क्योंकि हर डिग्री और हर स्तर की पढ़ाई का एक अलग महत्व है। इससे उनकी एडमिनिस्ट्रेशन करने की क्षमता मैं और इजाफा हुआ। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन डॉ. केशव अग्रवाल, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज प्रेसिडेंट डॉ. अशोक अग्रवाल, मेंटर डॉ. राजकमल, डॉ. सरकार, माता पिता, पत्नी हुदा, बेटी हानिया और बेटे जोहान को श्रेय दिया है। बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलपति और सह कुलपति ने शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

वर्तमान शैक्षिक सत्र से 50 फीसदी शोधार्थी करेंगे विभिन्न उद्योगों में शोध

- आईवीआरआई में उद्योग-अकादमिक शृंखला के तहत हुई पांचवीं बैठक

बरेली, अमृत विचार : भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में उद्योग-अकादमिक शृंखला के तहत शुक्रवार को पांचवीं बैठक ऑनलाइन और आफलाइन मोड में हुई। इसमें 37 उद्योग प्रतिनिधियों समेत 90 से अधिक लोगों भाग लिया।

इस मौके पर निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने कहा कि मौजूदा अकादमिक सत्र से ही लगभग 50 प्रतिशत शोधार्थियों को विभिन्न उद्योगों में शोध के लिए भेजा जाएगा। उद्योगों और संस्थाओं के एक साथ कार्य करने से दोनों को लाभ होगा। संयुक्त निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. रूपसी तिवारी ने बताया कि उद्योगों ने संस्थान की ओर से विकसित प्रौद्योगिकियों में अपनी गहरी रुचि दिखाई है। कई कंपनियों ने गोट मिल्क रिपलेसर, सुअर पालन प्रशिक्षण, एआई, वर्मीकम्पोस्टिंग, चारा पूरक उत्पादन तकनीक को अपनाने पर विचार किया है। डॉ. प्रेमांशु दंडपत, डॉ. एसके सिंह, डॉ. केपी सिंह, डॉ. एसके मेंदीरत्ता, डॉ अरनब सेन, डॉ. पल्लव चौधरी, डॉ शुभाशीष बंधोपाध्याय मौजूद रहे।

डाटा अपलोड न करने पर तीन पीएचसी के स्टॉफ का वेतन रोका

बरेली, अमृत विचार : सीएचसी, पीएचसी और अर्बन हेल्थ सेंटर के स्टाफ ने हेल्थ मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) पोर्टल मासिक डाटा अपलोड नहीं किया। इस पर तीन पीएचसी के स्टॉफ का वेतन रोक दिया गया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि सिविल लाइंस, पुराना शहर और बानखाना पीएचसी के स्टाफ का वेतन रोका गया है। उन्होंने सभी केंद्रों को माह की पांच तारीख तक डाटा अपलोड करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

इनरव्हील क्लब ने गृह उद्यमी गीता को किया सम्मानित

बरेली, अमृत विचार : इनर व्हील क्लब बरेली नार्थ के पच्चीस वर्ष पूरे होने पर डीडीपुरम स्थित निजी होटल में शुक्रवार को कार्यक्रम हुआ। इस दौरान जहां क्लब के काम को सराहा गया, वहीं, क्लब की अधिकारिक समीक्षा कानपुर की इनर व्हील क्लब की मंडलाध्यक्ष संध्या गुप्ता ने की। इस मौके पर गृह उद्यमी गीता को सम्मानित किया गया। गीता घर से ही फूड स्नैक जैसे नमकीन,समोसे, चिप्स,पापड़ आदि बनाने का कार्य करती हैं। 2018 से पहले गीता की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। इस बीच गीता क्लब की सदस्य अंशु अग्रवाल से जुड़ीं। उन्होंने गीता का सामान क्लब की सदस्यों से खरीदने और उन्हें प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया। इस वक्त गीता फूड स्नैक खुद बनाकर होम डिलीवरी के लिए भेजती हैं। क्लबों के जरिये स्टाल भी लगाती हैं। गीता के पति को दो बार पैरालिसिस को अटैक पड़ चुका है। उनके कंधों पर पूरे परिवार की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में सीमा अग्रवाल, रूबी, गीताली, रिचा, प्रीति, रितु, नेहा, मीनू, सपना, सुमेधा, अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

बोर्ड परीक्षा की तैयारी तेज , 12 परीक्षा केंद्रों के व्यवस्थापकों को दी गई उत्तर पुस्तिकाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दो-तीन दिन के अंदर 133 केंद्रों बांटी जानी हैं उत्तर पुस्तिकाएं

अमृत विचारः यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाएं निर्बाध कराने के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण शुरू हो गया। शुक्रवार की शाम तक जिले के 12 परीक्षा केंद्रों को उत्तर पुस्तिकाएं दी गईं। केंद्र व्यवस्थापक राजकीय इंटर कॉलेज से उत्तर पुस्तिकाओं को अपने वाहनों से ले गए। जीआईसी के प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने बताया कि दो-तीन दिन में सभी 133 परीक्षा केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण हो जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक 12 फरवरी से प्रश्नपत्रों का वितरण भी शुरू करा दिया जाएगा।

परीक्षा केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं के पहुंचने के साथ हीं केंद्र व्यवस्थापकों की जिम्मेदारी बढ़ गई है। सभी उत्तर पुस्तिकाएं 24 घंटे सीसीटीवी की निगरानी में रहेंगी। डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि सभी केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश प्रधानाचार्यों को दिए गए हैं। सभी उत्तर पुस्तिकाओं को निर्धारित रूपरेखा के अनुसार ही सुरक्षित रखा जाना है। उत्तर पुस्तिकाओं की संख्या में गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

47 लाख लोगों को खिलाई जाएगी फाइलेरियारोधी दवा

बरेली, अमृत विचार : साल 2027 तक फाइलेरिया मुक्त भारत के लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य से जिले में शनिवार से फाइलेरिया अभियान की शुरुआत की जाएगी। सीएमओ डा. विश्राम सिंह ने बताया कि विभाग की ओर से तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। नोडल अधिकारी डा. प्रशांत रंजन ने बताया कि 47 लाख लोगों को फाइलेरियारोधी दवा खिलाने का लक्ष्य है। जिसके लिए 3890 टीम बनाई गई हैं | एक दिन में एक टीम कम से कम 25 घरों का भ्रमण कर लाभार्थियों को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराएगी। इन टीमों के पर्यवेक्षण के लिए 783 सुपरवाइजर नियुक्त किए हैं।

श्री बालाजी धाम में आज होगा भंडारा

कैंट, अमृत विचार : एमईएस कॉलोनी फेज 2 स्थित मंदिर श्री बालाजी धाम में 24वां तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा है। गुरुवार शाम शुरू हुई श्री रामचरित मानस अखंड पाठ का शुक्रवार को विश्राम हुआ। इसके बाद रामायण आरती संपन्न कराई गई। महंत अनिल अग्रवाल और केपी सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को मंदिर में 9 बजे से भजन कीर्तन, हवन पूजा के बाद दोपहर 1 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

SBFC
एस.बी.एफ.सी. फाईनेंस लिमिटेड
पता : यूनिट नं. 103, प्रथम तल सी एंड बी स्क्वॉयर, संगम कॉम्पलेक्स, 127, अंधेरी कुरला रोड, ग्राम चकला, अंधेरी (ईस्ट), मुम्बई 400059
टेलीफोन : +91 22 67875300
फैक्स : +91 22 67875334, www.sbfc.com
CIN NO. : U67190MH2008PTC178270
सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने दिनांक 20 दिसम्बर 2023 को बरेली शाखा स्थानान्तरित करने की सूचना अखबार में दी थी जो गलत थी सही दिनांक 19.03.2024 है। इस असुविधा के लिए हम खेद व्यक्त करते हैं।
नोट : अन्य जानकारी यथावत रहेगी।
हमारी नई शाखा का पता :
एस.बी.एफ.सी. फाईनेंस लिमिटेड
ए-24, ग्राउंड फ्लोर,दीन दयाल पुरम,बरेली-243001 (यू.पी.)
सम्पर्क सूत्र-9136950325

शर्मायें नहीं सम्पर्क करें
हर उम्र में
ताकत
रुकावट
बवासीर
बे-औलाद
शुक्राणुओ
की कमी
हर तरफ से निराश स्त्री पुरुष गुप्त रोगी मिलें
शुगर
जोडों का दर्द

GMP & ISO CERTIFIED Co.
डा. शेख
क्या आप बचपन में की गई गलतियों के कारण अपना वैवाहिक जीवन बर्बाद हो गया है और जगह जगह इलाज करा करा परेशान हो चुके हैं या डाक्टर, हकीमों से हट चुका है तो एक बार हिन्दुस्तान के जाने माने यौन रोग चिकित्सक डा.शेख से सम्पर्क करें डा. शेख को अच्छे इलाज के लिये अनेको अवार्डो से सम्मानित किया जा चुका है जैसे
Gold Medalist Best Sexologist in india
Pride of Country Kohinoor A Tibb
Chikitask Ratan Manav Sewa Ratan
Ahinsha Dharam Ratan
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया
बरेली
9837023223

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दों Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल
(काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

भाई ने पांच साल की बहन को पीटा, पुलिस पर किया पथराव

दो घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया

संवाददाता, गुलड़िया

अमृत विचार : एक सिरफिरे युवक ने पांच साल की बहन को छत पर पटक-पटक कर बेरहमी से पीटा। इससे वह बेहोश हो गई। उसे बचाने का राहगीरों और ग्रामीणों ने प्रयास किया तो उसने छत से पथराव कर दिया। पुलिस ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आरोपी को हिरासत में लिया। बेहोश हो चुकी बच्ची को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। वहीं बच्ची की पिटाई का वीडियो वायरल हो रहा है।

सिरौली के गांव भीमपुर कठौती का निवासी सूरज शुक्रवार शाम करीब छह बजे गर्भवती पत्नी आरती को कमरे में बंद कर डंडे से पीट रहा था। चीख सुनकर उसकी पांच साल की बहन नन्ही मां आशा को बुलाकर ले आई। इस बात से आक्रोशित होकर वह बहन को पकड़कर छत पर ले गया और बेरहमी से पीटने लगा। युवक की क्रूरता देख सड़क से गुजर रहे राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई। इस पर युवक ने भीड़ पर छत से पथराव किया। ग्रामीणों ने डायल 112 बुला ली। उसने पुलिस पर भी पथराव किया। हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। पीआरबी कर्मियों ने सिरौली पुलिस बुलाई और किसी तरह छत पर चढ़कर आरोपी को हिरासत लिया। बच्ची को अस्पताल भेजा। इंस्पेक्टर सिरौली राजेश कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

बहन की पिटाई करता युवक।

पथराव के बाद मौके पर जमा लोग।

▸▸ बच्ची की पिटाई का वीडियो हुआ वायरल

तीन गैंगस्टर की 1.31 करोड़ की संपत्ति होगी जब्त

बरेली, अमृत विचार : डीएम ने मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में पकड़े गए तीन आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई कर अवैध तरीके से अर्जित की गई संपत्ति को जब्त करने का आदेश दिया है। जब्त की जानी वाली संपत्ति की कीमत 1.31 करोड़ 17 हजार 516 रुपये बताई जा रही है।

दरअसल, फरीदपुर थाना क्षेत्र के ऊंचागांव निवासी बाहर अली, पढेरा निवासी अतहर अली और मुर्शीद को पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया था। जांच में पता चला कि तीनों ने अवैध तरीके से धन अर्जित कर संपत्तियां खरीदी हैं। डीएम ने मामले में तीनों पर गैंगस्टर की कार्रवाई करते हुए अवैध तरीके से जुटाई गई संपत्ति को जब्त करने का आदेश। एसएसपी की आख्या के आधार पर डीएम ने यह कार्रवाई की है। गैंगस्टर के आरोपी बाहर अली की पांच संपत्तियां, अतहर अली की दो और मुर्शीद की चार अचल संपत्तियां जब्त होंगी।

शादी समारोह से कार ले गए चोर, रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : शादी समारोह में शामिल होने आए बदायूं के युवक की कार लेकर चोर फरार हो गए। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बदायूं के दातागंज निवासी सुनील गुप्ता ने बताया कि छह फरवरी को एक होटल में शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए थे। वह होटल में थे, इसी दौरान उनकी कार कोई ले गया।

बिजली कर्मी बताकर 51 हजार ठगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : सर्किट हाउस के पास बिजली विभाग के कार्यालय में बिल कम कराने का बहाने करके एक व्यक्ति से 51 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। पीड़ित ने एसएसपी कार्यालय में शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर थाना बिथरी चैनपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

▸▸ बिल कम कराने का बनाया बहाना, रिपोर्ट दर्ज

बिथरी चैनपुर के गांव परसौना निवासी मुस्तकीम ने बताया कि उनका अक्टूबर तक का 74 हजार 285 रुपये बिजली बिल बकाया था। बिल जमा करने के लिए वह सर्किट हाउस स्थित बिजली विभाग के कार्यालय में गए। वह लाइन में लगे थे कि तभी अंशुमन मिश्रा उनके पास आया और कहा कि वह बिजली विभाग में संविदा कर्मी है। उसकी पहुंच अधिकारियों से है। वह 20 से 25 प्रतिशत तक बिल कम करा सकता है। उसके झांसे में आकर मुस्तकीम ने उसे एक हजार रुपये दे दिए। इसके बाद उसने कई बार में उनसे 51 हजार रुपये ले लिए और शून्य रुपये के बिल भुगतान की रसीद दे दी। इसके बाद जब वह दिसंबर में बिल जमा करने गया तो काउंटर पर मौजूद कर्मचारी ने बताया कि तुम्हारा 74 हजार 622 रुपये का बिल बकाया है। इस पर उन्होंने अंशुमन से बात की, तब उसने कहा कि वह बिल जमा करा देगा, लेकिन आरोपी ने बिल जमा नहीं किया। मांगने पर रुपये भी वापस नहीं किए। वह कई और लोगों से भी ठगी कर चुका है। शिकायत पर बिथरी चैनपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

हमले के आरोपी की जमानत खारिज

विधि संवाददाता, बरेली : जमानत पर रिहा होकर पीड़िता से जुड़े लोगों को धमकाने और जिम मालिक पर हमला करने के आरोपी कैंट लाल फाटक निवासी हर्ष राज सिंह की जमानत स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट राम दयाल ने खारिज कर गैर जमानती वारंट जारी कर सुनवाई को 16 फरवरी की तिथि नियत की है। सरकारी वकील सुभव कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़िता की मां ने कोर्ट में अर्जी देकर बताया था कि आरोपी ने घर में घुसकर नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ की थी। इसपर उन्होंने 1 अक्टूबर 2023 को थाना इज्जतनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी हर्ष राज 28 नवंबर 2023 को जमानत पर छूट गया था। बेटी जिम जाती है, जिम मालिक से बेटी के बारे में आरोपी ने जानकारी मांगी। मना करने पर धमकी दी। 27 जनवरी को आरोपी ने सौ फुटा रोड पर तमंचे से फायर किए थे, जिससे जिम मालिक की गाड़ी के शीशे टूट गए। उन्हें चोटें आईं। पीड़िता डर से विद्यालय नहीं जाती है।

Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
RISAA IVF
दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में

परामर्श शुल्क
₹200/- ₹100/-
प्रत्येक सोमवार
प्रातः 09:00 से 03 बजे तक
अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
हेल्पलाइन नं०
6398018900
उपलब्ध सुविधायें :-
● निःसन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें, ● टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
● इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, ● ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
● उच्चतम सफलता दर, ● विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11

कार का शीशा तोड़ कर दो लाख रुपये चुराए

बरेली, अमृत विचार : चोरों ने लखनऊ से बरात में शामिल होने आए युवक की कार का शीशा तोड़कर दो लाख रुपये व अन्य सामान चुरा लिया। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। लखनऊ के अलीगंज में रहने वाले मनीष मिश्रा ने बताया कि वह तीन फरवरी को शादी समारोह में शामिल होने के लिए बरेली आए थे। बरातघर से दोस्त के यहां अमन अपार्टमेंट डीडीपुरम में चले गए। रात में किसी ने उनकी कार का शीशा तोड़कर दो लाख रुपये, दो पॉलीबैग में रखा घरेलू सामान चुरा लिया।

ई-रिक्शा चालक ने मोबाइल चुराया

बरेली, अमृत विचार : इज्जतनगर के गायत्रीपुरी निवासी सुधीर गुप्ता ने बताया कि गुरुवार को वह एक मेडिकल कॉलेज जा रहे थे। रास्ते में सुरेश शर्मा नगर के पास ई-रिक्शा चालक और उसके दो साथियों ने उनका मोबाइल चोरी कर लिया। आरोपी ई-रिक्शा खराब होने का बहाना बनाकर उन्हें उतार कर भाग गए। मामले में बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोर्ट के आदेश पर तीन साल बाद बंधक बनाने की रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : सेटेलाइट बस अड्डे के पास एक पेट्रोल पंप से कार सवारों ने एक व्यक्ति को जबरन उठा लिया और मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। अब करीब ढाई साल बाद कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज की गई है। बारादरी के नवादा शेखान निवासी विष्णु मौर्या ने बताया कि 20 अगस्त 2021 को शाम 7.30 बजे वह सेटेलाइट से शहामतगंज जा रहे थे। इसी दौरान दो लोगों ने पकड़कर कार में डाल लिया। सुनसान इलाके में आरोपियों ने गाड़ी रोकी तो वह किसी तरह भागकर एक गांव में पहुंच गया। पीड़ित ने फुफेरे भाई रवि मौर्या निवासी गांव आसफपुर बदायूं, सोनू मौर्या निवासी मिर्जापुर थाना आंवला पर आरोप लगाते हुए कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
● रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
● 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ●खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुडायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 11 फरवरी 2024, रविवार
25 फरवरी 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

हाईवे पर टैंकर की टक्कर से दो बेटियों की मौत, पिता घायल

टैंकर के पहिए में फंसकर दूर तक घिसटे बच्चियों के शरीर

संवाददाता, बिथरी चैनपुर

अमृत विचार : बिथरी चैनपुर में रजऊ के पास नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दो बेटियों की मौके पर मौत हो गई और पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद दोनों बेटियों के सिर धड़ से अलग होकर टैंकर के पहिए में फंसकर 10 मीटर तक घिसटते रहे। पिता को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टैंकर चालक मौके से फरार हो गया।

शुक्रवार दोपहर बिधौलिया, सीबीगंज निवासी रियाज अहमद अपनी दो बेटियों हसीन बानो (18) और सोनी (14) को बाइक पर बैठाकर फरीदपुर के गांव भगवंतापुर जा रहे थे। जैसे ही वह हाईवे पर रजऊ परसपुर के पास पहुंचे तभी पीछे से तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और हसीन बानो और सोनी के सिर टैंकर के पिछले टायरों ने नीचे आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में पिता रियाज अहमद गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर सीओ हाईवे नवीन कुमार मौके पर पहुंचे और घायल को अस्पताल में भिजवाया। इंस्पेक्टर संजय तोमर ने बताया टैंकर को कब्जे में ले लिया गया है और चालक की तलाश की जा रही है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली। तहरीर मिलने के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

हादसे के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस और मौजूद लोग। ● अमृत विचार

वाहन ने सड़क पार कर रहे मूंगफली विक्रेता को रौंदा

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : मूंगफली का ठेला लगाकर घर लौट रहे एक युवक को रोड पार करते समय किसी वाहन ने रौंद दिया। रबड़ फैक्ट्री कॉलोनी निवासी महेंद्र पाल (40) राधाकृष्ण मंदिर चौराहे के पास हाईवे किनारे मूंगफली का ठेला लगाते थे। शुक्रवार देर रात वह ठेला लेकर घर लौटने के लिए रोड पार कर रहे थे, इसी दौरान किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, सिर में चोट लगने से उनकी मौके पर मौत हो गई।

कार ने ड्यूटी से लौट रहे कर्मचारी को मारी टक्कर, मौत

सेंथल/नवाबगंज, अमृत विचार : हाफिजगंज थाना क्षेत्र में बरेली-पीलीभीत हाइवे पर ब्लैक स्पॉट गौटिया पुलिया पर तेज रफ्तार कार ने सामने से स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में बीआरसी कर्मचारी की मौके पर मौत हो गई। कर्मचारी रात में ड्यूटी करके घर लौट रहे थे। सेंथल निवासी राजीव गुप्ता (50) बेसिक शिक्षा विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थे। वह नवाबगंज के गांव सदरपुर के प्राथमिक विद्यालय में तैनात थे। उनकी रात में बीआरसी केंद्र पर बने आईसीटी लैब में ड्यूटी थी। गुरुवार रात वह ड्यूटी कर स्कूटी से घर सेंथल जा रहे थे। रास्ते में बरेली की ओर से आ रही तेज रफ्तार ईको ने सामने से टक्कर मार दी और उनकी मौत हो गई। ड्राइवर ईको को छोड़कर भाग गया। हाफिजगंज पुलिस ने सूचना परिजनों को दी। चौकी इंचार्ज विनय कुमार ने बताया गाड़ी कब्जे में ले ली गई है।

राजू गुप्ता

साइकिल से स्कूल जा रहे छात्र को बेकाबू ट्रैक्टर ने रौंदा, मौत

हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने मार्ग किया जाम।

फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार : कटरा थाना क्षेत्र में साइकिल से स्कूल जा रहे पांचवी के छात्र को तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने ग्रामीणों के साथ जैतीपुर मार्ग पर जाम लगा दिया। दो घंटे तक लोग जाम में फंसकर परेशान हुए।

अभिमांशु।

फतेहगंज पूर्वी के गांव करतोली निवासी अभिमांशु (11) पास के गांव कुनिया स्थित एक प्राइवेट स्कूल में कक्षा पांच में पढ़ता था। वह शुक्रवार सुबह साइकिल से स्कूल जा रहा था। रास्ते में दातागंज की ओर से आ रहे गन्ना से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने अभिमांशु को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने जैतीपुर मार्ग पर जाम लगा दिया। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई। थाना कटरा और जैतीपुर पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम खुलवाया और ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया। थाना कटरा पुलिस के मुताबिक घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

▸▸ परिजनों ने हंगामा कर सड़क पर दो घंटे लगाया जाम

अताउर ने विधानसभा में किसानों के गन्ना बकाया का मुद्दा उठाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: सपा विधायक अताउर रहमान ने विधानसभा में गन्ना किसानों के भुगतान का मुद्दा उठाया। बजट अभिभाषण के प्रति विरोध प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने भारी भरकम बजट जारी किया है उससे राज्य का भला नहीं होगा। सरकार ने गन्ना किसानों को 14 दिन में भुगतान की बात कही थी। बहेड़ी क्षेत्र की ही बात करें तो 105 दिन चली केसर चीनी मिल से केवल 22 दिन का भुगतान हुआ है। किसानों का 210 करोड़ रुपया बकाया है। बेटियों की शादी, बच्चों की फीस व अन्य खर्चों के लिए किसान परेशान हैं। उन्होंने सरकार से भुगतान जल्द कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि बरेली में एक जिला एक उत्पाद योजना में सुर्मा, बेंत, फर्नीचर, मांझा को भी शामिल किया जाए। बहेड़ी के चंदासी क्षेत्र में अखिलेश सरकार के समय 33 केवी बिजली उपकेन्द्र बनाने के लिए जमीन दी गई थी। उस पर उपकेन्द्र का निर्माण कराया जाए। बहेड़ी में स्टेडियम, रिछा में रोडवेज बस स्टेशन के अलावा क्षेत्र में सड़कें बनवाने की भी मांग उन्होंने की।

महिला पेंशन योजना के आवेदनों का जल्द करें निस्तारण

बरेली, अमृत विचार : महिला कल्याण विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की त्रैमासिक समीक्षा बैठक करते हुए सीडीओ जगप्रवेश ने कहा कि संबंधित अधिकारी मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड/सामान्य) के अलावा निराश्रित महिला पेंशन योजना के लंबित आवेदनों का जल्द निस्तारण करें। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। नए आवेदनों को भरवाने की बात कही। वन स्टाप सेंटर के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि केंद्र पर आने वाली पीड़ितों की समस्याओं का समाधान किया जाए। जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा, जिला पूर्ति अधिकारी नीरज सिंह, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक वीके अरोड़ा, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग नारायन सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

शहरी आशाओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण

बरेली, अमृत विचार: जिले में शहरी आशाओं को नवजात शिशुओं की 42 दिन, तीन माह व छह माह तक देखरेख के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से कार्यक्रम जारी किया गया है। राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत माड्यूल 6-7 तृतीय चरण के प्रशिक्षण के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। इसमें सात बैच बनाए गए हैं। प्रशिक्षण 13 फरवरी से 5 अप्रैल तक दिया जाएगा।

▸▸ नवजात शिशु की देखरेख, क्षेत्र में कैसे काम करना है आदि की जानकारी दी जाएगी

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विश्राम सिंह ने बताया कि आशाओं को एचबीएनसी किट, माड्यूल 6-7 की प्रतियां, आधार कार्ड, बैंक पासबुक के पहले पेज की छायाप्रति लाना अनिवार्य है। आशाओं के प्रशिक्षण में नवजात शिशु की देखरेख, अपने क्षेत्र में कैसे काम करना है, गर्भवती की जानकारी, जांचों समेत अन्य बिंदुओं को शामिल किया जाएगा।

ई संजीवनी से सीएचसी, पीएचसी और हेल्थ सेंटर भी जुड़ेंगे

बरेली, अमृत विचार : ई संजीवनी से सीएचसी, पीएचसी और अर्बन हेल्थ सेंटर को भी जोड़ा जाएगा। इस संबंध में सीएमओ ने चिकित्सा प्रभारियों को ई संजीवनी पोर्टल पर पंजीकरण को लेकर निर्देशित किया है।

अधिकारियों के अनुसार ऑनलाइन ई-संजीवनी ओपीडी लोगों के लिए सहारा बनी है। सीएचसी-पीएचसी पर भी मरीजों का डेटा अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे मरीज वीडियो कॉलिंग के माध्यम से डाक्टर से रूबरू हो सकते हैं या फिर मेसेज के जरिये भी बात कर सकते हैं। यह निशुल्क सेवा है। इसके तहत हर रोज चार अलग-अलग डॉक्टर रहते हैं, जो सुबह नौ से दोपहर दो बजे तक ऑनलाइन सेवा के लिए उपलब्ध रहते हैं। ई-संजीवनी कक्ष के लिए सभी केंद्रों के कंप्यूटर को इंटरनेट से जोड़ा गया है।

▸▸ सीएमओ ने पोर्टल पर पंजीकरण के संबंध में चिकित्सा प्रभारियों को दिए निर्देश

सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि अगर मरीज के पास एंड्रॉयड मोबाइल है तो ई संजीवनी ओपीडी एप और पोर्टल के जरिये सलाह ले सकता है, पर जिसके पास मोबाइल नहीं है, वे लोग जिले के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कम्युनिटी हेल्थ आफिसर (सीएचओ) से जाकर मिलें। सीएचओ अपने टैब या मोबाइल से ई-संजीवनी एप के जरिये डॉक्टर से मरीज का संपर्क कराएंगे।

शादी में मारपीट करने के मामले में रिपोर्ट

कैंट, अमृत विचार : चौबारी में एक शादी समारोह में दबंगों ने दुल्हन के भाइयों और बरातियों के साथ मारपीट और फायरिंग की थी। एसएसपी के निर्देश पर कैंट पुलिस ने गुरुवार देर रात छह आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है। मुरादाबाद क्षेत्र से 4 फरवरी को चौबारी निवासी सत्यवीर की बेटी दीक्षा की बरात आई थी। बरात चढ़ने के दौरान गांव के शिवा सिंह, हिमांशु सिंह, अरुण सिंह, संजय सिंह, मोंटी सिंह व कृष्ण आदि ने बैंड बंद करा दिया। विरोध पर बरातियों के साथ मारपीट की। बचाने गए सत्यवीर के बेटे धर्मवीर सिंह, भतीजे सौरभ सिंह को डंडों से पीटा और फायर कर दिया, जिसमें धर्मवीर बाल-बाल बच गए।

बिथरी इलाके में फिर मिले गोवंशीय पशु के अवशेष

बरेली, अमृत विचार : बिथरी चैनपुर के कचौली गांव के पास खेत में गोवंशीय पशु के अवशेष मिलने पर हड़कंप मच गया। गोसेवा संगठन के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। साथ ही एक्स पर पोस्ट कर डीजीपी, एडीजी और आईजी से शिकायत की।

बताया कि कचौली के खेतों में गोवंशीय पशु के अवशेष मिले हैं। इंस्पेक्टर बिथरी संजय तोमर पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। इंस्पेक्टर ने बताया कि गोवंशीय पशु का ही अवशेष है। जांच में पता चला है कि गोवंशीय पशु की बीमारी से मौत हुई है। किसी व्यक्ति ने शव को फेंक दिया। जमीन में दफन नहीं किया। उन्होंने बताया कि कई दिन पुराना अवशेष है।

▸▸ गोसेवा संगठन ने एक्स के माध्यम से की पुलिस से शिकायत

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL BAREILLY Excellence towards profession
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें * | मुफ्त भर्ती एवं पलंग * | मुफ्त फेफड़ों के टी.वी. की दवा * | मुफ्त टीकाकरण *
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन * | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा *
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र
भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे *
जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत दिनांक 10 से 28 फरवरी 2024 तक रोहिलखंड हॉस्पिटल के कमरा नं. 1167 में फाईलेरिया की दवाई मुफ्त में मिलेगी।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

गांव, किसान और नौजवान का भला होने से तरक्की करेगा देश

प्रेसवार्ता में परिक्रमा यात्रा की जानकारी देते भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारी।

बरेली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 12 फरवरी से शुरू होने वाली ग्राम परिक्रमा यात्रा के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ने रणनीति तैयार कर ली है। परिक्रमा यात्रा में गांव, किसान, नौजवान के मुद्दे उठाकर लोगों को पार्टी से जोड़ने की कोशिश की जाएगी। लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देकर कार्यकर्ता जागरूक करने का काम करेंगे। यह बातें शुक्रवार को सिविल लाइंस स्थित पार्टी कार्यालय पर भाजपा किसान मोर्चा की प्रेसवार्ता में पदाधिकारियों ने कहीं।

बरेली किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुरजीत यादव ने कहा कि सरकार की योजनाओं के बारे में घर-घर तक जानकारी पहुंचाना है। परिक्रमा यात्रा के दौरान हल, ट्रैक्टर और गोपूजन का कार्यक्रम भी किया जाएगा। कहा कि गांव, किसान, नौजवान का भला होने से ही देश तरक्की कर सकेगा। यह परिक्रमा उसी उद्देश्य से चलाई जाएगी। आंवला जिलाध्यक्ष नीरज पटेल ने कहा कि ग्राम परिक्रमा के जरिए उम्मीद है कि जनता के बीच आत्मविश्वास जगा पाएंगे। महानगर अध्यक्ष सुरजीत यादव ने यूपी को उत्तम प्रदेश बनाने का संकल्प दिलवाया। मीडिया प्रभारी बंटी ठाकुर समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

▸▸ भाजपा किसान मोर्चा ने 12 से शुरू होने वाली ग्राम परिक्रमा यात्रा को लेकर बताई रूपरेखा

प्लाईवुड फैक्ट्री में लट्ठों के नीचे दबकर लिफ्टर ड्राइवर की मौत, हंगामा

सीबीगंज, अमृत विचार : परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक प्लाईवुड फैक्ट्री में लिफ्टर चालक की लट्ठों के नीचे दबकर मृत्यु हो गई। मृतक के परिजन फैक्ट्री पहुंच गए और हंगामा किया। बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र के रोड नंबर दो पर एक प्लाईवुड फैक्ट्री में सीबीगंज के गांव गोकिलपुर गौटिया निवासी 38 वर्षीय सियाराम लिफ्टर चालक थे। गुरुवार रात किसी समय लकड़ी के चट्ठे से एक लट्ठा खिसक गया जिसे वह ठीक कर रहे थे। इसी दौरान अन्य लट्ठे उनके ऊपर आ गिरे। लट्ठों के नीचे वह दब गए। कर्मचारी उन्हें अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन पहुंच गए और फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा कर दिया। हालांकि शुक्रवार को दोनों पक्षों में समझौता हो गया। मृतक के परिवार में पत्नी व दो बच्चे हैं। इंस्पेक्टर सीबीगंज राधेश्याम ने बताया कि कोई शिकायत करता है तो कार्रवाई की जाएगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी संस्था गौशाला का इजाजतनामा की मूल प्रति एवं अन्य कागजात दिनांक 27.01.2024 को अपने निवास से तहसील गोला जाते समय रास्ते में कहीं गिर गये है। वापस देने वाले को उचित इनाम दिया जायेगा। **रामसेवक शुक्ला प्रबंधक श्री धर्मादा समिति गौशाला पुत्र स्व. रिक्खी लाल शुक्ला निवासी गौशाला कुम्हारन टोला, गोला गोकर्णनाथ-खीरी। मो. 9415460769**

सूचना
हमने अपने पुत्र सूरज सिंह पुत्र अशोक कुमार को उसके दुर्व्यवहार व चाल चलन ठीक न होने के कारण उससे सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। वह अपने कृत्यों व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा। **अशोक कुमार पुत्र छोटेलाल मोहल्ला कुम्हारन टोला गोला गोकर्णनाथ, जिला लखीमपुर-खीरी।**

NOTICE
This is to be notify that both names RAJAKISHORE SAHOO & RAJAKISHOR SAHOO belongs to me. I have been known as both these names. Army No. JC389111H Rank SUB Name RAJAKISHORE SAHOO S/O Maheshwar Sahoo R/o Abhimanyubalia Tehsil Binjharpir Distt. Jajpur (Orrisa)

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पासपोर्ट संख्या X7713201 जिसकी वैधता 12.06.2033 हैं, उसमे मेरा नाम भूलवश मोनिश दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम मो.मोनिश (MOHD MONISH) है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचान जाये। **मो. मोनिश पुत्र श्री हसमुद्दीन निवासी ग्राम अंडरायन थाना जहानाबाद तहसील अमरिया जिला पीलीभीत।**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

एक नजर

स्कूल का ताला तोड़कर सामान चुरा ले गए चोर

गुलड़िया, अमृत विचार : बड़ागांव चौकी क्षेत्र के गांव रुखड़ा के प्राथमिक विद्यालय का चोरों ने ताला तोड़कर रसोई का सामान चुरा लिया। पुलिस को दी तहरीर में हेड मास्टर ने बताया कि रसोई में रखें सिलेंडर, गैस चूल्हा की भट्टी और दो भागोना चोर ले गए। गुरुवार सुबह स्कूल पहुंचने पर चोरी का पता चला, वहां ताले टूटे हुए थे, रसोई का सामान बिखरा पड़ा था। हेड मास्टर हावेंद्र कुमार ने बड़ागांव पुलिस चौकी को तहरीर देकर शिकायत की पर दो दिन बाद भी पुलिस अभी तक देखने तक नहीं पहुंची। एचपी गैस एजेंसी पर भी उसी रात चोरों ने निर्माणाधीन दीवार में लगे कलम की सरिया काट ले गए। बड़ागांव चौकी इंचार्ज दीपक कुमार ने बताया कि अभी जांच की जा रही है।

तहसील व पालिका टीम ने रुकवाया अवैध निर्माण

आंवला, अमृत विचार : विवादित जगह पर एक युवक ने निर्माण आरम्भ कर दिया। सूचना पर पहुंची तहसील व पालिका टीम ने कार्य रुकवा कर अवैध कब्जा हटवा दिया। नगर के मोहल्ला ताड़गंज में एक जगह को लेकर न्यायालय में वाद चल रहा है। वहीं एक पक्ष ने विवादित जगह पर निर्माण कार्य आरम्भ कर दिया। सूचना पर पहुंची तहसील टीम ने कार्य रुकवा दिया। टीम ने नगरपालिका की टीम बुलाकर कब्जा मुक्त करा दिया। एसडीएम आंवला ने बताया कि ताड़गंज स्थित गाटा संख्या 27 में नरेश द्वारा अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा था। जिसे राजस्व और नगर पालिका की टीम ने मौके पर पहुंच कर कब्जा मुक्त कर दिया है।

सीमा बनीं सपा महिला सभा की जिला महासचिव

देवरनियां, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिला महासचिव जैनब फातिमा को हटाकर सीमा श्रीवास्तव को बनाया गया है। उनकी ताजपोशी पर महिला पदाधिकारियों ने बधाई दी। सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष शान्ति सिंह ने पार्टी के प्रति मेहनत और लगन को देखते हुए सीमा श्रीवास्तव को जिला महासचिव बनाया। उन्हें पार्टी जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप द्वारा मनोनयन पत्र सौंपा। सीमा श्रीवास्तव ने नई जिम्मेदारी मिलने पर पार्टी नेताओं का आभार जताया है।

ग्रीष्मकालीन गन्ने की बुआई में पहुंचे अधिकारी

मीरगंज, अमृत विचार : ग्राम हल्दी कला में बसंत कालीन गन्ने की बुआई की शुरुआत धामपुर बायो आर्गेनिक्स लिमिटेड (डीबीओएल) ने शुक्रवार को पूजा- अर्चना के बाद कराई। इस अवसर पर चीनी मिल के यूनिट हेड संजय श्रीवास्तव ,ग्रुप फंक्शनल हेड राजीव शर्मा, मुख्य महा प्रबंधक आजाद सिंह उपस्थित रहे। किसान कृष्णपाल गंगवार के खेत पर पंडित सत्य पाल शर्मा ने पूजा कराई, किसानों की उपस्थिति में अधिकारियों ने फीता काटकर के गन्ने की बुआई प्रारंभ कराई। आजाद सिंह ने कृषकों से कहा कि अधिक से अधिक क्षेत्र में गन्ने की बुवाई करें और चीनी मिलों की ओर से दी जा रही सुविधाओं का लाभ उठाएं।राजीव शर्मा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कोशा -0238 गन्ना प्रजाति में लाल सड़न रोग हो गया है। इसलिए अन्य गन्ना प्रजाति जैसे कोशा -0118, कोशा-15023, कोलख -14201 आदि नई प्रजाति की बुआई करें।

इफको प्रबंधन के वादा खिलाफी से नाराज किसान बैठे धरने पर

जमीन के बदले किसानों को नौकरी नहीं देने का मामला

संवाददाता, आंवला

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने इफको अधिकारियों पर वादा खिलाफी का आरोप लगाकर तहसील कार्यालय के सामने अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन आरम्भ किया है।

किसान संगठन ने बताया कि भूदाताओं को इफको में रोजगार देने के लिए इफको अधिकारी, तहसील प्रशासन और किसान संगठन के संयुक्त हस्ताक्षर के साथ लिखित समझौता हुआ था, जिसका आज तक पालन नहीं हुआ। मंगलवार को एसडीएम कार्यालय में इफको और किसानों के मध्य वार्ता होनी थी। परंतु इफको अधिकारी नही आए। एसडीएम ने शुक्रवार को पुनः वार्ता के लिए कहा था। किसान समय पर तहसील पहुंच गए, परंतु इफको अधिकारी नहीं आए। किसानों ने इफको अधिकारियों पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया है। संगठन ने बताया कि इफको इकाई ने पीडब्ल्यूडी, ग्राम समाज, वन विभाग और किसानों की जमीन पर अवैध अतिक्रमण किया है। रामनगर के चकरपुर गांव निवासी रामरहीश आदि की निजी भूमि पर इफको ने निर्माण कर कब्जा कर लिया है। इस प्रकरण में उच्च न्यायालय ने भी किसान के पक्ष में आदेश कर दिया है। परंतु तहसील प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की गई। बसंतपुर के किसान हुलसन सिंह, सुक्खन सिंह ने चकमार्ग की पैमाइश कराने की मांग की थी। जवाब में लेखपाल कानून गो ने किसानों पर मुकदमा दर्ज करा दिया। इस दौरान संगठन प्रदेश महासचिव चौधरी शिशुपाल सिंह, महाराज सिंह यादव, ओमशंकर सक्सेना, ऊदलसिंह वर्मा समेत तमाम किसान मौजूद रहे। एसडीएम गोविंद मौर्य का कहना है कि इफको अधिकारी रोजगार देने को तैयार है, किसानों की मांग है कि टाइम ऑफिस से जॉब कार्ड दिया जाए। इस संबंध में इफको अधिकारियों को सोमवार को वार्ता के लिए बुलाया गया है।

आंवला तहसील कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

महिला की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या का आरोप

संवाददाता, मीरगंज

अमृत विचार : विवाह समारोह में मजदूरी करने गई एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में गुरुवार को मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शुक्रवार को अंतिम संस्कार कर दिया, वहीं मृत महिला की बेटियों ने हत्या की आशंका जताई।

शेरगढ़ के गांव दौली जवाहरलाल की गौंटिया निवासी कलावती (50) पत्नी भूपराम मीरगंज थाना क्षेत्र गांव हुरहुरी में 2 फरवरी को आशा कार्यकर्ता रेखा के घर विवाह में मजदूरी करने गई थी। विवाह के बाद आशा वर्कर ने उसे रोक लिया। गुरुवार को महिला की तबियत खराब हो गई, जिसके बाद वह उसे प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र लेकर गई। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां से उसे एक एक निजी अस्पताल में ले गई जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद महिला के शव को एम्बुलेंस से उसके गांव भिजवा दिया। परिजनों ने इसकी सूचना थाना शेरगढ़ पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि महिला के पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

रंजिशन प्रधान को पीटा, भागकर बचाई जान

मीरगंज, अमृत विचार : रंजिशन दबंगों ने प्रधान को घेरकर पीटा, उन्होंने किसी तरह भागकर जान बचाई। थाना मीरगंज के ग्राम धंतिया के प्रधान ज्ञान सिंह वर्मा को गांव के चार-पांच लोगों ने रंजिश के चलते पीटा। उन्होंने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्राम धंतिया के प्रधान ज्ञान सिंह ने बताया कि विगत दिनों पंचायत घर के सीसीटीवी कैमरे चोरी के आरोप में आरोपी का पुत्र जेल गया था, जिसकी वजह से आरोपी और उसके परिजन उससे रंजिश मानने लगे। शुक्रवार सुबह करीब 10 :00 बजे वह विकास कार्यों को देखने एक मोहल्ले में गए थे। इसी दौरान आरोपियों ने उन पर लाठी लेकर हमला कर दिया।

ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने दी जान, जेब में मिला सुसाइड नोट

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

अमृत विचार : फतेहगंज-शाही रोड पर भिटौरा रेलवे फाटक के पास एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। युवक थाना शाही के गांव सेवा ज्वालापुर का रहने वाला है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वह ट्रेन के आगे मैं अपराधी हूं जज साहब मुझे फांसी दो यह कहते हुए कूद गया। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। ग्राम प्रधान बताया कि वह थोड़ा सनकी किस्म का था, पूजा-पाठ में ज्यादा समय देता था। थाना शाही के गांव सेवा ज्वालापुर निवासी केहरपाल (30) ने शुक्रवार शाम को भिटौरा रेलवे फाटक पर डाउन ट्रैक पर आ रही ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि वह शाही की ओर से साइकिल से आया, साइकिल खड़ी करने के बाद मैं अपराधी हूं, जज साहब मुझे फांसी की सजा दो। यह कहते हुए ट्रैक पर दौड़कर ट्रेन के आगे कूद गया। उसकी जेब से मिले पत्र में उसने आत्महत्या के पीछे किसी और को दोषी नहीं मानकर खुद को अपराधी माना है। वह जिला जज से फांसी देने की गुहार लगा रहा है। उसने अपने गुरु को भी चाय में जहर देकर मारने की बात कही है। पत्र में उसने लिखा है कि वह उस समय केवल पांच वर्ष का था। पत्र में गुरु को समर्पित बहुत भजन भी लिखे है। केहरपल की शादी हो चुकी है, उसे एक बेटा और तीन बेटियां है।आत्महत्या का और कोई कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

बिजली का खंभा बदल रहे श्रमिकों को पीटा

संवाददाता, फरीदपुर

- बिजली अधिकारियों ने 9 आरोपियों पर दर्ज कराई रिपोर्ट
- मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

अमृत विचार : बिजली के खंभे पर करंट उतरने से पोल को बदल रहे श्रमिकों को गांव के ही लोगों ने लाठियों से पीटा। जब उन लोगों ने मदद के लिए डायल 112 को सूचना दी तो दोबारा उन लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा हैं। दबंगों पर मोबाइल और नकदी छीनने का आरोप है।

सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। घायल श्रमिकों ने गांव के नौ दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रही हैं। पीड़ित संदीप कुमार मिश्रा निवासी आनंद विहार कॉलोनी थाना रामकोट सीतापुर, करण पासी निवासी ग्राम भूड़ पुरवा थाना तालगांव सीतापुर, दीपक पासी, उपेंद्र पासी निवासी भेडुआ थाना हरगांव सीतापुर, पवन कुमार शुक्ला निवासी देवरिया थाना पिसावा सीतापुर ने दी तहरीर में बताया कि थाना फरीदपुर के ग्राम ढकनी में बिजली विभाग की ओर से श्रमिक ग्रामीणों की मांग पर गांव में जर्जर बिजली के खंभे को बदलने गए थे। श्रमिक दोपहर में पोल लगाने के बाद शाम को उसमें बजर फुट और कंक्रीट डालने गए थे, इसी दौरान गांव के ही वेद प्रकाश, रूप प्रकाश, पप्पू , पंकज, ओम प्रकाश, चरण सिंह , हरदेव ने बजर फुट और कंक्रीट डालने से रोकते हुए गाली गलौज करने लगे उनको समझने का प्रयास किया गया तो सभी के साथ मारपीट करने लगे। पवन शुक्ला ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी तो आरोपी आक्रोशित हो उठे ईंट पत्थरों और फावड़ा से हमला कर दिया, किसी तरह श्रमिक जान बचाकर भागे। सूचना पर एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। दबंग ग्रामीणों ने संदीप मिश्रा के पास से 60 हजार रुपये और मोबाइल, दीपक पासी से मोबाइल छीन लिया। आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

> थाने में दबंग आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई के लिए कहा गया है, पुलिस जो भी उचित होगा उसे पर कार्रवाई करेगी।- **सतीश जायसवाल**, एसडीओ फरीदपुर

छात्रा को शोहदे की धमकी, 18 की होने पर उठा ले जाऊंगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सुभाषनगर पुलिस ने नहीं सुनी तो एसएसपी को सुनाई फरियाद
- पांच पर दर्ज की गई रिपोर्ट छात्रा ने स्कूल जाना छोड़ा

अमृत विचार : एक छात्रा ने शोहदे के डर से स्कूल जाना छोड़ दिया। शोहदे ने धमकी दी कि 18 की होने पर छात्रा को उठा ले जाएगा। उसके परिजनों ने भी धमकाया। शिकायत पर सुभाषनगर पुलिस ने पीड़िता और उसके परिजनों को डांट कर भगा दिया। अब एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

सुभाषनगर क्षेत्र की महिला ने बताया कि उनकी बेटी 12 की छात्रा है। होली चौराहा दामोदर पुरम निवासी अरुण बेटी से अक्सर छेड़खानी करता है और जबरन शादी करने का दबाव बनाता है। वह जवाब नहीं देती तो मारपीट करता है। कहता है कि 18 की उम्र पूरी होने पर उठा ले जाएगा। डर के कारण बेटी ने स्कूल जाना बंद कर दिया। बेटी को कॉलेज छोड़ने वह और उनके बेटे गए। उसी दिन से आरोपी जान का दुश्मन बन गया। पांच फरवरी की शाम अरुण चाकू लेकर आ गया और बेटी को डराने धमकाने लगा। बेटों को भी जान से मारने की धमकी दी। अरुण के पिता भगवानदास से शिकायत की तो वह गाली गलौज करने लगा। भगवान दास अपने भाई सरवन, बेटे सूरज, विकास को साथ लेकर उनके घर में घुस आया और मारपीट की। सुभाषनगर पुलिस ने शिकायत नहीं सुनी। एसएसपी से शिकायत की, तब पुलिस ने अरुण, भगवानदास, सरवन, सूरज और विकास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

छेड़छाड़ के आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त

विधि संवाददाता, बरेली : घर में घुसकर किशोरी से छेड़खानी के आरोपी बहेड़ी नारायण नगला निवासी शानू की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट हरिप्रसाद ने खारिज कर दी। सरकारी वकील सरनाम सिंह के मुताबिक पीड़िता के पिता ने थाना बहेड़ी में तहरीर देकर बताया था कि 14 जनवरी की रात पत्नी और बेटा बरामदे में और तीन बेटियां अंदर कमरे में सोईं। रात में शानू घुस आया और बेटी का हाथ पकड़ लिया। उन लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

पुरस्कार वितरण के साथ खेल महोत्सव का हुआ समापन

दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी प्रमाण पत्र के साथ। ● अमृत विचार

संवाददाता, आंवला

अमृत विचार : डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय खेल महोत्सव का शुक्रवार को समापन हो गया। अंतिम दिन विजयी प्रतिभागियों को महाविद्यालय की ओर से पुरस्कृत किया गया।

प्रतियोगिताओं में 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग में अपूर्व शंखधार, नरेंद्र, सचिन, बालिका वर्ग में ममता, अनामिका, रंजना देवी, लंबी कूद बालक वर्ग में अपूर्व शंखधार, अनिल यादव, मनवीर, बालिका वर्ग में ममता, अंजली देवी, रंजना देवी, ऊंची कूद बालक वर्ग में अपूर्व शंखधार, अजय वर्मा और मनवीर, आयुष सिंह, बालिका वर्ग में दीक्षा, खुशी, ममता और बबिता पाल क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय बदायूं के डाक्टर हुकुम सिंह, अनिल सिंह, मुकेश चौहान, विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे। इस दौरान प्रोफेसर राममूर्ति बिंद, डाक्टर एकता सिंह, प्रो. अर्चना पाण्डेय, प्रो. सचिन अग्रवाल, प्रो. देवीशरण समेत अन्य मौजूद रहे।

छुट्टा पशुओं से परेशान किसानों ने शुरू किया धरना प्रदर्शन

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

अमृत विचार : छुट्टा पशुओं से मुक्ति नहीं मिलने और विकास कार्यों की जांच में दोषी पाए जाने वाले आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होने पर भाकियू ने शुक्रवार को अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया।

भाकियू के तहसील अध्यक्ष सुधीर बालियान की अगुवाई में भाकियू कार्यकर्ता ब्लॉक मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे। हालांकि खंड विकास अधिकारी शैली गोबिल ने उन्हें कार्रवाई आश्वासन देकर धरना खत्म कराने का प्रयास किया, लेकिन भाकियू कार्यकर्ताओं ने दो टूक कहा पहले कार्रवाई करें, इसके बाद ही धरना खत्म होगा। सुधीर बालियान ने बताया छुट्टा पशु किसानों की फसल बर्बाद ही नहीं कर रहे बल्कि किसानों की जान भी ले रहे है। जिम्मेदार किसानों की शिकायतों को अनसुना कर रहे है। पिछली बार किए गए धरना प्रदर्शन को कार्रवाई का आश्वासन देकर खत्म करा दिया गया था। लेकिन किसी समस्या का निदान नहीं हुआ। भाकियू ने छुट्टा पशुओं की समस्या के अलावा जिला सहकारी बैंक की ओर से दुर्घटना बीमा योजना में घपला, शौचालय निर्माण में घपला, सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा, कुरतरा श्मशान भूमि की जमीन में दरवाजा खोलने,पशु शेडों में घपला की गई शिकायत पर की गई जांच में दोषी कर्मचारियों पर वर्षों बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस बार वह किसी के आश्वासन पर धरना प्रदर्शन खत्म नहीं करेंगे।

गड्ढों में फंस रहे वाहन, सुना रहे विकास की कहानी

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

अमृत विचार : ग्राम पंचायत खिरका जगतपुर कांशीराम में तमाम सरकारी दावों के उलट आज भी विकास का पहिया नहीं घूमा। ग्रामीणों ने समस्याओं के निराकरण के लिए जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

जनप्रतिनिधि अधिकतर सभाओं में विकास कार्यों का बखान करते है, लेकिन ग्राम पंचायत खिरका जगतपुर के तीन गांव विकास से कोसों दूर हैं। हाईवे से होकर निकलने वाली सड़क गौंटिया पेट्रोल पंप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होते हुए खिरका और आगे जगतपुर और सतुइया खास रेलवे फाटक तक जाती है, वर्षों से पैचवर्क नहीं होने से इस सड़क पर हर कदम पर गड्ढे ही गड्ढे हैं। टोल टैक्स बचाने के चक्कर में अक्सर वाहन चालक इसी सड़क से निकलते हैं। पुलिया के पास सड़क के गहरे गड्ढों में अक्सर कारें व अन्य वाहन फंस जाते हैं। खिरका जगतपुर गांवों को बाढ़ की त्रासदी से बचाने वाली छह महीने से टूटी पड़ी पुलिया की मरम्मत नहीं होने से यहां से निकलने में काफी मुश्किल का सामना करना पड़ता हैं।

खिरका जगतपुर की गड्ढे युक्त सड़क में फंसा वाहन। ● अमृत विचार

> गांव में जो विकास पिछले बीस साल में नहीं हुआ, वह मेरे ढाई साल के कार्यकाल में हो रहा है। गांव में इस समय भी दो गलियों में टाइल्स बिछाने का काम चल रहा है।
> - **जितेंद्र गंगवार**, ग्राम प्रधान

अमृत सरोवर में नाममात्र का पानी

प्राचीन सिंघइया तालाब को लाखों रुपये खर्च करके अमृत सरोवर का नाम दे दिया गया, लेकिन पंपिंग सेट चलवाकर पानी नहीं भरवाने की वजह से जाड़े के मौसम में भी यह सूखा पड़ा है। मॉडल स्कूल घोषित हो चुके प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालय खिरका की चारदीवारी टूटी पड़ी है। टूटी चारदीवारी से बच्चे अंदर घुसकर क्रिकेट खेलते हैं। खिरका जगतपुर ग्राम पंचायत में ज्यादातर खड़जे टूटे पड़े हैं। सफाई व्यवस्था भी चौपट है। गांव में पहले दो सफाई कर्मचारी थे। अब तीन गांवों पर एक ही सफाई कर्मचारी रह गया है। महीनों तक सफाई नहीं होने से खिरका, जगतपुर काशीराम, खरगपुर और हाईवे किनारे की बस्ती की सभी नालियां अक्सर कूड़े-कचरे और ऊंची-ऊंची घास से पटी ही रहती हैं।

सार-संक्षेप

पूर्ति निरीक्षक ने ग्रामीणों के लिए बयान

शेरगढ़, अमृत विचार : पिपौली गांव में ग्रामीणों की शिकायत पर जांच करने पहुंचे पूर्ति निरीक्षक ने ग्रामीणों के बयान दर्ज कर राशन विक्रेता पर घटतौली के लगाए आरोपों की जांच की। शेरगढ़ के पिपौली में ग्राम प्रधान समेत दर्जन भर से अधिक लोगों ने राशन विक्रेता के खिलाफ घटतौली का आरोप लगाते हुए उपजिला अधिकारी बहेड़ी से शिकायत की थी। मामले में जांच करने पहुंचे पूर्ति निरीक्षक अरुण कुमार बाजपेई ने ग्रामीणों के बयान दर्ज किए। ग्रामीणों ने पूर्ति निरीक्षक को बताया कि राशन विक्रेता राशन कार्ड पर दर्ज प्रति यूनिट के हिसाब से राशन कम देते हैं। वहीं मृतक का भी राशन मृतक के परिजनों को नहीं देते हैं, जबकि विभागीय स्तर पर लगातार राशन आ रहा है। शिकायतकर्ताओं के बयान पर पूर्ति निरीक्षक ने ग्रामीणों के लिखित बयान दर्ज किए।

कथा में श्रीराम की महिमा का किया वर्णन

कैंट, अमृत विचार : बुखारा स्थित वृद्धाआश्रम में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तीसरे दिन शुक्रवार को आचार्य वृषभानु दास महाराज ने श्रद्धालुओं को श्री राम के व्यक्तित्व और मर्यादा पुरुषोत्तम होने के साथ राजा दशरथ, तीनों रानियों कौशल्या, कैकेयी व सुमित्रा के चरित्र का वर्णन किया। जीवन में माता-पिता के महत्व और राजा भरत के चरित्र के प्रसंगों को सुनाया। कथा सुनने के लिए एडीएम संतोष बहादुर सिंह, कांता गंगवार, रचना चौहान, मनोज कुमार, संतोष कुमार, हरवेंद्र चौहान, कमला शंकर तिवारी, राजेंद्र पटेल, गीता पटेल, माया, अर्चना इत्यादि समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

जूनियर छात्रों ने सीनियरों को दी विदाई

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज के स्पाइस सीनियर सेकेंड्री विद्यालय में कक्षा 9 के छात्रों ने अपने सीनियरों को विदाई दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। इस दौरान सौम्या सिंह को मिस फेयरवेल तो अरुण कुमार को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक महेश चंद्र गंगवार एवं विद्यालय सचिव वानेंद्र गंगवार, प्रधानाचार्य रनवीर सिंह, शिक्षक अरविंद कुमार, रमा शर्मा, अमर सूर्यवंशी, जाकिर हुसैन, कासिम, हुमा, अमित कुमार, रंजना शर्मा, अमित सक्सेना के साथ ही अतिथियों ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

नर्सिंग के छात्रों को दिलाई कर्तव्यनिष्ठा की शपथ

भोजीपुरा, अमृत विचार : सिद्धि विनायक ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन्स में जीएनएम और एएनएम प्रथम वर्ष के छात्रों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। लैंपिंग सेरेमनी का आरंभ संस्थान के चेयरमैन अनुपम कपूर, मैनेजिंग डायरेक्टर अनमोल कपूर समेत अन्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य मुकेश ने छात्रों को नर्सिंग के क्षेत्र की जानकारी दी, और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। सिमरन कपूर ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए नर्सिंग के छात्र -छात्राओं को फ्लोरेंस नाईटेंगेल शपथ दिलवाई गई। इस दौरान प्रतीक कपूर, डीन डॉ. सुधाकर जैन, प्रिंसिपल नर्सिंग मुकेश, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. मनीष वाष्णेय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

मीरगंज , अमृत विचार : राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने प्राचार्य प्रो. सुमन कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक किया। शिविर के द्वितीय सत्र में "सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम" विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। डॉ. पारुल जैन, डॉ. आतिफ, डॉ. फाइज़, संदीप तिवारी, विजय मलिक, दीपांकर राव आदि प्राध्यापकों ने अपने विचार व्यक्त किए।

बाइकों की टक्कर में चार लोग घायल

आंवला,अमृत विचार : दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें एक महिला समेत चार लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा आंवला के गांव रामनगर निवासी मोहित यादव मां उर्मिला देवी, भतीजा रजनेश के साथ भमोरा के गांव भरताना में दावत खाने जा रहा था। आंवला-रामनगर रोड के फुंदननगर गांव के समीप सामने से आई एक बाइक से उसकी बाइक की टक्कर हो गई। जिससे वह तीनों और दूसरी बाइक सवार नन्हे निवासी अमरोली थाना अलीगंज घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि चारों को इलाज के लिए आंवला स्वास्थ्य केंद्र भेजा है। वहीं चिकित्सकों ने हालात गम्भीर देख मोहित और नन्हे को बरेली रेफर कर दिया।

शिक्षण में आने वाली कठिनाइयों पर की चर्चा

देवरनियां, अमृत विचार : बुनियादी शिक्षा की मजबूती को ब्लाक संसाधन केंद्र रिछा पर ब्लाक दमखोदा के परिषदीय अध्यापकों के चल रहे प्रशिक्षण कार्यशाला में शुक्रवार को शिक्षण के दौरान आने वाली कठिनाइयों पर चर्चा की गई। प्राथमिक विद्यालय ठिरिया बांकेदरा की सहायक अध्यापिका प्राची सक्सेना ने भाषा और गणित विषय के शिक्षण के दौरान आने वाली कठिनाइयों और इनके समाधान के बारे में बताया। इसके अलावा एफएलएन मिशन वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत पढ़ाने के दौरान मिले अनुभवों पर चिंतन, राष्ट्रीय पाठ चर्चा की रुप-रेखा फाउंडेशन स्टेज के बारे भी बताया। प्रशिक्षण कार्यशाला को बीईओ प्रेमसुख गंगवार के निर्देशन में ब्लॉक के एआरपी बलवीर सिंह, डॉ. देवकुमारी गंगवार, मोहम्मद फाहीम, हरीश गंगवार और उवैस खान दे रहे हैं।

गोशालाओं के लिए भूमि तलाशने में जुटा प्रशासन

नवाबगंज, अमृत विचार : छुट्टा गोवंशीय पशुओं को लेकर किसानों के बढ़ते आक्रोश के चलते प्रदेश का पूरा अमला परेशान हैं। इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने गोशालाएं स्थापित करने के निर्देश दिए है। जिसे पूरा करने में प्रशासन जुटा हुआ है। उपजिलाधिकारी नहने राम ने बताया कि गोशालाओं के लिए भूमि उपलब्ध कराने के लिए गांव समाज की भूमियों पर कब्जों के मामले चिन्हित कर शीघ्र ही इन्हें कब्जा मुक्त कराया जाएगा। अकेले भदपुरा विकास क्षेत्र के ग्रामों भदपुरा, सतवन पट्टी, चन्दपुर ख्याली राम, विलास नगर, अलियापुर, नरहरपुर, बिहारीपुर, कुंवरपुर तुलसी पट्टी व मटकापुर में ऐसी भूमि पाई गई है। जिनसे कब्जे हटवाकर गोशालाओं के निर्माण का प्रस्ताव दिया जाएगा।एसडीएम ने बताया कि भदपुरा विकास क्षेत्र के बाद नवाबगंज विकास क्षेत्र में भी अभियान चलाकर गोशालाओं के लिए भूमि तलाश की जाएगी।

दंगाइयों पर राष्ट्रद्रोह की कार्रवाई करने की मांग

आंवला, अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल बृज प्रांत की ओर से हल्द्वानी की घटना का विरोध कर हमलावरों और दंगाइयों की संपत्ति जब्त कर राष्ट्रद्रोह की कार्रवाई और नागरिकता समाप्त करने की मांग की गई। संगठनों ने उत्तराखंड के सीएम के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया। संगठनों ने कहा कानून का पालन कराने वाली पुलिस पर गोलियां चलाई गईं। जिससे कई पुलिस वाले घायल हो गए। पुलिस और सेना राष्ट्र का प्रतीक है। हमलावरों ने पुलिस पर हमला करके राष्ट्रद्रोह किया है। संगठन ने हमलावरों पर राष्ट्रद्रोह की कार्रवाई करने, दंगाइयों की संपत्ति जब्त कर घरों पर बुलडोजर चलाने और दंगाइयों की नागरिकता समाप्त करने की मांग की। इस दौरान संगठन प्रदेश महामंत्री सुनील गुप्ता, अनुपम शंखधार, पवन हिंदू, अवधेश मौर्य, रोहित शर्मा, निर्मल हिंदू, बृजभान हिंदू, हिमांशु सोलंकी, आशीष त्रिपाठी, राजेश मौर्य, विपिन मौर्य आदि मौजूद रहे।

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, शाहजहाँपुर

पत्रांक : समग्र शिक्षा/एम.आई.एस./8365-72/2023-24 दिनांक : 09.02.24

प्रेस विज्ञप्ति

जनपद शाहजहाँपुर में संचालित कक्षा 01 से कक्षा 12 तक के समस्त सरकारी/सहायता प्राप्त/मान्यता प्राप्त विद्यालयों (सी.बी.एस.ई.) आई.सी.एस.सी., बेसिक शिक्षा, माध्यमिक बोर्ड, अल्पसंख्यक विभाग से संचालित मदरसा, केन्द्रीय विद्यालय एवं अन्य के द्वारा यू-डायस+2023-24 ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से विद्यालय प्रोफाइल, शिक्षक प्रोफाइल एवं छात्र प्रोफाइल भरना अनिवार्य है, परन्तु कतिपय विद्यालयों (कक्षा 01 से 12) द्वारा अभी तक अपने विद्यालय का यू-डायस+2023-24 में विद्यालय प्रोफाइल, शिक्षक प्रोफाइल एवं छात्र प्रोफाइल ऑनलाइन अपडेट नहीं किया गया है।

ऐसे प्रबन्धक/प्रधानाचार्य अपने विद्यालय का डाटा इन्ट्री एवं सत्यापन वेगसाइट https://udiseplus.gov.in पर यूजर नेम एवं पासवर्ड डालकर लॉगइन कर दिनांक 14.02.2024 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करायें। यदि विद्यालय द्वारा यू-डायस में ऑनलाइन डाटा इन्ट्री/अपडेशन कार्य पूर्ण नहीं किया जाता है, तो यह मानते हुए कि उक्त विद्यालय संचालित नहीं है अथवा संचालन हेतु इच्छुक नहीं है, सम्बन्धित विद्यालय के यू-डायस कोड एवं मान्यता प्रत्याहरण की कार्यवाही जा सकती है। यू-डायस+ में उपरोक्त डाटा अपलोड न करने के उपरान्त भी सम्बन्धित विद्यालय के संचालित पाये जाने पर विद्यालय के विरूद्ध शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अन्तर्गत आर्थिक दण्ड लगाते हुये विधिक कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिए सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य/प्रबन्धक व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।

(रणवीर सिंह)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, शाहजहाँपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत बबक्करपुर वि.खं. ददरौल, शाहजहाँपुर

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बबक्करपुर की स्वीकृत कार्य योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुसार मनरेगा योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य कराया जाना है।

क्र.सं.	कार्य का नाम	माप	अनुमानित लागत
1.	घासीराम के मकान से पातीराम के मकान तक इंटरलॉकिंग सड़क व नाली निर्माण	85 मीटर	3,76,556

उक्त वर्णित कार्य के लिये सामग्री क्रय हेतु जिसमें इंटरलॉकिंग ईट, ईट (प्रथम) रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, बजरी आदि सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 12.02.24 तक अपरान्ह 12 बजे तक आमंत्रित की जा रही है। जिसे दिनांक 13.02.24 को अपरान्ह 12 बजे ग्राम पंचायत के कार्यालय पर खोली जायेगी। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

श्रीमती नीलम वर्मा — ग्राम प्रधान
धर्मेन्द्र मिश्रा — सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत कॉंवर खास, विकास खंड शेरगढ़, जिला बरेली

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कॉंवर खास, विकास खंड-शेरगढ़, बरेली में सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य मनरेगा योजना के अन्तर्गत कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु ईंट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, बजरफुट, सरिया, आदि सामग्री की सप्लाई हेतु अल्पकालीन निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं। इच्छुक फर्मो से निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनाँक 10 फरवरी 2024 से 12 फरवरी 2024 अपरान्ह 3 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी और उसी दिन सायं 4 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्तें लागू रहेंगी।

क्र.सं.	कार्य का नाम	माप	अनु० लागत
1.	ग्राम पंचायत कॉंवर खास में अन्नपूर्णा भवन निर्माण कार्य	-	7,75,000/-
2.	बाबू राम के घर से चौकीदार के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य	90x4 मी.	3,99,000/-
3.	कुँए से छोटे लाल जाटव के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य	95x4 मी.	3,70,000/-
4.	छोटे लाल जाटव के घर से तालाब तक नाला निर्माण कार्य	172 मी.	7,50,000/-

प्रधान-मान सिंह — सचिव-राहुल राना

कार्यालय ग्राम पंचायत गठौना वि.खं. उझानी, बदायूँ

पत्रांक : ग्रा.पं.सं./मनरेगा निर्माण कार्य/2023-24 दिनांक : 07.01.2024

अल्पकालीन निविदा

विकास खण्ड उझानी की ग्राम पंचायत गठौना मनरेगा/ग्राम निधि योजना अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, रोड़ी, बजरी, रेता, बजरफुट, स्टील, लोहा एवं सरिया आदि की आपूर्ति की इच्छुक समस्त अधिकृत फर्मो पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 15.02.2024 समय 02:00 बजे तक निविदा सम्बन्धित शर्तो तथा सामग्री की मात्रा की जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम पंचायत सचिव से जानकारी कर नियत शुल्क 500/- रू. जमा उपरान्त निविदा फार्म प्राप्त कर अपने सीलबंद धरोहर टेक्निकल विट व निविदा जमा करें। जोकि उसी दिन सायं 3:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय पर नियत कमेटी द्वारा खोले जायेंगे। एवं आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की मात्रा हेतु Abstract of Cost किसी भी कार्य दिवस में सम्बन्धित ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से कार्य दिवस में निर्धारित अवधि में निर्धारित शुल्क 500/- प्रति फार्म प्राप्त कर सकते हैं। कार्यो का विवरण निम्नवित है :-

क्र.सं.	ग्राम पंचायत का नाम	कार्य का विवरण स्थल सहित	कार्य की माप/सं.	कार्य की अनु. धनराशि (लाख)
1.	गठौना	ग्राम गठौना में इसाक के घर के पास पार्क निर्माण कार्य	1	300706

निविदा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

ग्राम प्रधान/पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत गठौना, बदायूँ।

कार्यालय जिला पंचायत, शाहजहाँपुर

पत्रांक : सी-551/जि.पं.सम्पत्ति/2023-24 दिनांक : 31.1.24

नीलाम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत शाहजहाँपुर के प्रबन्धाधीन विकास खण्ड मिर्जापुर भरतपुर बाग में साप्ताहिक पशु बाजार/बाजार के ठेका वर्ष 2024-25 का नीलाम दिनांक 16.02.2024 को समय 11:00 बजे कार्यालय जिला पंचायत शाहजहाँपुर में किया जायेगा। बोलीदाता को बोली बोलने से पूर्व जमानत के रूप में अंकन 10000/- रूपये जमा करना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही जिला पंचायत के स्वामित्वाधीन बादशाहनगर कहेलिया मार्ग, जलालाबाद खण्डहर मार्ग, पुवायां निगोही मार्ग, कटरा खुदागंज मार्ग, बण्डा पूरनपुर मार्ग, कांट मदनापुर मार्ग की आम फसल बहार का भी नीलाम उक्त दिनांक को ही किया जायेगा। फसल बहार लेने वाले व्यक्ति को अंकन 2000/- रूपये जमानत जमा करना अनिवार्य होगा। सर्वोच्च बोलीदाता को बोली की समस्त धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी। नीलामी के समय जो भी नीलाम समिति द्वारा व्यवस्था दी जायेगी वह सभी को मान्य होगी। सर्वोच्च बोलीदाता को अपने व्यय पर अनुबंध करना होगा तथा जिला पंचायत द्वारा निर्धारित दरों पर उगाही का कार्य करना होगा। नीलाम स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी को होगा। यदि उपरोक्त नीलाम तिथि को किसी कारणवश नीलाम नहीं हो पाता है तो नीलाम की कार्यवाही प्रत्येक बुधवार को निर्धारित समय व स्थान पर की जाएगी। अन्य जानकारी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, शाहजहाँपुर

कुपोषित बच्चों की पहचान के तरीके बताए : देवरनियां, अमृत विचार : कुपोषण मुक्ति के लिए ब्लॉक दमखोदा सभागार में स्वास्थ्य विभाग की ओर से आगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण में कुपोषित बच्चों को पहचाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान डॉ. कलीम और यूनीसेफ के बीएमसी महमूद अहमद, बाल विकास परियोजना अधिकारी भानू प्रताप मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत धर्मपुरा, विकास खंड शेरगढ़, जिला बरेली

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत धर्मपुरा, विकास खंड-शेरगढ़, बरेली में सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य मनरेगा योजना के अन्तर्गत कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु ईंट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, बजरफुट, सरिया, आदि सामग्री की सप्लाई हेतु अल्पकालीन निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं। इच्छुक फर्मो से निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनाँक 10 फरवरी 2024 से 12 फरवरी 2024 अपरान्ह 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी और उसी दिन अपरान्ह 3 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्तें लागू रहेंगी।

क्र.सं.	कार्य का नाम	माप	अनु० लागत
1.	छुटटू खां की दुकान से जाबिर के मकान तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य	126x3 मी.	4,25,000/-

प्रधान-शरीफ खां — सचिव-नन्हें खां

कार्यालय ग्राम पंचायत बरीपुरा, विकास खंड शेरगढ़, जिला बरेली

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बरीपुरा, विकास खंड-शेरगढ़, बरेली में सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य मनरेगा योजना के अन्तर्गत कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु ईंट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, बजरफुट, सरिया, आदि सामग्री की सप्लाई हेतु अल्पकालीन निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं। इच्छुक फर्मो से निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनाँक 10 फरवरी 2024 से 12 फरवरी 2024 अपरान्ह 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी और उसी दिन अपरान्ह 3 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्तें लागू रहेंगी।

क्र.सं.	कार्य का नाम	माप	अनु० लागत
1.	ग्राम पंचायत वरीपुरा में मन्दिर से शेर सिंह के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य	210x3 मी.	8.9246 लाख
2.	राम बहादुर के घर से नहर की पुलिया तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य	160x3 मी.	7 लाख

प्रधान-सुषमा देवी — सचिव-राहुल राना

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 484/ई-टेण्डर/23-24 दिनांक 31.01.2024

अल्पकालीन ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन लाइन ई-निविदा दिनांक 12.02.2024 से दिनांक 20.02.2024 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 20.02.2024 को अपरान्ह 12:30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

क्रम सं0	कार्य का नाम	खण्ड का नाम	निविदा की अनुमानित लागत (लाख रू0)	निविदा की धरोहर धनराशि (लाख रू0)	टेण्डर फीस व स्टेशनरी चार्ज+ जी0एस0टी0 (रू0)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	फर्म/ ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी (मार्ग कार्य)
1	2	3	4	5	6	7	8
	वित्तीय वर्ष 2023-24 में विशेष मरम्मत के कार्य						
1	बहेड़ी रूद्रपुर मार्ग के किमी0 10 से इटौआ खुशहाल मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	7.80	0.78	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
2	मण्डनपुर गौटिया गुरवारा मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	8.60	0.86	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
3	मुड़िया नवीबक्श से गोठा सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	7.80	0.78	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
4	भिटौरा-बहेड़ी आदिलपुर मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	6.20	0.62	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
5	रिछा जहानाबाद से मंगतपुर मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	17.7 0	1.77	944.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
6	भूड़ा फरीदपुर से भिलैया मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	7.40	0.74	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
7	चक नरकुंडा से नरकुंडा सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	15.00	1.50	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
8	लवेदी सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	5.60	0.56	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
9	मुड़िया नवीबक्श मार्ग से बकैनिया खजुरिया मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	16.20	1.62	944.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
10	भिटौरा-बहेड़ी से नगरिया कला मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	22.10	2.21	944.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
11	रा0मा0 24 से मीरापुर गौतारा होते हुए पिथुपुरा मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	13.10	1.31	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
12	एन0एच0-24 से पदारथपुर भिण्डौरिया मार्ग	प्रान्तीय खण्ड , लो0नि0वि0 बरेली	17.50	1.75	944.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
13	धारूपुर से परतासपुर मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	13.10	1.31	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
14	बरेली बीसलपुर मार्ग किमी 5 से सिमरा अजूबा बेगम	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	14.00	1.40	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
15	बरेली बीसलपुर से तैय्यतपुर मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	8.80	0.88	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
16	बरेली बदायूं मुख्य मार्ग कि0मी0 57 में स्थित ट्रान्सफार्मर के सामने सर्वोदय नगर मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	13 .40	1.34	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
17	कैनाल मार्ग से धारूपुर मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	8.80	0.88	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
18	कैनाल मार्ग से सैदपुर होते हुए लश्करीगंज मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	8.70	0.87	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
19	सारीपुर सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	8.80	0.88	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
20	टहाताजपुर मार्ग से यामनगर गौटिया मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	14.10	1.41	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
21	घंघोरा घंघोरी से मझौआ गंगशपुर मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	6.00	0.60	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
22	घंघोरा घंघोरी से ठिरिया ठाकुरान मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	7.60	0.76	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
23	बरेली बागेश्वर मार्ग से इटौआ कैदारनाथ मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	30.20	3.02	944.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
24	बरेली नैनीताल मार्ग से रायपुर शमाद खॉं के मकान तक	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	12.10	1.21	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
25	सीबीगंज जोगीठेर मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	27.20	2.72	944.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
26	देवरनिया भदरक मार्ग से भीकमपुर सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	11.20	1.12	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
27	चकदाह से अमौर मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	14.50	1.45	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
28	अकीलाबाद से निर्भुआ सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	7.40	0.74	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
29	सागलपुर कब्रिस्थान से फरीदपुर तक मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	20.70	2.07	944.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
30	रूकमपुर पुलिया से पीलीभीत सीमा तक मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	4.10	0.41	767.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
31	कुंवरपुर से सावर खेड़ा मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	8.20	0.82	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
32	मिलक अलीनगर से रत्ना चुन्नीलाल मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	14.00	1.40	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
33	हाफिजगंज सैंथल जादोपुर से सिथोलिया खाम सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	12.30	1.23	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
34	पीलीभीत बरेली मार्ग से फरीदपुर नहर की पटरी होते हुए सैंथल तक मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	23.10	2.31	944.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
35	रम्पुरा विसी से ज्योति जागीर मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	6.10	0.61	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
36	शाहपुर इनायत उल्ला से चन्द्रमापी से जोगीठेर मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	12.30	1.23	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
37	फरीदपुर कैनाल ब्रांच मार्ग से आसपुर हसनअली मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	8.35	0.84	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
38	नकटीनारायनपुर से नौगवा भगवन्तपुर मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	6.20	0.62	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
39	नवाबगंज बीजामऊ कैमुआ कटैया मार्ग किमी0 5 से सभापुर सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	7.80	0.78	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
40	नवाबगंज शहरी भाग किमी0 1 से बोहर नगला होते हुए देशनगर सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	20.70	2.07	944.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
41	अहमदाबाद से मधुकरपुर मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	14.50	1.45	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी
42	लाभाखेड़ा से अहमदाबाद मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	20.50	2.05	944.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
43	नबाबगंज बिजौरिया कल्यानपुर मार्ग से नवदिया अख्तियारपुर मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	17.40	1.74	944.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
44	बराबरौर मार्ग से डण्डिया मोहसिन सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	18.00	1.80	944.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी
45	सेंथल बरौर से लाईखेड़ा मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	28.50	2.85	944.00	तीन माह	ए, बी, सी, डी

2. निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर Login किया जा सकता है।

UP - 202584 दिनांक 08.02.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

(नारायण सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0बरेली

हल्द्वानी की घटना को लेकर प्रशासन रहा सतर्क, की गस्त

संवाददाता, बहेड़ी

अमृत विचार : उत्तराखंड के हल्द्वानी में गुरुवार को अवैध निर्माण को हटाने को लेकर हुए बवाल और एक धार्मिक नेता की टिप्पणी के चलते जुमे के दिन कोई अप्रिय घटना न हो पाया इसलिए, पूरा प्रशासन सतर्क रहा। एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय व एडीशनल एसपी डॉ. तेजवीर सिंह ने सुरक्षा बलों के साथ उत्तराखंड बार्डर पर हर आने जाने वाले पर नजर रखी और वाहनों की चेकिंग कर संदिग्ध लोगों की जांच की।

फरीदपुर में टोल प्लाजा पर पुलिस प्रशासन ने की चेकिंगः फरीदपुर में एसडीएम निधि डोंडवाल, तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह, सीओ गौरव सिंह, इंस्पेक्टर रामसेवक सभी नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में घूम स्थिति पर नजर रखीं। वहीं नमाज के वक्त सभी मस्जिदों के बाहर पुलिस मुस्तैद रही ताकि कहीं कोई खुराफात न हो । नमाज के बाद तौकीर रजा के समर्थक बरेली जाने को रवाना हुए लेकिन अधिकारियों ने फरीदपुर टोल प्लाजा के पास खड़े होकर टोल के सभी लेन बंद करा दिए और एक दो लेनों को चालू रखकर उनसे गुजर रहे सभी वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान तौकीर राजा के समर्थन में बरेली जाते नजर आए कार, बाइक सवारों को वापस लौटाया गया। किराए के वाहनों को चेक कर उनमें बैठे लोगों को भी उतरवाया गया। शाम तक पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में रहा हालांकि क्षेत्र में सबकुछ सामान्य रहा।

भोजीपुरा में पुलिस ने बरती विशेष सतर्कता

भोजीपुरा, अमृत विचार : आईएमसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खान की ओर से शुक्रवार को दी जाने वाली गिरफ्तारी को लेकर भोजीपुरा पुलिस सतर्क रही। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जगत सिंह के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने अपने पूरे क्षेत्र में कड़ी नजर रखी । दरअसल ज्ञानवापी मस्जिद , उत्तराखंड में मदरसा और नमाज स्थल को अवैध मानते हुए ध्वस्त किए जाने को लेकर मुस्लिम संगठनों की लगातार आक्रोश भरी प्रतिक्रियाएं सामने आई, उसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने विशेष सतर्कता बरती।

आंवला में एसडीएम ने किया पैदल मार्च

आंवला, अमृत विचार : हल्द्वानी और बरेली की घटना को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। एसडीएम आंवला गोविंद मौर्य, सीओ आंवला नीलेश मिश्र ने पुलिस बल के साथ नगर में पैदल मार्च किया ।जुमे की नमाज को लेकर पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की। मस्जिदों और प्रमुख चौराहों पर पुलिस कर्मी तैनात रहे। बरेली की घटना के बाद अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ नगर में पैदल मार्च किया। अधिकारियों ने चौराहे व भीड़ वाले इलाकों में लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने, शांति व्यवस्था बनाएं रखने और किसी भी तरह की खुराफात पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की।

फाइलेरिया रोधी दवा खाने की अपील

शेरगढ़ : 10 से 28 फरवरी तक चलने वाले फाइलेरिया अभियान की सफलता के लिए जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें लोगों से फाइलेरिया रोधी खुराक सेवन करने की अपील की गई। शुक्रवार को चिकित्सा अधीक्षक डॉ.गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में जागरूकता रैली स्वास्थ्य कर्मियों ने निकाली , लोगों से फाइलेरिया से बचने दवा खाने की अपील की गई।

पब्लिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल पीरामल कैपीटल एण्ड हाउसिंग फाइनेन्स लि. शाखा बरेली से निदा सलीम पत्नी अहमद मियाँ नि. 146, गढ़ैया खन्नू मोहल्ला, किला बरेली एक किता मकान नं. 36 रकबई 43.91 वर्गमी. वाके मो. रेती तह. व जिला बरेली जिसकी चौहद्दी पूरब में मकान ऋषिपाल आदि, पश्चिम में मकान हरप्रसाद आदि, उत्तर में मकान कमाल खां व दक्षिण में गली 6 फिट चौड़ी बादहू मकान कन्हैया लाल आदि है को बंधक रखकर मेरे मुवक्किल से ऋण ले रहे हैं। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित एक मूल इकरारनामा निरस्तीकरण जो श्रीमती निदा सलीम के पक्ष में श्रीमती इरम ने किया था जिसकी रजिस्ट्री स.र. बरेली में दिनांक 07.03.2020 को बही सं. 1 जिल्द सं. 12091 के पृष्ठ 01 से 42 पर क्रमांक 2699 पर हुई है व एक मूल बैनामा जो श्री यासीन के पक्ष में श्रीमती गंगादेई ने किया था जिसकी रजिस्ट्री स.र. बरेली में दिनांक 29.06.2011 को बही सं. 1 जिल्द सं. 4619 के पृष्ठ 97 से 134 पर क्रमांक 7386 पर हुई है व एक मूल बैनामा जो तोताराम रस्तोगी के पक्ष में गंगादेई ने किया था जिसकी रजिस्ट्री स.र. बरेली में दिनांक 09.09.1997 को फो.0प्र.पं. सं. 1 खण्ड 481 के पृष्ठ 53 से 68 पर क्रमांक 5612 पर हुई है जो कहीं खो गये हैं जिनके खोने की सूचना दिनांक 08.02.2024 को थाना किला बरेली में दर्ज कराई जा चुकी है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति/बैंक/संस्था आदि को उक्त बंधक सम्पत्ति के सम्बंध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 15 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल पीरामल केपीटल एण्ड हाउसिंग फाईनेन्स लि. शाखा बरेली पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है। उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा उक्त ऋण जार कर दिया जायेगा। दिनांक : 09.02.2024

मुनीश कुमार सक्सेना, एडवोकेट
चैम्बर नं. 27 न्यू बिल्डिंग
बंगलिया सिविल कोर्ट, बरेली
सूचीबद्ध अधिवक्ता
पी.के.ए.हा.फा.लि. बरेली
मो.नं. 9997389012

कार्यालय ग्राम पंचायत खजुरिया श्रीराम वि.खं. इस्लामनगर बदायूं

अल्पकालीन निविदा 09-02-2024

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बदरफुट ईट, सरिया, एंगिल, रोडा) आदि को सूचित किया जाता है कि मनरेगा राज्य वित्त, केन्द्र वित्त योजना (2023-24) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत खजुरिया श्रीराम वि. खं. इस्लामनगर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निवादाएं आमंत्रित की जाती है। अतः समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 16.02.2024 को शाम 3:00 बजे तक कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

क्र.सं.	कार्य का विवरण	अनुमानित धनराशि
1.	पुलिया से स्योराज के घर तक खडण्जा/नाली/मिट्टी/निर्माण कार्य	प्राकल्लन के अनुसार
2.	राम बहादुर के स्कूल से रामफूल के घर तक खडण्जा/नाली/मिट्टी निर्माण कार्य	प्राकल्लन के अनुसार

सचिव — प्रधान

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 799/453सी0(ई0टेण्डर)-3/2023-24 दिनांक: 27.01.2024

ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से मदवार दरों पर ई-निविदा दिनांक 12.02.2024 से दिनांक 26.02.2024 की मध्यान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता बिड से संबंधित अभिलेख जैसे कि कान्ट्रेक्ट डाटा, प्रपत्र, शर्ते, विशिष्टियॉं, बिल ऑफ क्वाटिन्टी एवं बिड की संशोधित/परिशिष्ट शर्तो इत्यादि का भली-भॉंति परीक्षण कर लें। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 26.02.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑन-लाइन खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

क्र0 सं0.	कार्य का नाम	खण्ड का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख मे)	कार्य पूर्ण करने अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य) (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0)	ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1 .	जनपद बरेली में फरीदपुर बीसलपुर मार्ग से मेहत्तरपुर तिजा सिंह खनपुरा होते हुए मढैया मार्ग (अन्य जिला मार्ग)(लम्बाई 14 .100किमी0) के चौडीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।	निर्माण खण्ड-1 लो0नि0वि0,बरेली	2860.18	42.91	12 माह	2725.00	ए (मार्ग कार्य)

2. निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉन ऑन किया जा सकता है।

UP - 202583 दिनांक 08.02.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

(राजीव अग्रवाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1 लो0नि0वि0 बरेली

(अभिनेश कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0 बरेली

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बदायूँ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक: 612/76सी0(ए)(ई-टेण्डर)-08/2023-24 दि0 24/01/2024

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

1.महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बदायूँ/पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, पीलीभीत/निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, पीलीभीत के क्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ई-निविदा प्रतिशत दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र बेवसाइट/पोर्टल पर दि0 12.02.24 से दिनांक 24.02.2024 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें एवं तकनीकी विड दिनांक 24.02.2024 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	बिड सिक्युरिटी (रू0 लाख में)	बिड डाक्यूमेन्ट का मूल्य (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने का समय	फर्म/ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी (मार्ग कार्य)
1	2	3	4	5	6	7
	निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, पीलीभीत					
1	शाही जहानाबाद मार्ग से तेजनगर सम्पर्क मार्ग का पुनः निर्माण कार्य।	35.00	3.50	रू0 2714.00	02 Month	A, B & C
	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, पीलीभीत					
2	जनपद पीलीभीत में वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत पीलीभीत खटीमा मार्ग से मुख्तयार कालोनी सम्पर्क मार्ग के किमी0 1 व 2(500) में पुर्ननिर्माण कार्य।	95.00	6.75	रू0 2714.00	06 Month	A & B
3	जनपद पीलीभीत में वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत किशनपुर हरिपुर सम्पर्क मार्ग के शेष भाग का पुर्ननिर्माण कार्य।	54.00	4.70	रू0 2714.00	04 Month	A, B & C
4	जनपद पीलीभीत में वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत पीलीभीत बस्ती मार्ग से नवदिया दुर्जनपुर सम्पर्क मार्ग के पुर्ननिर्माण कार्य।	330.00	18.50	रू0 2714.00	12 Month	A
5	जनपद पीलीभीत में वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत पीलीभीत बस्ती मार्ग से नवदिया दुर्जनपुर कलां सम्पर्क मार्ग के पुर्ननिर्माण कार्य।	345.00	19.25	रू0 2714.00	12 Month	A

2. निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉन ऑन किया जा सकता है।

UP - 202708 दिनांक 08.02.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

(संजीव कु0 जैन)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लोनिवि, पीलीभीत।

(उदय नारायण)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लोनिवि, पीलीभीत।

(रवि दत्त कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
बदायूँ/पीलीभीत वृत्त, लोनिवि, बरेली।

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक 122, सिविल लाइन्स, बरेली।

सर्व साधारण को सूचना

परिषद की राजेन्द्र नगर यो.सं.-2, बरेली में स्थित दु.आ.वर्ग भवन सं.-सी-723 आवास विकास परिषद द्वारा सरदार सतवंत सिंह पुत्र श्री सरदार केसर सिंह को प्रदेशन पत्र सं.-242 दि. 09.01.1985 द्वारा आवंटित किया गया था। सरदार सतवंत सिंह पुत्र श्री सरदार केसर सिंह ने श्री शंकर दास पुत्र श्री चतुरी प्रसाद को अपना मुख्त्यारेआम नियुक्त किया गया था। श्री शंकर दास पुत्र श्री चतुरी प्रसाद ने मुख्त्यारेआम के आधार पर विक्रय विलेख अपने पक्ष में दि. 23.02.2000 को निष्पादित करा लिया गया। अब उनकी पत्नी श्रीमती सुशीला देवी पत्नी स्व. श्री शंकर दास द्वारा अवगत कराया है कि उनके पति स्व. शंकर दास की मृत्यु दि. 07.06.2023 को हो चुकी है उनकी मृत्यु उपरान्त उक्त भवन का अन्तरण मृत्यु के आधार पर अपने पक्ष में कराने हेतु परिषद नियमानुसार निम्न प्रपत्र आन लाईन प्रार्थना पत्र के माध्यम से कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं।

अतः एतद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजेन्द्र नगर यो.सं.-2, बरेली में स्थित दु.आ. वर्ग भवन सं.-सी-723 श्री शंकर दास पुत्र श्री चतुरी प्रसाद की मृत्यु दि. 07.06.2023 को हो जाने के फलस्वरूप भवन का अन्तरण उनकी पत्नी श्रीमती सुशीला देवी पत्नी स्व. श्री शंकर दास के पक्ष में किया जाना है। भवन सं.-सी-723 के अन्तरण में किसी प्रकार की यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर कार्यालय में साक्ष्य सहित आपत्ति दाखिल कर सकते हैं। समय सीमा व्यतीत हो जाने के उपरान्त किसी भी आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा तथा तदनुसार सम्पत्ति का अन्तरण श्रीमती सुशीला देवी पत्नी स्व. श्री शंकर दास के पक्ष में करने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

आज्ञा से सम्पत्ति प्रबन्धक

कार्यालय ग्राम पंचायत कमालपुर शुमाली, विकास खंड शेरगढ़, जिला बरेली

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कमालपुर शुमाली, विकास खंड-शेरगढ़, बरेली में सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य मनरेगा योजना के अन्तर्गत कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु ईंट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, बजरफुट, सरिया, आदि सामग्री की सप्लाई हेतु अल्पकालीन निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं। इच्छुक फर्मो से निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनाँक 10 फरवरी 2024 से 12 फरवरी 2024 अपरान्ह 3 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी और उसी दिन अपरान्ह 3 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्तें लागू रहेंगी।

क्र.सं.	कार्य का नाम	माप	अनु० लागत
1.	ग्राम पंचायत कमालपुर शुमाली में हरिओम के मकान से मो. इरफान के मकान तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य	100x3 मी.	3,95,000/-
2.	ग्राम पंचायत कमालपुर शुमाली में हरका प्रसाद के घर से ओम प्रकाश के मकान तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य	90x3 मी.	3,90,000/-

प्रधान-रानी — सचिव-प्यारे लाल यदुवंशी

स जीवति गुणा यस्य धर्मो यस्य च जीवति।
गुणधर्मविहीनस्य जीवनं निष्प्रयोजनम्॥

जिस व्यक्ति के धर्म और गुण जीवित हैं। वास्तविकता में वही जीवन जी रहा है। इनके बिना जीवन का कोई अर्थ नहीं है।

संपादकीय

सुरक्षित हिंद महासागर क्षेत्र

हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) भू-राजनीति के लिए हाल के दिनों में निर्णायक बन गया है। क्षेत्र में चीन की बढ़ती मौजूदगी, सामरिक उद्देश्यों के लिए उसकी आर्थिक भागीदारी और भू-राजनीतिक हसरतों ने आईओआर में अमेरिका, रूस, फ्रांस और यूरोपीय संघ जैसी ताकतों की दिलचस्पी बढ़ा दी है। परिणाम स्वरूप आईओआर में सामरिक प्रतिद्वंद्विता और प्रतिस्पर्धा में बढ़ोतरी हुई है। हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिये साझा जिम्मेदारी और केंद्रित प्रयासों की आवश्यकता है। जलवायु परिवर्तन, समुद्र का बढ़ता स्तर और समुद्री प्रदूषण आईओआर में महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चुनौतियां हैं। हिंद महासागर पर केंद्रित सातवां दो दिवसीय सम्मेलन पर्थ में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में भाग लेने गए विदेश मंत्री ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से शुक्रवार को मुलाकात की और द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी, हिंद-प्रशांत क्षेत्र, पश्चिम एशिया की स्थिति और अन्य क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। सम्मेलन में 22 से अधिक देशों के मंत्री, 16 देशों के वरिष्ठ अधिकारी और 6 बहुपक्षीय संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन का विषय है- स्थाई और सतत हिंद महासागर की ओर। गौरतलब है कि सम्मेलन क्षेत्र के महत्वपूर्ण राज्यों और प्रमुख समुद्री साझेदारों को आम मंच पर लाने का प्रयास करता है ताकि क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (एसएजीएआर) के लिए क्षेत्रीय सहयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया जा सके।

हिंद महासागर सम्मेलन (आईओसी) 2016 में शुरू हुआ था और पिछले वर्षों में यह क्षेत्रीय मामलों पर क्षेत्र के देशों के लिए प्रमुख परामर्शदात्री मंच के रूप में उभरा है। हिंद महासागर क्षेत्र प्रमुख शक्तियों के बीच भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्द्धा के लिए आकर्षण का केंद्र है। प्रतियोगिता में रणनीतिक हित, प्रभाव और संसाधनों तक पहुंच शामिल है, जिससे तनाव और संघर्ष होते हैं। चीन हिंद महासागर में भारत के हितों और स्थिरता के लिए चुनौती रहा है। भारत के पड़ोसी चीन से सैन्य और ढांचागत सहायता प्राप्त कर रहे हैं। ऐसे में हिंद महासागर क्षेत्र में सभी भागीदारों के हित के लिए ये ज़रूरी है कि वो एक साथ रहें और इस क्षेत्र में सुरक्षा एवं स्थिरता के सामूहिक हित के लिए काम करें। देशों को अपनी सामाजिक संरचना की रक्षा करते हुए उग्रवाद और कट्टरवाद से उत्पन्न खतरों से निपटने के लिए आवश्यक समाधान सुनिश्चित करना चाहिए। सुरक्षित और स्थिर हिंद महासागर क्षेत्र के लिए आवश्यक सोच, नीति और दृष्टिकोण में प्रमुख बदलाव के साथ ही कई व्यावहारिक कदम उठाए जाने की भी आवश्यकता है।

लोकप्रिय विज्ञान लेखन और भारतीय शब्दावली



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

भारत सरकार द्वारा मानव संसाधन मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाली संस्था 'वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग' द्वारा दो खंडों में प्रकाशित हिंदी भाषा में तकनीकी और वैज्ञानिक शब्दावली कोश होने के बावजूद पिछले 45 वर्ष से हिंदी में विज्ञान की बात सामान्य और साधारण शैली में लिखते हुए अभी तक मैं अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध शब्दावली का इस्तेमाल करने के लिए विवश हूं।

वैज्ञानिक और तकनीकी शब्द अगर ऐसे हैं जिनसे आमजन परिचित नहीं और उन्हें समझने के लिए यदि उसे शब्दकोश का सहारा लेना पड़ेगा तो वह लेख को पढ़ेगा ही नहीं। इसके लिए मुझे लेखन प्रक्रिया के दौरान गैर हिन्दुस्तानी शब्द के भाव और निहितार्थ को समझाने के लिए व्याख्या देनी होती है। प्रिंट मीडिया में उपलब्ध स्पेस में ही अपनी बात कहनी होती है। लोग कहते हैं यह 'पॉपुलर साइंस' शैली है लेकिन मेरा मानना है कि 'आसान' भाषा में लिखा हुआ मजमून आमजन में से अगर पांच प्रतिशत ही पढ़ते हैं तो यह 'पॉपुलर' कैसे हुआ अर्थात न तो लोक विज्ञान हुआ और न ही 'प्रिय'? यह अलग बात है कि विज्ञान की समझ बढ़ाने के लिए रुचि अनुसार लोक शैली में लिखे गए विज्ञान लेख और फीचर्स को पाठक पढ़ लेते हैं। 'पॉपुलर साइंस' टर्म भी पश्चिम के अखबार, पत्रिका या पुस्तिक लेखन के भाषाई स्वरुप से लिया गया शब्द है।

भारतीय परिवेश में सन 1800 से पहले विज्ञान, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग विधाओं में जो नए शब्द सामने आए हैं उनके बनने की प्रक्रिया तब थम गई थी, जब इस्लामिक सल्तनत के देश में स्थापित होने बाद भारत की प्राचीन भाषाओं के चिंतकों और शोधकर्मियों का काम थम गया। सल्तनत और मुगल शासकों के दौर में ईरानी और अरबी मेडिकल सिस्टम्स, खगोल और वारफेयर टेक्नोलॉजी के आने से भाषा सिस्टम बदल कर अरबी-फारसी और बाद में उर्दू में हुआ। इसलिए हम साइंस और टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन में उन दिनों के जर्नल्सनुमा ग्रंथों और यात्रावृत्तों में वैसे ही शब्द देखने के आदी हो गए जैसा कि शासक की भाषा तय हुई। तिब्बिया मेडिसिन की शब्दावली भारतीय भाषाओं और भारतीय परिवेश में सन 1800 से पहले विज्ञान, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग विधाओं में जो नए शब्द सामने आए हैं उनके बनने की प्रक्रिया तब थम गई थी, जब इस्लामिक सल्तनत के देश में स्थापित होने बाद भारत की प्राचीन भाषाओं के चिंतकों और शोधकर्मियों का काम थम गया। सल्तनत और मुगल शासकों के दौर में ईरानी और अरबी मेडिकल सिस्टम्स, खगोल और वारफेयर टेक्नोलॉजी के आने से भाषा सिस्टम बदल कर अरबी-फारसी और बाद में उर्दू में हुआ। इसलिए संस्कृत के साइंटिफिक टेक्स्ट्स से बिलकुल अलग है। इतिहास में जो भी अनुसंधान कर्मी, जैसे कि आर्यभट, वराहमिहिर, चरक और सुश्रुत, अनेक अज्ञात हुनरमंद लोग हुए उन्होंने नई जानकारी की उत्पत्ति होने पर अपनी मातृभाषा में इसे बताने के लिए नए शब्द गढ़े।

जाहिर है जो साइंटिस्ट या टेक्नोक्रैट जिस भाषा का जानकार है वह अपनी भाषा की शाब्दिक धरोहर, जैसे कि लैटिन, ग्रीक, स्पेनिश, मंडारिन, बांग्ला, तमिल, मराठी और हिंदी में ही शब्द गढ़ेगा न कि अंग्रेजी या स्वाहिली में। मध्य-अठारहवीं सदी में जब विज्ञान और टेक्नोलॉजी में रिसर्च से नए ज्ञान के सृजन के प्रयासों में तेजी से वृद्धि हुई और नए ज्ञान की नहीं बल्कि इसे पब्लिश करके साझा करने और दूसरों से समर्थन पाने की तीव्र उत्कंठा बनी तो विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित हज़ारों नए शब्द भी अस्तित्व में आए। कॉलोनियल टाइम्स में यूरोपियन देशों की कॉलोनीज में भी शासक देश की भाषा का वर्चस्व स्थापित हुआ तो उपनिवेशों में मातृभाषा में विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित शब्दों की उत्पत्ति की सृजनात्मक और कुदरती प्रक्रिया को बड़ा धक्का लगा। सभी उपनिवेशों में विज्ञान और टेक्नोलॉजी में स्वामी देश द्वारा शोध से उत्पन्न जो शब्दावली बनी उसे ही इस्तेमाल करने की मजबूरी बनी। स्थानीय या वर्नाक्यूलार भाषाओं में खुद के इस्तेमाल के लिए भी एक बंधन के रूप में हाल में सामने आ रही औपनिवेशकालीन अध्येताओं ने इसे एक बाधा के रूप में पहचाना है। देखा गया है कि भारतीय भाषाओं ने खुद को इस मामले में रुपांतरित करके ही विकसित किया। फिर भी दिक्कतें तो हैं ही और वे इसलिए हैं कि हमारे विज्ञानी और टेक्नोक्रैट्स शोध कार्य करते समय तो अपनी भाषा में सोचते हैं लेकिन एक शोधपत्र लिखते समय वे उसी शब्दावली विज्ञान (टर्मिनोलॉजी) का इस्तेमाल करते हैं जिसका क्रमिक विकास पश्चिम में या अंग्रेजी भाषा के जानकारों से भरी लेबोरेट्री या वर्कशॉप में हुआ। मुझे नहीं लगता कि इस मामले में अब हम अपनी अलग लीक बना पाएंगे।

प्रसंगवश कहें तो आधुनिक रीति से समझे जाने वाले लोकशैली में लिखी जाने वाली वैज्ञानिक और तकनीकी लेखन की शुरुआत भारत में तमिल, मराठी और बंगाली भाषाओं में 19 वीं सदी के साठादि दशक से हुई लेकिन हिंदी में तो बीसवीं सदी के पहले दशक के पूरा होते ही 'विज्ञान' पत्रिका के प्रकाशन से यह यात्रा शुरू हुई। 'विज्ञान' पत्रिका के प्रारंभिक दशकों के अंक देखने से लगता है कि यह पश्चिम के पॉपुलर साइंस लेखन से ही अधिक प्रभावित रही और इसके लेखों में शुरूआती दौर से ही नवाचार (इनोवेशन) और क्रिटिकल एसेस्मेंट या भारतीय विज्ञान और शोध की 'पॉपुलर रिपोर्टिंग' के बारे में अधिक जिक्र नहीं किया गया। इसके उलट अंग्रेज़ और जर्मन इस मामले में अधिक सहज रहे क्योंकि उनके यहां हर विधा पर काम करने के लिए रॉयल सोसाइटीज मौजूद थीं जिनकी स्थापना अठारवीं या इससे पहले की सदी में होने से वहां वैज्ञानिक चिंतन, एक्सप्लोरेशन और शोध प्रकाशन और शोध गोष्ठियों के एक नियमित और चिरंजीवी प्रक्रिया को राजतंत्रीय आशीर्वाद मिलता रहा। कमोबेश या स्थिति यूरोप के सभी देशों में स्थापित हो चुकी थी। ब्रिटेन में उन्नीसवीं सदी से ही साधारण या सामान्य भाषा में विज्ञान की ऐसी पुस्तकों का प्रकाशन शुरू हो चुका था जिनमें लोकरुचि जागृत हुई थी। बाद में लोकरुचि शैली में उन्होंने कुछेक पत्रिकाओं का प्रकाशन शुरू किया जिनमें से 'न्यू साइंटिस्ट' अभी तक प्रकाशित होती है और ब्रिटेन में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी बेहद लोकप्रिय है। इसी तरह अमरीका से साइंस डाइजेस्ट, पॉपुलर साइंस, ओम्नी और साइंटिफिक अमेरिकन का प्रकाशन हुआ जिनमें से अब सिर्फ साइंटिफिक अमेरिकन ही जीवित है। इसका इंडियन एडिशन भी कुछेक साल से प्रकाशित किया जाता है।

विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित सामग्री में पाठकीय रुचि तभी पैदा होती है जब पाठक को मालूम हो कि कैसी और किस प्रकार की सामग्री कहां से और कैसे उपलब्ध होती है। इंटरनेट युग के आगाज और संगठनों और संस्थाओं की वेबसाइट बनने से पहले संयोग से ही किसी लोकरुचि विज्ञान पत्र या पत्रिका के बारे में मालूम हुआ करता लेकिन वर्ल्डवाइड वेब होने से अब इसे आसानी से वे लोग ढूंढ सकते हैं जिनकी रुचि है। वेबसाइट से बहुत सी सामग्री अब फुल टेक्स्ट, फ्री, पीडीऍफ फॉर्मेट में डाउनलोड करके पढ़ी जा सकती है। पार्श्व- जिज्ञासा वाली बात यह जानना भी होना चाहिए कि सल्तनत और मुग़ल काल से पहले भारत में साइंटिफिक, टेक्निकल और इंजीनियरिंग से संबंधित शब्दावली का क्रमिक विकास कैसे होता रहा और यह किन संदर्भो और भाषाओं में विकसित हो पाई थी। इसके लिए भारतीय ज्ञान दर्शन के ग्रंथों -जैसे कि खगोल विज्ञान और समय की अवधारणों की व्याख्या करने वाले शब्द, गणित और गणनाओं से संबंधित शब्द और चिन्ह, आयुर्वैज्ञानिक टेक्स्ट्स, संगीत और साजों की शब्दावली, गृह निर्माण, वस्त्र-परिधान से संबंधित शब्दावली, मौसम और जल से जुड़ी हुई शब्दावलियां, खनन और धातु विज्ञान की शब्दावली, औजारों और इनकी सहायता से निर्मित होने वाली वस्तुएं जैसे कि आभूषण और बर्तन, ट्रांसपोर्ट व्हीकल्स, पशुओं और पशु चिकित्सा संबधित शब्दावली, औषधि और आहार संबंधी शब्दावली को हमें ढूंढ और संकलित करके कोश के रूप में प्रकाशित करना होगा। इस एक प्रयोजन से ही भारत में विज्ञान लेखन और प्रकाशन में आमजन की रुचि बनी रहेगी। कठिनाई यही है कि 500 साल पुराने शब्द क्या नई साइंस और टेक्नोलॉजी को उस रूप और प्रयोजन से बता पाने में सक्षम होंगे? इसके लिए हमें अंतर-भाषिक शब्दों का इस्तेमाल करना ही होगा क्योंकि इसी एक वजह से हम क्षेत्रीय स्तर (रीजनल लेवल) पर एक बहुभाषी देश में विज्ञान और टेक्नोलॉजी के पॉपुलर रूप की स्वीकार्यता बढ़ा पाएंगे।

> भारतीय परिवेश में सन 1800 से पहले विज्ञान, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग विधाओं में जो नए शब्द सामने आए हैं उनके बनने की प्रक्रिया तब थम गई थी, जब इस्लामिक सल्तनत के देश में स्थापित होने बाद भारत की प्राचीन भाषाओं के चिंतकों और शोधकर्मियों का काम थम गया।

> विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित सामग्री में पाठकीय रुचि तभी पैदा होती है जब पाठक को मालूम हो कि कैसी और किस प्रकार की सामग्री कहां से और कैसे उपलब्ध होती है।

प्रसंगवश

चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न के मायने

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सही कहते हैं कि वे चार साल काम और एक साल राजनीति करते हैं। वाकई उनका कथन सौ फीसदी सत्य साबित होता दिख रहा है। एक तरफ जहां इंडिया गठबंधन बिखर रहा है, वहीं दूसरी ओर एनडीए गठबंधन दिन-ब-दन मजबूत होता जा रहा है। शुक्रवार को दो पूर्व प्रधानमंत्रियों चौधरी चरण सिंह, नरसिंह राव और हरितक्रांति के जनक स्वामीनाथन को देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने के ऐलान से न केवल यह उत्तर से दक्षिण को साधने की मुहिम है बल्कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक तरह से यह नरेंद्र मोदी का यह मास्टर स्ट्रोक ही माना जाएगा। इससे पहले वे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और भाजपा के संस्थापकों में एक पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भी भारत रत्न सम्मान देने का ऐलान कर चुके हैं। चौधरी चरण सिंह की किसानों के मसीहा के रूप में पहचान है। इसमें कोई शक नहीं कि चौधरी साहब जीवन पर्यन्त कभी लोकदल, कभी भारतीय क्रांति दल, कभी जनता पार्टी और कभी जनता दल के जरिए देश के किसानों के लिए आवाज उठाते रहे। उनकी पैठ केवल उत्तर प्रदेश न होकर हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों के किसानों तक थी। वे ग्रामीण भारत के खास किसान नेता थे। यही वजह रही कि वे जब तक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे उत्तर भारत लगभग सभी राज्यों से उनके दल के सांसद जीते। राजनीति में इंदिरा गांधी, अटल बिहारी बाजपेई और चंद्रशेखर जैसे कद्दावर राजनेता भी उनका सम्मान करते थे।

खास बात यह है कि चौधरी चरण सिंह अपने खास वोट बैंक जाटों के अलावा अन्य पिछड़े वर्ग में भी खासी पैठ रखते थे। पिछड़े हिंदू ही नहीं, पिछड़े मुस्लिमों की बड़ी आबादी उनको वोट करती थी। खासकर उत्तर भारत के ग्रामीण परिकर में उनका दबदबा था। उत्तर भारत में उनकी राजनीतिक हैसियत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जब उन्होंने अपने बेटे चौधरी अजित सिंह को अपनी राजनीतिक विरासत सौंपी, तब करीब तीन दर्जन सांसद उनके पास थे। चौधरी चरण सिंह दो बार यूपी के मुख्यमंत्री, केंद्र सरकार में गृह मंत्री और बाद में देश के प्रधानमंत्री बने। उनकी विधानसभा की सीट छपरौली को पूरे देश में पहचान मिली। फिर वे बागपत से सांसद चुने जाते रहे। वे कहते थे कि भारत की समृद्धि का रास्ता किसानों के खेत-खलिहानों से जाता है। जिस दिन इस देश का किसान समृद्ध होगा, भारत भी उतना ही समृद्ध होगा। जहां तक उनकी राजनीतिक विरासत का सवाल है चौधरी साहब कांग्रेस छोड़ने के बाद कांग्रेस विरोधी राजनीति करते रहे, लेकिन उनके सुपुत्र चौधरी अजित सिंह (जो अमेरिका में साफ्टवेयर इंजीनियर थे) ने कांग्रेस का थामन थाम लिया। वे संघर्ष के रास्ते पर चलने के बजाए सत्ता की राजनीति के हामी रहे, इसीलिए धीरे-धीरे हाशिए पर आए गए। यहां तक कि एक समय जहां उनके पास करीब तीन दर्जन सांसद थे, अंत में एक भी सीट नहीं जीत सके।

अपनी मजबूत विरासत वाली सीट बागपत भी खो दी। चौधरी अजित सिंह के बेटे जयंत चौधरी भी नहीं जीते। चौधरी अजित सिंह के निधन के बाद जयंत चौधरी यानी चौधरी चरण सिंह के पौत्र जयंत चौधरी उनकी राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। पिछले की चुनावों में उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से हाथ मिलाया था, लेकिन चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने और राजनीतिक हवा का रुख देखकर उनका एनडीए में शामिल होना निश्चित हो गया है। बस आधिकारिक घोषणा बाकी है। जयंत चौधरी के एनडीए में शामिल होने से निश्चित रूप से जाट लैंड खासकर यूपी के पश्चिमी यूपी में भाजपा को मजबूती मिलेगी।

> खास बात यह है कि चौधरी चरण सिंह अपने खास वोट बैंक जाटों के अलावा अन्य पिछड़े वर्ग में भी खासी पैठ रखते थे। पिछड़े हिंदू ही नहीं, पिछड़े मुस्लिमों की बड़ी आबादी उनको वोट करती थी। खासकर उत्तर भारत के ग्रामीण परिकर में उनका दबदबा था।

गोलेश स्वामी
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

हल्द्वानी पर 'किसकी टिकी नजर'

संदीप मेवाड़ी
वरिष्ठ पत्रकार

ये हुआ क्या मेरे शहर को...। मैं हल्द्वानी हूं। देवभूमि कहे जाने वाले उत्तराखंड का प्रवेश द्वार हूं। साथ ही कौमी एकता की मिसाल भी रहा हूं। यहां दीपावली पर घर घर दीप जला आतिशबाजी होती है। ईद पर हर समुदाय रोजा इफ्तार में शामिल होता है। गुरुद्वारे पर सभी धर्मों के लोग शीश नवाने पहुंचते हैं और क्रिसमस डे पर हर समुदाय चर्चों पर प्रार्थना करने पहुंचता है और सेंटा क्लॉज से उपहार लेता है।

बात करते हैं शहर के बनभूलपुरा क्षेत्र में गुरुवार को हुए 'धमाके' की। दोपहर तक सब कुछ सामान्य दिख रहा था। बनभूलपुरा क्षेत्र में मलिक का बगीचा कहे जाने वाले क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए घरों और धार्मिक स्थलों को हटाने का मामला कई दिनों से शहर की सुर्खियों में बने रहने के साथ ही घर घर लोगों की जुबान पर तैर रहा था। अतिक्रमण ध्वस्त करने के विरोध में हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की गई थी। न्यायालय ने गुरुवार को इस मामले में अतिक्रमणकारियों को राहत देने से इंकार कर दिया, साथ ही सुनवाई के लिए अगली तारीख 14 फरवरी की नियत कर दी। न्यायालय का निर्णय क्या आया, प्रशासन को लगा अब कोई बाधा नहीं है अतिक्रमण ध्वस्त करने में। कुछ तैयारी पहले से थी और कुछ आनन फानन में कर ली गई। शाम करीब चार बजे अतिक्रमण ध्वस्त करने को प्रशानिक अमला, नगर निगम और पुलिस की टीम लेकर अतिक्रमण ध्वस्त करने के लिए मलिक का बगीचा (बनभूलपुरा) के लिए कूच कर गया। पहले कुछ लोग विरोध के लिए मौके पर पहुंचे और देखते देखते आसपास की गलियों, घरों और छतों से पत्थरों की बरसात शुरू हो गई। इस अप्रत्याशित पथराव से बचने के लिए प्रशासन, पुलिस और नगर निगम के साथ ही मीडिया कर्मी जगह ढूंढने लगे। किसको पता था कि ये मानसूनी बरसात है। पुलिस इस पर जितना काबू करने की सोचती, पत्थरों के जगह जगह जमा मेघ उतना ही तेज बरसते जाते। वायरलेस सेट और मोबाइल पर इसकी सूचना जिले के साथ ही पूरे उत्तराखंड में फैलने लगी। पुलिस बल बचाव और शांति व्यवस्था के लिए मौके की ओर दौड़ गया। पर रणनीति तो पहले से ही तैयार थी।

पुलिस मलिक का बगीचा क्षेत्र में हालात काबू भी नहीं कर पाई थी कि बनभूलपुरा थाने में लोगों के झुंड ने हमला कर दिया। तब तक धरा में तो अंधेरा हो चुका था, लेकिन बनभूलपुरा उपद्रवियों की आग से धधक चुका था। नैनीताल जिले से लेकर देहरादून का मुख्यमंत्री कार्यालय तक की नजर हल्द्वानी के हालात और इस पर नियंत्रण की रणनीति बनाने में टिक चुकी थी। देश भर के इलेक्ट्रॉनिक और इंटरनेट मीडिया में लीड खबर में हल्द्वानी धधक रहा था। कुमाऊं भर से पुलिस फोर्स, पीएसी, आईआरबी के साथ ही सेना की मदद मांगी जा रही थी। दूसरी ओर बनभूलपुरा में घिरे पुलिस और मीडिया के जवान अपनी जान की दुहाई मांगने के साथ ही इस चक्रव्यूह से निकलने के लिए जतन में जुटे थे। हालात यहां भी नहीं रुके, आगजनी और पथराव के साथ ही अब गोलियों की तड़तड़ाहट भी बनभूलपुरा की फिजाओं में गूंजने लगी थी। रात करीब नौ बजे तक पूरा बनभूलपुरा क्षेत्र छावनी में तब्दील हो गया और जिलाधिकारी ने कर्फ्यू घोषित कर दिया।

अब बात करते हैं 'उन नजरों' की। घटनाक्रम चल रहा था मालिक के बगीचे में। वहां पर लोगों के विरोध का आभास प्रशासन को भी था। पर... पूरे बनभूलपुरा का आग का गोला बन जाना। थाने के बाहर खड़े दर्जनों वाहन फूंक देना, पेट्रोल बम फेंकना, पत्थरों की बारिश, जवानों और मीडियाकर्मियों को पीट पीटकर जान लेने तक आमदा होना। इससे तो यही लग रहा है कि अमन और शांति की मिसाल देने वाले इस शहर में कुछ ऐसी नजरें टिक चुकी हैं, जो लोगों की भावनाओं को गुमराह कर फिजा बिगड़ने का चक्रव्यूह रच चुकी हैं। जरूरत अब प्रशासन को 'अभिमन्यु' की है। जो 'इन नजरों' को न केवल सामने लाए, बल्कि ऐसा सबक सिखाए कि ये शहर ही नहीं पूरे राज्य और देश के लिए मिसाल बने। यही नहीं, प्रशासन को अब खुद पर भी मंथन करना होगा। खुफिया एजेंसियों को भी अपनी कार्यप्रणाली पर विचार करना होगा। इतना लाव लश्कर होने के बाद भी इतनी बड़ी नाकामयाबी। प्रशासनिक अफसर क्यों नहीं मामले की संवेदनशीलता को समझ पाए। अगर उसकी तरफ से सही तैयारी की गई थी तो क्या खुफिया एजेंसियां धार्मिक अतिक्रमण तोड़ने पर लोगों की प्रतिक्रिया का अंदाजा नहीं लगा पाई। क्या दफ्तरों में बैठकर ही अफसरों को फीडबैक दिया जाता रहा।

> अब बात करते हैं 'उन नजरों' की। घटनाक्रम चल रहा था मालिक के बगीचे में। वहां पर लोगों के विरोध का आभास प्रशासन को भी था।

सोशल फोरम

हमारे जमाने की प्रेमिकाएं

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

हमारे दौर में वैलेंटाइन डे या सप्ताह एक अनजानी-सी चीज़ हुआ करती थी। हां, प्रेम की भावनाएं तब भी थीं, वे उबाल भी मारती थीं और यदाकदा प्रोपोज भी होती थीं। उन दिनों में प्रेम के अंदाज़ अलग और तेवर आज से बहुत जुदा हुआ करते थे। इश्क़ का मतलब चाहे पता न हो, लेकिन ज़ांबाजी इतनी थी कि इश्क के प्रस्ताव तब स्याही से नहीं, खून से लिखे जाते थे। स्कूली दिनों में मैंने खून से तो नहीं, उससे मिलती-जुलती लाल स्याही से ख़त लिखकर अपनी एक सहपाठी को प्रोपोज़ किया था। ख़त 'ये मेरा प्रेमपत्र पढ़कर तुम नाराज़ ना होना' से शुरू हुआ और उस दौर के सबसे धांसू शेर के साथ अंजाम तक पहुंचा था-लिखता हूं ख़त खून से स्याही न समझना / मरता हूं तेरे नाम पे जिंदा न समझना। जैसा कि तब आमतौर पर होता था, ख़त घूम-फिरकर क्लास टीचर के हाथों में पहुंच गया। उसके बाद प्रणय-निवेदन का जो अवदान मिला, वह था हथेली पर सौ- पचास छड़ी और क्लास रूम के बाहर स्कूल की आखिरी घंटी तक मुर्गा बनकर अपनी उस एकतरफा प्रेमिका और उसकी सहेलियों का भरपूर मनोरंजन।

प्रेमिका ज्यादा 'कोमल-हृदय' थी सो चिट्ठी वाली बात घर तक भी पहुंचा दी गईं। फिर हुआ घर में भी इश्क़ का भूत झाड़ने का सिलसिला शुरू। उफ़्फ़ कैसी तो जालिम होती थीं हमारे ज़माने की प्रेमिकाएं! ऐसी दुर्दशा करवाने के बाद हमदर्दी का मरहम लगाना तो दूर, मुस्कुराती हुई बगल से ऐसे निकल जाती थीं कि उस दौर का दूसरा सबसे लोकप्रिय शेर जुबान पर आ जाता था-आकर हमारी कब्र पे तुमने जो मुस्कुरा दिया/ बिजली चमक के गिर पड़ी सारा कफ़न जला दिया। उसके बाद स्कूल-कॉलेज में जिस पर भी प्यार आया, वह अव्यक्त ही रहा। प्रणय-निवेदन का वैसा खूंखार प्रतिदान पाकर दोबारा प्रोपोज करने का साहस कौन जुटा पाता है? अब हिम्मत आई भी है तो तब जब अपने दिन बीत चुके हैं-सब कुछ लुटा के होश में आए तो क्या किया!

-फेसबुक वॉल से

विवाह संस्था को बचाना होगा

प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं

उच्चतम न्यायालय की जस्टिस बीवी नागरथना एवं आगस्टाइन जॉर्ज मसीह की पीठ ने हाल ही में एक मामले में टिप्पणी देते हुए कहा कि विवाह नामक संस्था को बचाना है। भले ही फिर आप हमे पुरातनपंथी ही क्यों ना कहे। निर्णय एक 44वर्षीय अविवाहित महिला की सेरोगेसी प्रेग्नेंसी का था। आजाद, कमाऊ, सामाजिक हैसियत रखने वाली एक महिला अकेलेपन से जूझने के लिए सिंगल मदर बनने को तैयार है पर विवाह कर के नहीं। ये सचमुच भारत जैसे देश में विचारणीय है कि सुप्रीम कोर्ट भी आज विवाह संस्था को बचाने के लिए नसीहत देने को मजबूर हुआ है।

भारतीय जीवन शैली में विवाह केवल दो व्यक्तियों की आवश्यकताओं के आदान प्रदान का साधन नहीं था। वरन ये एक उन्नत समाज के निर्माण की व्यवस्था थी। सप्तपदी के वचन जीवन की सुचारुता का आश्वासन देते थे। संतान को यशस्वी बनाने का दायित्व लेना ही पति पत्नी होना था। उत्तम विवाह एवम उत्तम दंपती उत्तम परिवार वा समाज की गारंटी थे। बड़ी पीढ़ी दूसरी पीढ़ी को नई पीढ़ी के निर्माण के लिए आशीर्वाद देकर आगे बढ़ाती थी। आज विवाह आशीर्वाद देकर नहीं आशंकाएं देकर किए जाने लगे। आश्वासन और आशा नहीं वरन अपेक्षाएं देकर बच्चों को समाज के मैदान में उतार दिया जाता है। संबंधों के प्रारंभ ही अहम और अविश्वास से होने लगे इस स्थिति ने विवाह संस्था को परिवार व्यवस्था को बड़ी चोट पहुंचाई है।

यदि इसके कारणों पर ध्यान दें तो पाएंगे कि स्त्री पुरुष समानता की व्याख्या बहुत भ्रामक रूप से समाज में प्रसारित हुई। समानता का तात्पर्य केवल धन और सामाजिक पद प्रतिष्ठा से जोड़ा जाने लगा। जिसकी प्राप्ति के लिए पारिवारिक दायित्व को बाधा स्वरूप प्रस्तुत कर स्त्री को धीरे-धीरे दूर किया गया। दूसरे जब स्त्री ने बाहर की दुनिया से तालमेल बिठाती स्त्री अपने अंतर के स्त्रीत्व को कमजोरी मानने लगी। तीसरा आपाधापी के इस युग में वैचारिक एवम भावात्मक दृष्टिकोण शून्य की ओर बढ़ने लगे। वैवाहिक जोड़ो में आपसी समझ का अभाव आने लगा। अब कोई प्रेम में झुकने को तैयार नहीं हैं।

चौथा समाज में विविध प्रकार की मॉडरनाइज्ड पद्धतियों ने विवाह की सांस्कृतिक रस्मों तथा परंपराओं को नकार दिया है। ये परंपराएं परिवार के महत्व की व्याख्या करती थी। तरह तरह के गीत और रस्मों के माध्यम से जीवन को सुलझाने की शिक्षा देती थी। जिन्हें व्यापारवाद ने फोटोशूट और डेस्टिनेशन वेडिंग पर लाकर पटक दिया है। पांचवा उपयोग के दौर में हर निर्णय उपयोगिता के सिद्धांत पर तय हो रहा है इसलिए भी विवाह अनुपयोगी माने जाने लगे। उच्चतम न्यायालय ने खासतौर से कहा कि हम पाश्चात्य देशों की भांति इन साधनों को भारतीय समाज में स्वीकार नहीं कर सकते। भारत की जनसंख्या यूं ही कीर्तिमान स्थापित कर रही है। कुछ पश्चिमी देशों में प्रजनन के लिए माता को सरकारी सहायता मिलती है और महिलाओं ने इसी को अपना व्यापार बना रखा है। भारत जैसे पारंपरिक देश में विवाह संस्था यहां के समाज का बुनियादी ढांचा है। यहां सिंगल मदर सिंगल फादर का चलन पचाना मुश्किल है। यहां माता पिता ही नहीं, बड़ी माता, छोटी माता, बुआ ,मौसी, बड़े पापा, छोटे पापा, बाबा,दादी, नाना, नानी मामा मामी और भी ढेरों रिश्ते। ये रिश्ते नाते और रिश्ते निभाने की पद्धतियां छोटे बच्चों को सामाजिक स्वीकृतियां देती थी। उन्हें आत्मविश्वास और सुरक्षा देती थी। बढ़ते तलाक, अलगाव और हिंसा के केस ये पुरजोर स्वरों में कह रहे हैं कि विवाह संस्था को भारतीय समाज में पुनः पुरातन प्रकृति से ही स्थापित करना होगा ।

अध्यात्म में मौन महत्वपूर्ण



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

अध्यात्म जगत में मौन का सदा से ही महत्वपूर्ण स्थान रहा है, क्योंकि अध्यात्म के शिखर को छूने में इस मौन का प्रमुख योगदान होता है। इसलिए हमारी संस्कृति में मौन को किसी भी व्यक्ति के लिए आध्यात्मिक शिखर तक पहुंचने का एक सटीक एवं शाश्वत माध्यम माना गया है। यही कारण है कि हमारे तमाम ऋषि-मुनियों और साधू-संतों ने मौन को अपनी आध्यात्मिक साधना का एक महत्वपूर्ण अंग बनाया, इसे प्रतिष्ठित किया। मौनी अमावस्या के दिन भगवान श्रीहरि विष्णु एवं भगवान शिव की पूजा का विधान है।

माना जाता है कि अमावस्या की सभी तिथियों में से मौनी अमावस्या को बेहद उत्तम माना गया है। इस खास अवसर पर मौन रहना शुभ होता है। मौनी अमावस्या के दिन पवित्र नदी में स्नान करना फलदायी होता है। इस दिन श्रद्धा भाव से भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की जाती है। इसके अलावा दान भी किया जाता है। माना जाता है कि मौनी अमावस्या के दिन दान करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

मौनी अमावस्या के दिन की शुरुआत भगवान विष्णु के ध्यान से करके पवित्र नदी में स्नान करके दान किया जाता है। मान्यता के अनुसार, इस दिन पवित्र नदी या गंगाजल और पानी से स्नान करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

हल्द्वानी में बवाल

48 ट्रेनिंग रिक्रूट (जवान) हिंसा और बवाल में हुए हैं घायल, बटालियन के 9 से 10 जवान गंभीर रूप से हैं घायल

250 से अधिक लोग इलाज के लिए पहुंचे अस्पताल, कर्फ्यू के चलते बेहद कम रही ओपीडी

01 हजार पुलिस कर्मी बनभूलपुरा और शहर की निगरानी कर रहे हैं, इसके अलावा पैरा मिलिट्री फोर्स भी तैनात

05 घंटे तक हुआ पथराव और बलवाइयों ने बनभूलपुरा थाने को किया था आग के हवाले

बनभूलपुरा थाने के बाहर जली पड़ी बाइकों व अन्य वाहनों को हटाती जेसीबी और बनभूलपुरा हिंसा के दौरान जलाई गई कार। ● अमृत विचार

सोची समझी साजिश है यह दंगा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा में दंगा भड़काने और करने के आरोप में पुलिस ने 6 हजार से अधिक लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इसमें 19 नामजद है और 4 नामजदों को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है। अन्य नामजदों की तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं। बताया जा रहा है कि आगजनी, तोड़फोड़, पत्थरबाजी और बनभूलपुरा थाना फूंकने वाले अधिकांश लोग रात ही फरार हो गए।

बता दें कि बीते गुरुवार को पुलिस, प्रशासन और नगर निगम की टीम बनभूलपुरा के मलिक का बगीचा स्थित नजूल की भूमि पर बनी अवैध निर्माण को ढहाने पहुंची थी। भारी भीड़ ने संयुक्त टीम का घेराव किया और पथराव शुरू कर दिया। शाम ढली तो सरकारी और निजी वाहनों में तोड़फोड़ के साथ आग के हवाले कर दिया गया। करीब 5 घंटे तक पथराव हुआ और जब संयुक्त टीम किसी तरह बचकर निकली तो बलवाइयों ने बनभूलपुरा थाने को आग के हवाले कर दिया। शुरुआती विरोध में भीड़ का नेतृत्व कर रहे कुछ लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। घटना के बाद शुक्रवार को पुलिस ने बनभूलपुरा थाना, मुखानी थाना पुलिस और नगर निगम की ओर से मिली तीन अलग-अलग तहरीरों के आधार पर 6 हजार से अधिक अज्ञात, 19 लोगों को नामजद करते हुए तीन अलग-अलग मुकदमे दर्ज कर लिए। जिसके बाद 4 लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया गया। पुलिस इन चारों से कड़ी पूछताछ कर रही है। जबकि संज्ञान में आए अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही है। आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रयास, दंगा, तोड़फोड़, सरकारी कार्य में बाधा और सार्वजनिक व सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचने समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

वनभूलपुरा थाने के बाहर तैनात अर्द्ध सैनिक बल के जवान। ● अमृत विचार

> आरोपियों के खिलाफ मुखाना और बनभूलपुरा थाना पुलिस के अलावा नगर निगम की ओर से मिली तहरीर के आधार पर 6 हजार से अधिक अज्ञात और 19 को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज किया गया है। 4 लोगों की गिरफ्तारी कर ली गई है। जल्द अन्य की गिरफ्तारी भी कर ली जाएगी। अज्ञात आरोपियों की पहचान की जा रही है। – **एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा**

निगम के 30 कर्मी घायल एक करोड़ का नुकसान

दंगाइयों द्वारा फेंके गए ईट और पत्थर। ● अमृत विचार

हानि

- दंगाईयों ने नगर निगम के वाहनों को जलाया और तोड़फोड़ भी की
- नगर निगम पुलिस को तहरीर ने देकर दर्ज कराया गया मुकदमा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मलिक का बगीचा में गुरुवार को हुए बवाल के दौरान सबसे बड़ा नुकसान नगर निगम ने झेला। निगम के कई वाहन जला दिए गए हैं और साथ ही उसके 30 कर्मचारी भी घायल हुए। प्रारंभिक आकलन में निगम की एक करोड़ से अधिक का नुकसान पहुंचा है। नगर निगम ने इस बाबत पुलिस में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

मलिक का बगीचा में अवैध निर्माण ढहाने के लिए पहुंची नगर निगम की टीम को भारी विरोध का सामना करना पड़ा था। इस विरोध के दौरान भड़की हिंसा में उपद्रवियों ने नगर निगम के वाहनों को भारी नुकसान पहुंचाया। नगर निगम के ट्रैक्टर को आग लगा दी गई और साथ ही कई अन्य वाहन जला दिए गए। नगर निगम ने प्रारंभिक तौर पर नुकसान का आकलन करके पुलिस में शुक्रवार को तहरीर दी और बताया कि बलवा के दौरान नगर निगम की जेसीबी, ट्रैक्टर, टाटा मैजिक वाहन और दो योद्धा वाहन जला दिए गए हैं। इसके साथ ही अन्य वाहनों में तोड़फोड़ की गई है।

कार्रवाई के दौरान उपद्रवियों की ओर से फेंके जा रहे पत्थर, बोतलों व ईंटों की चपेट में आने से नगर निगम के 30 से अधिक कर्मचारी घायल हो गए हैं। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया है। सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने बताया कि नगर निगम को बलवे में काफी नुकसान हुआ है। नुकसान का आकलन जारी है। शासन और प्रशासन की ओर से घोषणा की गई है कि नुकसान की भरपाई भी उपद्रवी ही करेंगे।

> गुरुवार को मलिक का बगीचा में कार्रवाई के दौरान नगर निगम की संपत्तियों को भारी नुकसान हुआ है। पुलिस में सूचना दी गई है और मुकदमा दर्ज करवाया गया है।
> –**गणेश भट्ट**, सहायक नगर आयुक्त

नगर निगम की जल्दबाजी भी बनी चूक का कारण

हल्द्वानी : गुरुवार को मलिक का बगीचा में नगर निगम की कार्रवाई के दौरान उपद्रवियों ने हिंसा की। बात उठ रही है कि यह कार्रवाई जल्दबाजी में की गई थी। नगर निगम ने गुरुवार को अचानक कार्रवाई करने का निर्णय लिया। जिले की ही पुलिस फोर्स के साथ नगर निगम की टीम मलिक का बगीचा पहुंच गई और यहां तंग गलियों में पूरी टीम घिर गई।

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा सांसदों बोले दंगाइयों से नरमी न बरते धामी सरकर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी सांसदों ने शुक्रवार को कहा कि उत्तराखंड के हल्द्वानी में हिंसा एक 'साजिश' प्रतीत होती है और इसके लिए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। पार्टी के एक सांसद ने तो दंगाइयों को 'देखते ही गोली मारने' का आदेश जारी करने की मांग की। हालांकि, शिवसेना (यूबीटी) के एक सांसद ने हिंसा के लिए भाजपा द्वारा किए गए ध्रुवीकरण को जिम्मेदार ठहराया।

पहाड़ी राज्य में हुई हिंसा के बारे में पूछे जाने पर उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सांसद हरनाथ सिंह यादव ने कहा कि हल्द्वानी की घटना एक साजिश है। बम, देशी पिस्तौल और अन्य हथियारों का इस्तेमाल किया गया और सरकारी अधिकारियों और पुलिस पर हमला किया गया। दंगाइयों को देखते ही गोली मारने का आदेश होना चाहिए। उनके साथ नरमी बरतने की कोई जरूरत नहीं है।

रमेश पोखरियाल निशंक व हरनाथ यादव

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार को हर घर की तलाशी लेनी चाहिए और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। भाजपा सांसद और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि अवैध संरचनाओं को हटाने के लिए अतिक्रमण विरोधी अभियान कोई नई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी में पुलिस कर्मियों पर हमला दुखद है। जैसा कि मुख्यमंत्री (पुष्कर सिंह धामी) ने कहा है, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।" राज्यसभा सांसद बृजलाल ने मदरसे को ढहाए जाने को उचित कदम बताया। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाना सही है। पहाड़ों पर भी उन्होंने मजार बनाए हैं। उन्होंने कहा कि हिंसा बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उनके जिन नेताओं ने इसकी योजना बनाई उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत जेल में डाल दिया जाना चाहिए और उत्तराखंड सरकार निश्चित रूप से ऐसा करेगी। एक साजिश है। यह अपने आप नहीं हुआ होगा।

उन्होंने गोली न चलाने के लिए उत्तराखंड पुलिस की सराहना की। भाजपा सांसद अशोक बाजपेयी ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण और साजिश करार दिया। उन्होंने कहा घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है, यह साजिश लगती है क्योंकि अतिक्रमण उच्चतम न्यायालय के आदेश के आधार पर हटाया गया था। बड़े पैमाने पर पथराव, पेट्रोल बम और गोलियां चलाई गई। पुलिसकर्मियों को चोट लगी है, सख्त कार्रवाई की जरूरत है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विपक्षी दल अराजक तत्वों को पनाह दे रहे हैं।

सर्विलांस पर लगाए गए नामजद और संदिग्धों के नंबर

हल्द्वानी : पुलिस ने जिन 19 लोगों को नामजद किया है, उनमें से चार की गिरफ्तारी कर ली है। जबकि बाकी बचे लोग फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस इनकी तलाश कर रही है, लेकिन इनके फोन स्विच ऑफ हैं। नामजद बचे बाकी 15 के मोबाइल पुलिस ने सर्विलांस पर लगा दिए हैं। जबकि उन संदिग्धों के नंबर भी सर्विलांस पर हैं, जिन पर पुलिस माहौल खराब करने और भविष्य में माहौल खराब करने की संभावना है।

रातभर धधकती रहीं बनभूलपुरा की गलियां

हल्द्वानी : गुरुवार रात पथराव तो शांत हो गया, लेकिन खौफ बरकार था। बनभूलपुरा थाने के बाहर दर्जनों वाहन आग के हवाले कर दिए गए थे। थाने के सामने जलते वाहन तो दमकल ने बुझा लिए, लेकिन अंधेरे में रातभर बनभूलपुरा की गलियां जगह-जगह धधकती रही। ये आग दंगाइयों ने लगाई थी, लेकिन रात पुलिस इन तंग गलियों में घुसने की हिम्मत नहीं जुटा सकी। हालांकि पुलिस शुक्रवार को भी तंग गलियों में घुसने की हिम्मत नहीं जुटा सकी।

नामजद का फोन स्विच ऑफ, हिरासत में भाई

हल्द्वानी : हाल ही में नगर निगम, प्रशासन और पुलिस की टीम ने नजाकत का बगीचा स्थित नजूल की जमीन खाली कराई थी। तभी भी पुलिस को भारी विरोध का सामना करना पड़ा था। जब बारी मलिक का बगीचा की आई तो सोशल मीडिया पर धमकी दी जाने लगी। बनभूलपुरा के भी एक नेता ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर प्रशासन को धमकाया था। ये भी नामजद और भाई हिरासत में बताया जा रहा है। नेता का फोन स्विच ऑफ है।

एक हजार पुलिस कर्मियों की निगहबानी में बनभूलपुरा

हल्द्वानी : एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि शहर की सुरक्षा में पुलिस को जगह-जगह तैनात कर दिया गया। एक हजार पुलिस कर्मी बनभूलपुरा और शहर की निगरानी कर रहे हैं। इसके अलावा पैरा मिलिट्री फोर्स भी सुरक्षा में तैनात कर दी गई। अन्य जिलों से भी फोर्स लगातार आ रही है। सुरक्षा के लिहाज से जरूरत पड़ी तो और भी पुलिस बल की मदद ली जाएगी, लेकिन अभी तो जिला पुलिस ने सब काबू कर लिया है।

कर्फ्यू में शहर बंद, खुला रहा बनभूलपुरा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- रेलवे पटरी पार कर आवाजाही करते रहे बनभूलपुरा के लोग
- बनभूलपुरा के आने-जाने वाले मुख्य मार्ग सिर्फ तैनात थी पुलिस

अमृत विचार : पुलिस का कर्फ्यू भी सवालों के घेरे में है। क्योंकि एक ओर तो पूरा शहर कर्फ्यू में बंद था और वहीं दूसरी ओर सील होने के बावजूद बनभूलपुरा खुला रहा। भीड़ बनभूलपुरा से बाहर तो नहीं निकल पाई, लेकिन अंदर आम दिनों की तरह हलचल बनी रही। पुलिस भी ज्यादा भीतर तक बनभूलपुरा में दाखिल होने की हिम्मत नहीं जुटा सकी। यहां तक कि गुरुवार को आग की भेंट चढ़े सरकारी वाहनों को भी नहीं उठाया जा सका।

गौलापुल पर बनी पुलिस की अस्थायी पुलिस चौकी से बनभूलपुरा की ओर आवाजाही पूरी तरह बंद थी। यहां पुलिस के साथ पैरा मिलिट्री फोर्स को भी तैनात किया गया था। इसी तरह रेलवे बाजार तिराहा और ताज चौराहे पर बेरीकेडिंग कर पुलिस तैनात की गई थी। किसी को छत के झांकने की इजाजत भी नहीं थी। बनभूलपुरा की मुख्य गलियों में भी पुलिस लगातार गश्त करती रही, लेकिन संकरी गलियों में पुलिस दाखिल नहीं हुई। मलिक का बगीचा में फूंके गए सरकारी और निजी वाहनों को भी पुलिस नहीं उठा पाई। तंग गलियों और गौला बाईपास की ओर पुलिस की ढील रही। यहां पूरे दिन तंग गलियों और रेलवे ट्रैक पर लोगों का जमावड़ा कर्फ्यू का उल्लंघन करती रही। लोग रेलवे ट्रैक पार कर गौला बाईपास पर चहल कदमी करते रहे।

दंगे से बचने को घर भागा युवक सड़क हादसे में चली गई जान

हल्द्वानी, अमृत विचार : दंगे से बचने के लिए गुरुवार शाम घर की ओर भागा युवक सड़क हादसे का शिकार हो गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मोहम्मदी चौक बनभूलपुरा निवासी सलमान (25) पुत्र मेहंदी की गोरापड़ाव में कबाड़ की दुकान है। गुरुवार सुबह भी वह रोज की तरह घर से दुकान गया था, लेकिन जब शाम बनभूलपुरा में दंगा भड़का तो मेहंदी ने बेटे को फोन किया। कहा कि, यहां दंगा हो गया और वह दुकान बंद कर फौरन घर चला आए। पिता के कहने पर आनन-फानन में सलमान ने दुकान बंद की और बाइक लेकर घर की ओर निकल पड़ा।

बनभूलपुरा हिंसा में इन पांच लोगों की मौत

हल्द्वानी, अमृत विचार : बनभूलपुरा हिंसा में मारे गए लोगों के नाम अब सामने आ रहे हैं। शुक्रवार को पुलिस प्रशासन ने मारे गए पांच लोगों के नामों का खुलासा किया है। बीते गुरुवार को प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त टीम ने बनभूलपुरा के मलिक का बगीचा में अवैध निर्माण को जेसीबी से ढहा दिया था। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा के अनुसार हिंसा में फईम कुरैशी, जाहिद, मोहम्मद अनस, शब्बान और प्रकाश कुमार की मौत हुई है।

बनभूलपुरा में दूध के लिए तरस गए बच्चे

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: दंगाई तो अपना काम कर गए लेकिन उनके किए का हजारों मासूम बच्चों को भुगतना पड़ा। बनभूलपुरा में बीते दिन उपद्रव के बाद शुक्रवार को दूध की सप्लाई ठप रहने से क्षेत्र के बच्चे दूध के लिए तरस गए। दूध के लिए रोते दुधमुंहे बच्चों को उनकी माताओं ने बमुश्किल शांत कराया।

आंचल के प्रभारी मार्केटिंग इंचार्ज संजय भाकुनी ने बताया कि बनभूलपुरा में सामान्य दिनों में करीब 2000 लीटर प्रतिदिन दूध की सप्लाई होती है लेकिन शुक्रवार को कर्फ्यू के कारण प्रशासन ने गाड़ियों को वहां जाने नहीं दिया, जिससे सप्लाई ठप रही। एक निजी कंपनी के मार्केटिंग प्रभारी ने बताया कि बनभूलपुरा में उनका प्रतिदिन 700 लीटर दूध बिकता है लेकिन शुक्रवार को बिल्कुल दूध नहीं बिका। भाकुनी ने बताया कि आंचल दूध की 52 हजार लीटर प्रतिदिन की मांग है, शुक्रवार को भी दूध की ब्रिकी पर कोई फर्क नहीं पड़ा। शुक्रवार को एक भी दुधिए ने दूध नहीं खरीदा, जिससे करीब 10 हजार लीटर दूध की भी आपूर्ति नहीं हो पाई।

परेशानी कर्फ्यू के चलते स्कूल बंद रहने व इंटरनेट ठप होने से बच्चे व माताएं रहीं परेशान, बच्चों से तंग आकर मम्मियां बच्चों को थमा देती हैं मोबाइल

बदं हुई इंटरनेट सेवा और थम सी गई सामान्य दिनचर्या

पवन नेगी

हल्द्वानी, अमृत विचार : मम्मा-मम्मा मोबाइल दो, मुझे गेम खेलना है। मुझे यूट्यूब पर कार्टून देखने हैं।

बच्चे मोबाइल पर ऑनलाइन गेम खेलने या वीडियो देखने के लिये मम्मी-पापा से मोबाइल देने की जिद करते हैं जिस पर वे भी तंग आकर बच्चों के हाथों में मोबाइल थमा देते हैं। माताएं अक्सर बच्चों से तंग आकर और घरेलू कामकाज को आसानी से निपटाने के लिये बच्चों को मोबाइल पकड़ा देती हैं लेकिन बच्चों की यही आदत शुक्रवार को मम्मियों के लिये सिरदर्द बनी रही। इंटरनेट सेवा ठप होने से अधिकतर मम्मियां परेशान रहीं। कर्फ्यू के कारण स्कूल बंद होने से बच्चे दिनभर घरों में कैद थे जिन्होंने मम्मियों की नाक में दम करके रखा। आज की दुनिया में अधिकांश बच्चों ने आउटडोर गेम्स खेलना छोड़ दिया है और वह मोबाइल की दुनिया में डूबे रहते हैं। इस पर भी जब बच्चे दिनभर घर में हों और इंटरनेट बंद हो जाए तो बच्चे घर में मां-बाप के नाक में दम कर देते हैं।

शुक्रवार को शहरी क्षेत्र में दिनभर इंटरनेट सेवा बंद रही जिसका असर महिलाओं व बच्चों पर भी देखने को मिला। सीओसी (क्लैश ऑफ क्लैन) गेम खेलने वाले अंशुल ने बताया कि इंटरनेट नहीं चलने के कारण वह गेम नहीं खेल पाया। बताया कि वह पूरे दिनभर में 3-4 घंटे गेम खेलने में बिताता है। इसी तरह सातवीं कक्षा में पढ़ने वाली ताशु ने बताया कि स्कूल बंद होने से दिनभर घर में थी और शहर में कर्फ्यू होने के कारण मम्मी-पापा ने घर से बाहर नहीं जाने दिया। बताया कि छुट्टी के दिन मोबाइल में गेम्स खेलना और यूट्यूब पर वीडियो देखना उसे पसंद है लेकिन इंटरनेट बंद होने से दिनभर बोरियत झेलनी पड़ी। शांति बिष्ट ने बताया कि जिस दिन बच्चों की छुट्टी रहती है उस दिन वे दिनभर मोबाइल पर लगे रहते हैं लेकिन शुक्रवार को स्कूल बदं थे और इंटरनेट ठप। इस कारण बच्चों ने दिनभर पूरा घर सिर पर उठा के रखा था।

इंटरनेट ठप होने से लड़खड़ाई व्यवस्था

हल्द्वानी, अमृत विचार : इंटरनेट सेवा ठप होने से पूरे शहर की व्यवस्था लड़खड़ा गई। आजकल लोग एक छोटा सा सामान खरीदने के लिये भी ऑनलाइन पेमेंट करते हैं जिस कारण लोगों की जेब में कैश रखने की आदत छूट गई है। इसमें लोगों को दिक्कत तब आती है जब सर्वर डाउन होने या किसी अन्य कारण से इंटरनेट नहीं चल पाता है लेकिन यह दिक्कत केवल कुछ समय के लिये होती है। वहीं, शुक्रवार को शहर में कर्फ्यू के कारण दिनभर इंटरनेट बंद होने से लोगों ने परेशानी झेली। लोगों की दिक्कतें तब और बढ़ गई जब शहर के अधिकांश एटीएम के शटर डाउन थे और कुछ एटीएम का सर्वर डाउन था जिस कारण लोग कैश नहीं निकाल पाए। कालाढूंगी रोड के अधिकांश एटीएम और रोडवेज स्टेशन का एटीएम बंद पड़ा था। नैनीताल रोड में भी कई एटीएम काम नही कर रहे थे जिससे लोग कैश नहीं निकाल पाए। ऑनलाइन पेमेंट के साथ लोग अन्य ऑनलाइन काम भी नहीं कर पाए। इसके साथ ही वर्क फ्रॉम होम पर घर से काम करने वाले लोगों का काम भी ठप रहा। हैदराबाद में नौकरी करने वाले हल्द्वानी निवासी कृष्णा कनवाल ने बताया कि वह एक बड़ी निजी कंपनी में काम करता है और पिछले कई माह पर वर्क फ्रॉम पर काम कर रहा है लेकिन शुक्रवार को इंटरनेट बंद होने से काम नहीं कर पाया।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के दो वन दरोगा बर्खास्त

पीलीभीत, अमृत विचार : पीलीभीत टाइगर रिजर्व के दो वन दरोगाओं को बर्खास्त कर दिया गया। दोनों बिना सूचना पिछले दो साल से गैरहाजिर चले आ रहे थे। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के महोफ रेंज के वन दरोगा अखिलेश कुमार सिंह सितंबर 2021 से बिना किसी सूचना के नदारद चल रहे हैं। जब अधिकारियों को इस बात की जानकारी हुई तो आठ माह पूर्व वन दरोगा को निलंबित कर दिया। निलंबन के बाद वन दरोगा को वन एवं वन्यजीव प्रभाग से संबद्ध कर दिया था। इसके बाद भी वन दरोगा की कोई जानकारी नहीं मिली थी। गैरहाजिर चल रहे वन दरोगा को अंतिम नोटिस भेजा गया। इसी तरह वन दरोगा विनय प्रकाश भी दो साल से अधिक समय से गैरहाजिर थे। विनय प्रकाश को भी नोटिस भेजे गए।

कूड़ा फेंकने पर पिता ने डांट लगाई तो किशोरी ने दी जान

घर के बाहर कूड़ा फेंकने पर लगाई थी फटकार फंदे पर लटका मिला शव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ फंदे से उतारने के दौरान चल रही थी सांस, मेडिकल कॉलेज में घोषित किया मृत

अमृत विचार : कूड़ा फेंकने पर पिता ने किशोरी को डांट दिया, जिससे किशोरी इतनी ज्यादा खिन्न हो गई कि उसने कमरे में जाकर फंदा लगा लिया। परिजनों ने देखा तो किशोरी को फंदे से उतारकर राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां इलाज के दौरान किशोरी की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।

मामला कोतवाली सहसवान क्षेत्र का है। गांव मुड़िया सिधारपुर निवासी साधुराम खेती करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। उनकी 16 साल की बेटी थी। शुक्रवार को कूड़ा घर के बाहर फेंकने को लेकर परिजनों ने उसे डांट दिया था। जिसको लेकर वह परेशान हो उठी। परिजनों से फटकार के बाद उसने न तो खाना खाया और न ही किसी से बात की। वह अपने कमरे में चली गई। देर शाम उसके परिजन उसे बुलाने के लिए कमरे में गए तो उस फंदे पर लटका देखा। मौके पर रोना-पीटना मच गया। उसे फंदे से उतारा। उस दौरान उसकी सांस चल रही थी। परिजन उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए जहां इलाज के दौरान देर रात किशोरी की मौत हो गई। मौत के बाद परिवार में चीत्कार मच गई।

परिजनों ने पुलिस को अवगत कराया। प्रभारी निरीक्षक सौरभ सिंह पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिजनों की डांट के बाद किशोरी ने यह कदम उठाया था। फिलहाल परिजनों ने तहरीर नहीं दी है।

डीएफओ सामाजिक वानिकी हटाए गए बरेली के समीर को चार्ज

पीलीभीत, अमृत विचार : राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार की नाराजगी के बाद सामाजिक वानिकी प्रभाग के डीएफओ आरके सिंह को भी हटा दिया गया। उन्हें प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय लखनऊ से संबद्ध किया गया है। उनके स्थान पर बरेली वन प्रभाग के डीएफओ समीर कुमार को अतिरिक्त कार्यभार दिया है। सामाजिक वानिकी प्रभाग में डीएफओ संजीव कुमार के तबादले के बाद डीएफओ आरके सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया था। जनपद में मात्र दो माह के कार्यकाल के दौरान डीएफओ आरके सिंह कार्यशैली को लेकर विवादित रहे। ज्वाइनिंग के कुछ दिन बाद ही कलीनगर के गांव सपहा में ग्रामीणों से हुई तनातनी के बाद उन्हें भागना पड़ा था। दिसंबर में बाग कटान मामले को उन्होंने दबाने का प्रयास किया था।

कासगंज का सैनिक सीमा पर हुआ शहीद

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

शहीद रमेश चंद्र।

▸▸ शनिवार को दी जाएगी अंतिम विदाई, गम में डूबा परिवार गांव में छाया मातम

अमृत विचार : कासगंज के एक जांबाज ने देश की रक्षा करते-करते अपनी जान गंवा दी। 24 जनवरी को मणिपुर सीमा पर दुश्मन की गोली लगने वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सेना अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

कासगंज के गांव नौरथा निवासी रमेश चंद्र (52) असम राइफल बटालियन में जूनियर कमीशन अधिकारी के पद पर तैनात थे। उनका परिवार शहर के अशोक नगर में रहता है। उनकी तैनाती मणिपुर सीमा पर थी। जहां 24 जनवरी को सीमा पर हुई फायरिंग के दौरान रमेश चंद्र समेत दो जवानों को गोली लगी। गंभीर रूप से घायल हुए रमेश का सैनिक अस्पताल में उपचार चल रहा था। जहां गुरुवार को उन्होंने अंतिम सांस ली।

सुधबुध खो बैठी है पत्नी

शहीद रमेश चंद्र के शहीद होने की जानकारी मिली तो उनकी पत्नी कुसमा देवी बदहवास हो गई। रमेश चंद्र के दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी सुदीक्षा और छोटी भूमिका है। एक बेटा नवनीत है। पिता के शहीद होने का पता चला तो बच्चे बिलख पड़े।

कांग्रेस-भाजपा के बीच आरोप प्रत्यारोप जनहित में नहीं: माया

लखनऊ, एजेंसी : बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि लोकसभा चुनाव से कांग्रेस और भाजपा के बीच आरोपों-प्रत्यारोपों की आपाधापी तथा ब्लैक पेपर (काला पत्र) और वाइट पेपर (श्वेत पत्र) जारी कर एक-दूसरे को जनविरोधी साबित करने का खेल चुनावी स्वार्थ के सिवाय कुछ भी नहीं है।

इससे देश का भला होने वाला नहीं है। मायावती ने शुक्रवार को कहा कि ऐसे समय में जब करोड़ों लोग जबरदस्त महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, किसानों की बदहाली तथा ग्रामीण भारत की दुर्दशा के तनावपूर्ण जीवन से लगातार त्रस्त हैं जिससे देशहित भी प्रभावित है, सभी स्वार्थ को त्याग कर देश की अति-चिन्तनीय राष्ट्रीय समस्याओं पर संगठित प्रयास बहुत जरूरी है।



19 दिन में दूसरी बार पहुंचे अयोध्या

अमिताभ ने रामलला के दर्शन किए, समर्पित किया सोने का हार

अयोध्या। बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन शुक्रवार सुबह रामनगरी पहुंचे। कड़ी सुरक्षा के बीच राम जन्मभूमि परिसर में वीवीआईपी गेट से प्रवेश कराया गया। उन्होंने सबसे पहले रामलला का दर्शन-पूजन किया और उन्हें सोने का हार अर्पित किया। इस दौरान अमिताभ बच्चन करीब 20 मिनट तक प्रभु राम के दरबार में रहे और पांच मिनट तक रामलला के सामने खड़े होकर वंदना करते रहे। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य स्वामी विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य ने बताया कि अमिताभ बच्चन ने रामलला को सोने की एक माला समर्पित की है।

गैंगस्टर रवि काना और उसके सहयोगी की 120 करोड़ की संपत्ति कुर्क

नोएडा, एजेंसी : गौतमबुद्ध नगर जिले की नोएडा पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि उसने गैंगस्टर रवि नागर उर्फ रवि काना और उसके सहयोगी की 120 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। कुर्क की गई संपत्तियों में लगभग एक दर्जन वाहन, बैंक खाते और अचल संपत्ति शामिल हैं। पिछले दो माह में गैंगस्टर रवि काना के गिरोह के करीब एक दर्जन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक यह गिरोह कथित तौर पर स्क्रैप का व्यापार करता है और ठेके हासिल करने के लिए आपराधिक पृष्ठभूमि का इस्तेमाल करता है। रवि सामूहिक बलात्कार के मामले में भी आरोपी है।

पानी पर विवाद, महिलाओं में जमकर चले लाठी-डंडे

आगरा, अमृत विचार: जिले के बरहन थाना क्षेत्र में सबमर्सिबल पानी भरने के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों की महिलाओं के बीच लाठी डंडे चले। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। एत्मादपुर की एसीपी सुकन्या शर्मा के मुताबिक थाना बरहन क्षेत्र के बड़ा बाग में ग्राम प्रधान द्वारा सरकारी सबमर्सिबल लगवाई गई थी, जिससे पानी भरने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया।

इसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों की महिलाएं आमने-सामने आ गईं। जमकर लाठी डंडे चले। एक पक्ष सरकारी सबमर्सिबल से जब पानी भरने जाता है तो संजय सिंह के पक्ष में आपत्ति की जाती है। पानी भरने को लेकर पहले भी विवाद हुआ था। मामला थाने पहुंचने पर दोनों पक्षों के बीच सुलह कराकर समझौता कर दिया था, लेकिन शुक्रवार सुबह संजय सिंह पक्ष ने दूसरे पक्ष को पानी भरने से रोका, जिसको लेकर पहले कहासुनी हुई और फिर विवाद बढ़ता गया।

वायरल वीडियो में लाठी चला रही महिलाएं।

सार-संक्षेप

सांसद मेनका गांधी ने बनाया कमल का फूल, लिखा एक बार फिर मोदी सरकार

सुलतानपुर, अमृत विचार : पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने अपने तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन शुक्रवार को बल्दीराय मंडल के अरवल गांव के बूथ नंबर 39 में गांव चलो अभियान का शुभारंभ किया। विकासखंड के हेमनापुर गांव में ब्लाक प्रमुख शिव कुमार सिंह की मौजूदगी में चौपाल लगाकर 148 फरियादियों की समस्याओं को सुना और निस्तारित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। सांसद ने कहा कि पिछले पांच सालों में प्रधानमंत्री ने देश के विकास लिए बहुत कुछ किया है। उन्होंने बताया प्रधानमंत्री की 125 से ज्यादा ऐसी जनकल्याणकारी स्कीम है जिसका टारगेट गरीब से गरीब इंसान हैं। उन्होंने इस दौरान सरकार की किसान सम्मान निधि, पीएम आवास, बिजली, आयुष्मान योजना, हर घर नल व गरीब कल्याण आदि योजनाओं की सराहना किया। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीढ़ बताया है। इस दौरान उन्होंने पार्टी के दीवार लेखन अभियान के तहत कमल का फूल बनाकर पार्टी का स्लोगन एक बार फिर से मोदी सरकार लिखा।

राम लला का दर्शन करने के लिए पहुंचे श्रीलंकन सांसद

अयोध्या, अमृत विचार : रामलला के दर्शन के लिए श्रीलंका के सांसद लक्ष्मण नमल राजपक्षे शुक्रवार को पत्नी समेत महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट अयोध्या पर इंडिगो की फ्लाइट पहुंचे। यहां लक्ष्मण नमन राजपक्षे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 500 वर्ष बाद भगवान राम लला के भव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई है। पहले भगवान राम टेंट में विराजमान थे। अब दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। मुझे लगता है विश्व का सबसे बेहतरीन मंदिर में से एक राम मंदिर है। भगवान राम से मिलने खुद लक्ष्मण आए हैं। श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति व पूर्व प्रधानमंत्री महिंद्रा राजपक्षे के पुत्र हैं लक्ष्मण नमल राजपक्षे। दर्शन पूजन के बाद वो वापस चले गए।

संस्कृत की 46 विभूतियों को मिलेगा सम्मान

लखनऊ, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान ने वर्ष 2022 के पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। संस्थान का पांच लाख रुपये का सर्वोच्च विश्वभारती पुरस्कार जबलपुर के प्रो. रहस बिहारी द्विवेदी को दिया जायेगा। दो-दो लाख रुपये के महर्षि वाल्मीकि पुरस्कार से अयोध्या के डॉ. देवी सहाय पाण्डेय दीप को और महर्षि व्यास पुरस्कार से वाराणसी के प्रो. आंजनेय शास्त्री को सम्मानित किया जायेगा।वाराणसी के प्रो. गोपबंधु मिश्र को एक लाख रुपये के महर्षि नारद पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। इनके अलावा वाराणसी के प्रो. ह्रदय रंजन शर्मा, बांदा के प्रो. रमाकांत पाण्डेय, वाराणसी के प्रो. शंकर कुमार मिश्र, प्रो. सदाशिव कुमार द्विवेदी और प्रो. रामपूजन पाण्डेय को विशिष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। विशिष्ट पुरस्कार में एक-एक लाख रुपये की धनराशि दी जायेगी। इक्यावन-इक्यावन हजार के चार नामित पुरस्कार दिए जायेंगे। छह विद्वानों को इक्कीस-इक्कीस हजार रुपये के विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।17 विद्वानों को ग्यारह-ग्यारह हजार रुपये के विविध पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।

ग्राम परिक्रमा के माध्यम से किसानों को साधेगी भाजपा

लखनऊ, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ग्राम परिक्रमा यात्रा के माध्यम से किसानों को साधेगी। ग्राम परिक्रमा यात्रा की शुरुआत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 12 फरवरी को मुजफ्फरनगर से करेंगे।भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान उक्त बात कही। कहा कि ग्राम परिक्रमा यात्रा पांच मार्च तक चलेगा। प्रदेश के 50 हजार ग्रामों एवं शहरों के प्रत्येक मोहल्लों में ग्राम परिक्रमा यात्रा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों की ओर से चलाई जाएगी। पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने किसानों एवं गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की। भाजपा किसान मोर्चा ने प्रत्येक मंडल के लिए प्रवासी नियुक्त किए हैं। मंडल के प्रत्येक मोहल्लों में प्रवासी और मंडल के पदाधिकारियों विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को बताएंगे। द्विवेदी ने कहा कि अंतरिम बजट में अनुसंधान और आधुनिक कृषि तकनीक से सरसों, मूंगफली, तिल, सोयाबीन और सूरजमुखी जैसे तिलहनों में आत्मनिर्भरता हासिल करने की रणनीति बनाने की घोषणा की है। साथ ही मत्स्य संपदा योजना को भी आगे बढ़ने का संकल्प लिया है।

हल्द्वानी की स्थिति को देखते हुए कई ट्रेनें प्रभावित

लखनऊ, अमृत विचार : उत्तराखंड प्रदेश के हल्द्वानी में कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने काठगोदाम-लखनऊ जं.एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों का शार्ट टर्मिनेशन एवं शार्ट ओरिजिनेशन किया है। जिन ट्रेनों को शार्ट टर्मिनेशन किया गया उनमें लखनऊ जं. से चलने वाली ट्रेन नंबर 15043 लखनऊ जं.-काठगोदाम एक्सप्रेस अब काठगोदाम के स्थान पर लालकुंआ में रोकी गई। देहरादून से चलने वाली ट्रेन नंबर 14120 देहरादून-काठगोदाम एक्सप्रेस काठगोदाम के स्थान पर लालकुंआ तक संचालन किया गया। नई दिल्ली से चलने वाली ट्रेन नंबर 12040 नई दिल्ली-काठगोदाम एक्सप्रेस सहित ट्रेनें काठगोदाम के स्थान पर लालकुंआ में शार्ट टर्मिनेट की गई। यह ट्रेनें लालकुंआ-काठगोदाम के मध्य निरस्त रही।

सौर ऊर्जा से जगमगाएगा नया हाईकोर्ट परिसर

लखनऊ, अमृत विचार : लखनऊ के नए हाईकोर्ट परिसर को सौर ऊर्जा से लैस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। परिसर में रूफटॉप सोलर इम्पैनल्ड पावर प्लांट की स्थापना, क्रियान्वयन व संचालन का मार्ग प्रशस्त करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शासन ने 6.31 करोड़ रुपये की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति के बाद धनराशि जारी कर दी है। देश के सबसे खूबसूरत हाईकोर्ट परिसरों में शुमार लखनऊ हाईकोर्ट का नया परिसर गोमतीनगर के विभूति खंड में में है। इसे 1300 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। राज्य सरकार परिसर की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए भवन की छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना का निर्णय वर्ष 2022 में लिया गया था। फिलहाल, सरकार द्वारा बजट एलोकेशन और धनराशि को प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति जारी किए जाने के बाद परियोजना का कार्य तेजी से आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। जारी की गई धनराशि में 18 प्रतिशत जीएसटी राशि को भी सम्मिलित किया गया है।

तीन लाख भक्तों ने राम मंदिर में किए दर्शन

अयोध्या, अमृत विचार : मौनी अमावस्या पर्व पर तीन लाख से अधिक भक्तों के रामलला और सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन किया। भक्तों का हुजूम सुबह से ही मंदिर के दरवाजे पर लग गया। जिसको व्यवस्थित करने के लिए सुरक्षा कर्मियों को अच्छी खासी मशक्कत करनी पड़ी। चारों ओर बैरियर लगा कर श्रद्धालुओं को दर्शन कराए गए।

140 करोड़ भारतवासियों के गौरव का प्रतीक है भारतीय सेना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय सेना 140 करोड़ भारतवासियों के गौरव का प्रतीक है। सेना के शौर्य व पराक्रम पर कोई भी भारतीय संदेह नहीं करता। जीवन की परवाह किए बिना भारतीय जवानों ने कठिन से कठिन परिस्थितियों में दुर्गम स्थानों पर रहकर भारत की एकता-अखंडता व संप्रभुता की सदैव रक्षा की है। भारत की आजादी के बाद गठित होने वाली पहली रेजीमेंट के रूप में यह गौरव गोरखा राइफल को प्राप्त है। योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को 11 गोरखा राइफल रेजीमेंटल सेंटर में आयोजित 'किरांति शौर्य समारोह' में ये बातें कहीं। योगी ने सैनिकों के हैरतअंगेज प्रदर्शन को भी देखा।

आतंकियों से निपटने में सक्षम भारतीय सेना की शौर्य गाथा को भी देख दर्शकों ने तालियों से सैनिकों का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने वीर नारियों को सम्मानित भी किया और सेंटर के सफलतापूर्वक 75 वर्ष पूरा होने पर बधाई दी। इस दौरान सीडीएस जनरल अनिल चौहान, लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र भी मौजूद रहे।

योगी ने कहा कि वीर व पराक्रमी जवानों की 11वीं गोरखा रेजीमेंट लखनऊ में है। अपनी स्थापना के बाद कई युद्ध लड़े हैं। साल 1983 में लखनऊ में आने के बाद इस रेजीमेंट ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। यहां के वीर जवानों ने शौर्य व पराक्रम से इतिहास के पन्नों में अपना नाम स्वर्णाक्षरों में दर्ज कराया है।

भाजपा की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आज होगी

लखनऊ, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में शुरू किए जा रहे लाभार्थी सम्पर्क अभियान की तैयारियों को लेकर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला शनिवार को राजधानी लखनऊ में आयोजित की गई है। पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने बताया कि कार्यशाला में उपस्थित प्रतिनिधियों का पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह मार्गदर्शन करेंगे। शुक्ल ने बताया कि कार्यशाला विश्वेश्वरैया सभागार हजरतगंज लखनऊ में प्रातः 11:30 बजे से प्रारम्भ होगी। पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्लस्टर इंचार्ज, जिला प्रभारी, लाभार्थी सम्पर्क अभियान के क्षेत्रीय संयोजक एवं सहसंयोजक और लोकसभा संयोजक/सहसंयोजक सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी सम्मिलित होंगे।

यूपी में निवेश को लालायित फार्च्यून कंपनियों ने आसान किया लक्ष्य

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

अमृत विचार: ग्राउंड ब्रेक्रिंग सेरेमनी प्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य बदलने जा रही है। यहां निवेश को लेकर देश-विदेश की फार्च्यून-500 कंपनियों में प्रतिस्पर्धा से प्रथम चरण में ही लक्ष्य बौना साबित होने जा रहा है। देश-विदेश के औद्योगिक घरानों से लेकर जिला स्तर के उद्यमी में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में भूमि पूजन का क्रेज दिख रहा है।

प्रदेश के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह से लेकर मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों समेत उद्योग केंद्रों के अफसरों के पास 19 फरवरी को भूमिपूजन के लिए तेजी से प्रस्ताव बढ़ रहे हैं। प्रदेश को उद्योग प्रदेश बनाने का यह आयोजन ज्योतिषियों के मुताबिक इस दिन शुभ मुहूर्त सुबह 7 बजकर 5 मिनट से 10 बजकर 33 मिनट तक है। हर कोई इसी दौरान अपनी-अपनी इकाई के लिए ईंट रखना चाहता है। अयोध्या का ही उदाहरण लें तो, मंडलायुक्त गौरव दयाल ने 18 हजार करोड़ के 102 निवेश प्रस्ताव को अंतिम माना, जबकि दो दिन भी नहीं बीते कि उपायुक्त अमरेश पांडेय के अनुसार 21 हजार करोड़ के 232 प्रस्ताव हो गए। ऐसे उदाहरण कई जिलों में सामने आ रहे हैं। बरेली, हरदोई, अमेठी, गोंडा, फतेहपुर, और चंदौली के बाद कुछ और जिलों से भी लक्ष्य से अधिक निवेश की रिपोर्ट भेजी गई है।

शासन के सूत्रों के मुताबिक पहले चरण में 10 लाख करोड़ रुपये की 14 हजार से ज्यादा परियोजनाओं को धरातल पर उतारने का लक्ष्य साधना फार्च्यून-500 कंपनियों के आकर्षण से आसान हो गया है। हैदराबाद का ग्रीनको ग्रुप सोनभद्र के ओबरा तहसील अंतर्गत ग्राम सभा गुरार, गटवा, पिंडारी, रानीदेहो, मुहुना और राबर्ट्सगंज तहसील के ग्राम बैजनाथ में 3660 मेगावाट की इकाई लगाएगी।

जिलों में तेजी से बढ़ रहा इकाई लगाने का क्रेज

30517 करोड़	लखनऊ
30270 करोड़	बरेली
19000 करोड़	कानपुर
21000 करोड़	अयोध्या
4400 करोड़	हरदोई
6400 करोड़	अमेठी
1806 करोड़	गोंडा
1600 करोड़	फतेहपुर
23000 करोड़	चंदौली

उत्तराखंड

ईडी ने करोड़ों रुपये विदेशी मुद्रा पकड़ी

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नेताओं व वन अफसरों के घरों से एक करोड़ रुपये से ज्यादा की नकदी मिली है। इसके अलावा ईडी ने 80 लाख रुपये का 1.30 किलो सोना भी जब्त किया है। इसके साथ ही एक अफसर के घर से 10 लाख रुपये की विदेशी मुद्रा भी सीज की गई है।

निदेशालय की टीमों ने 17 जगहों पर छापे के बाद बैंक लॉकर, डिजिटल उपकरण व दस्तावेज सीज किए हैं। सबसे ज्यादा नकदी आईएफएस अफसर सुशांत पटनायक के घर से बरामद हुई है। इस मामले में ईडी की जांच अब भी जारी है। कॉर्बेट नेशनल पार्क की पाखरो रेंज में हुए निर्माण घोटाले व अवैध पेड़ कटान से जुड़े मामले में ईडी ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की थी।

टीमों ने उत्तराखंड, दिल्ली व हरियाणा में कुल 17 जगहों पर छापे मारे थे, जिसमें देहरादून में पूर्व वनमंत्री हरक सिंह रावत व आईएफएस अफसर सुशांत पटनायक के घर में की गई छापेमारी भी शामिल है। टीम ने पूर्व वनमंत्री हरक सिंह रावत के घर से बड़ी मात्रा में दस्तावेज कब्जे में लिए हैं।

डीजल देने से मना करने पर किया फायर आरोपी गिरफ्तार

किच्छा, अमृत विचार : राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में सामग्री सप्लाई करने वाले पीड़ित से आरोपी ने बंदूक की नोक पर दबंगई दिखाते हुए अवैध रूप से डीजल की मांग की। पीड़ित के आनाकानी करने पर आरोपी ने बंदूक से फायर कर दिया। घटना में पीड़ित बाल बाल बच गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कुछ घंटे में फायरिंग के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में टीचर कॉलोनी, बहेड़ी, जिला बरेली, यूपी निवासी संजेश सिंह ने बताया कि वह राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में सामान सप्लाई करने का काम करता है।

धौलादेवी में लगेगी चाय की फैक्ट्री

संवाददाता, अल्मोड़ा

बागान से चाय की पत्तियां चुनतीं महिलाएं।

अमृत विचार : प्रदेश के कृषि एवं कृषक मंत्री गणेश जोशी द्वारा अल्मोड़ा जिले के धौलादेवी विकास खंड के राजकीय उद्यान गरुड़ाबांज में चाय फैक्ट्री को स्वीकृति प्रदान कर देने के बाद अब इस क्षेत्र की एक वर्षों पुरानी सौगात जल्द पूरी होने की उम्मीद जग गई है। चाय फैक्ट्री की स्थापना के बाद जहां सरकार की स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा करने की मंशा पूरी हो सकेगी, वहीं चाय बागान वाले क्षेत्रों को टी-टूरिज्म से भी जोड़ा जा सकेगा।

धौलादेवी क्षेत्र में चाय कारखाना खोलने के लिए सरकार लंबे समय से कसरत कर रही है, जिसके लिए कई यहां चाय फैक्ट्री खोलने की संभावनाओं पर काम भी किया गया। वर्ष 2021 में सरकार के निर्देश पर उत्तराखंड चाय विकास बोर्ड के तत्कालीन उपाध्यक्ष गोविंद पिलख्वाल ने गरुड़ाबांज में स्थित चाय बागान का जायजा लिया था। इस दौरान चाय फैक्ट्री खोलने के लिए गरुड़ाबांज में राजकीय उद्यान विभाग के खाली पड़े भवनों भवनों का निरीक्षण भी किया था और नए भवनों का निर्माण होने तक उद्यान विभाग के इन्हीं खाली भवनों में फैक्ट्री खोलने का खाका भी खींचा गया था और उन्होंने इस मामले मे अपनी राय सरकार को दी थी। जिसके बाद अब गरुड़ाबांज में चाय फैक्ट्री शुरू करने के लिए सरकार की मंशा धरातल पर उतरती दिख रही है। प्रदेश के कृषि और कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी द्वारा बीते दिवस राजकीय उद्यान विभाग गरुड़ाबांज में चाय फैक्ट्री के लिए 129.99 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान करने के बाद अब यहां जल्द चाय फैक्टी स्थापित होने की उम्मीद जग गई है।

पुलिस ने 200 क्विंटल गोमांस किया बरामद

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने गोकशी किए जाने की सूचना पर औचक छापा मार कार्यवाही की। इस दौरान पुलिस ने मौके से करीब 200 क्विंटल प्रतिबंधित गौमांस सहित दो गोवंशीय पशुओं के कटे हुए अंग बरामद कर लिए। पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही गोकशी के सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। फिलहाल पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश प्रारंभ कर दी है।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान ग्राम सिरौली कला, वार्ड नंबर 20, थाना पुलभट्टा निवासीगण सरताज उर्फ बौरा एवं अख्तर तथा वर्तमान में वार्ड नंबर 18, सिरौली कला तथा मूल निवासी थाना शीशगढ़, जिला बरेली, यूपी निवासी दानिश के रूप में हुई है। पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही तीनों आरोपी खेतों के रास्ते मौके से फरार हो गए। जबकि पुलिस ने मौके पर दो गोवंशीय पशुओं के कटे हुए आठ पैर, दो सिर तथा करीब 200 क्विंटल गौमांस बरामद कर लिया। टीम ने मौके पर मांस काटने के तमाम औजार भी कब्जे में ले लिए। घटना की सूचना पर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ मृगेश चौधरी मौके पर पहुंचे और बरामद मांस का सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिया।

इंटरार्क के श्रमिकों ने किया प्रदर्शन

रुद्रपुर, अमृत विचार : हाईकोर्ट के आदेश को लागू कराने की मांग को लेकर इंटरार्क कंपनी के श्रमिकों ने मोर्चा खोल दिया है। विरोध में श्रमिकों ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। बाद श्रमिकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी उदयराज सिंह को ज्ञापन सौंपा और आदेश को लागू कराने की मांग की। श्रमिकों ने हाईकोर्ट ने 11 जनवरी को आदेश पारित कर पंतनगर और किच्छा में बर्खास्त किए गए 12 मजदूरों को नौकरी पर बहाल करने की मांग की

रिवाल्वर की सर्विस के दौरान चली गोली

रुद्रपुर, अमृत विचार: शक्ति विहार कॉलोनी के रहने वाले शर्मा परिवार में उस वक्त कोहराम मच गया। जब भाई के साथ लाइसेंसी रिवाल्वर ठीक करने गन हाउस पहुंचा। जहां गन हाउस संचालक की लापरवाही से रिवाल्वर से गोली चल गई और युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर एसएसपी, सीओ सहित आला अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे। जानकारी के अनुसार शक्ति विहार कॉलोनी के रहने वाले सचिन शर्मा की लाइसेंसी रिवाल्वर में तकनीकी खराबी आने के कारण शुक्रवार को सचिन अपने छोटे भाई भानु शर्मा और दोस्त के साथ फ्लाईओवर स्थित बाजपुर गन हाउस दोपहर एक बजे रिवाल्वर की सर्विस कराने पहुंचे। बताया जा रहा है कि गन हाउस पर मौजूद संचालक ने जैसे ही रिवाल्वर को अनलॉक किया और ट्रिगर दबाया तो पहली गोली मिस हो गई।

हल्द्वानी में मचे बवाल के बीच अब उप्र में भी अलर्ट

लखनऊ, अमृत विचार : हल्द्वानी (उत्तराखंड) में मचे बवाल के मद्देनजर उप्र में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। सभी जिलों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में कड़े सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। एक संप्रदाय विशेष के इलाकों में सुरक्षा एजेंसियों को खास नजर रखने को कहा गया है। वहीं जुमे की नमाज के चलते शुक्रवार को मस्जिदों चाक-चौबंद सुरक्षा इंतजाम रहा। नमाज से पहले पुलिस और पीएसी तैनात रही। डीजीपी प्रशांत कुमार ने उत्तराखंड से सटे सभी जिलों को हाई अलर्ट पर रहने के आदेश दिए हैं। साथ ही उधर से आने वाले वाहनों और लोगों की चेकिंग करने के भी निर्देश दिए गए हैं। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी निर्देश में धर्मगुरूओं के साथ समन्वय बनाने तथा सोशल मीडिया पर नजर रखने कहा गया है। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है।

2047 तक सपा की वापसी की कोई संभावना नहीं है : केशव मौर्य

जातिवार जनगणना को लेकर सपा विधायकों ने किया वॉकआउट, जातिवार जनगणना की विरोधी न तो भाजपा और न मैं हूं

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार : विधान परिषद में नेता सदन एवं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा के लोगों के पास मुद्दों का अभाव है। जातिवार जनगणना की विरोधी न तो भाजपा है और न ही मैं केशव मौर्य। जनगणना केन्द्र का विषय है। जब ये सरकार में थे तब इन्होंने कभी ध्यान नहीं दिया। इसलिए अब 2047 तक इनकी वापसी की कोई संभावना नहीं है। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने सरकार को आरक्षण विरोधी बताते हुए सदन से वाक आउट किया।

शुक्रवार को शून्य प्रहर में कार्य स्थगन के रूप में कार्य स्थगन के रूप में उठाए गए जातिवार जनगणना के सवाल पर उप मुख्यमंत्री जवाब दे रहे थे। सदन में सपा और सत्तापक्ष के बीच खूब तीर चले और नोक-झोंक भी हुयी। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा आरक्षण के मामले में भाजपा की कथनी-करनी में अन्तर है। जवाब से असंतुष्ट सपा के सदस्य सरकार पर आरक्षण विरोधी और पिछड़ों का अपमान कराने का आरोप लगाते व नारेबाजी करते हुये सदन से वाक आउट कर गये।

भोजनावकाश के बाद डॉ.सरोजनी अग्रवाल के सभापतित्व में सदन की कार्यवाही शुरू हुई, विधान सभा द्वारा पारित उप्र निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2024 को विधान परिषद के प्रमुख सचिव ने सदन के पटल पर रखा। इसके बाद सत्ता पक्ष के विधायकों ने बजट की खूबियां गिनाते हुये समर्थन किया, वहीं सपा के डॉ.मान सिंह सरकार को बीएसयनएल, एलआईसी, एयरपोर्ट आदि को बेचने वाली सरकार बताते हुए कहा कि मैं इस बजट का विरोध करता हूं। इसके अलावा कार्यसूची की मदों को निपटाया गया। शाम पांच बजे शनिवार 11 बजे तक के लिए सदन स्थगित कर दिया गया है।

रिकार्ड गायब कर मृतक आश्रित में दूसरे को नौकरी : बसपा के भीमराव अम्बेडकर ने बरेली की कमलादेवी के पति जमुना प्रसाद की मृत्यु के बाद मृतक आश्रित में नियुक्ति न देने और मृतक जमुना के संबन्धित रिकार्ड कार्यालय से गायब कर, उसी नाम के कर्मचारी के आश्रितों को नौकरी देने का मामला उठाया। नेता सदन ने कहा कि मामला संवेदनशील है। डीएम पीलीभीत का तत्काल सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। आख्या आते ही हर संभव प्रयास किया जाएगा तथा सदन को भी अवगत कराया जायेगा।

निःशुल्क शिक्षा में अनियमित्ता की होगी जांच : निर्दलीय समूह के राजबहादुर सिंह चंदेल एवं डॉ. आकाश अग्रवाल ने निःशुल्क शिक्षा व्यवस्था अधिनियम की अनियमितता व फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर हो रहे दुरूपयोग का मामला कार्य स्थगन के रूप में उठाया। अभिभावकों के आय प्रमाण पत्र और बच्चों के आधार कार्ड की जांच की जाये। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि बीएसए आगरा को प्रकरण की जांच के आदेश दिये गये हैं। तीन खण्ड शिक्षा अधिकारी जांच करेंगे। अधिष्ठाता डॉ. जयपाल सिंह 'व्यस्त' ने कहा जांच कमेटी में तीन खण्ड शिक्षा अधिकारी की जगह कोई एसडीएम अथवा तहसीलदार स्तर के अधिकारी से जांच कराये तो बेहतर होगा।

सत्यापन के बाद ही होगा सामूहिक विवाह, भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं

लखनऊ, अमृत विचार : राज्य विधानसभा में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बलिया में हुए फर्जीवाडे का मामले का उठा। सरकार की ओर से जवाब देते हुए इसी मुद्दे पर समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरूण ने कहा कि संबधित मामलें में तीन अधिकारियों की गिरफ्तारी हुई है। ग्यारह दलालों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपियों को किसी भी कीमत बख्शा नहीं जायेगा। इस प्रकरण में भुगतान रोका गया है। अब सत्यापन के बाद ही इस प्रक्रिया में लोगों को शामिल किया जाएगा। किसी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जायेगा।

इससे पहले समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य लाल जी वर्मा ने शून्य प्रहर में यह मामला उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में कुल 537 लोगों का विवाह कराया गया। जिसमें आधे से ज्यादा अपात्र थे। इस योजना में पूरी तरह से भ्रष्टाचार है।

जमीन अधिग्रहण नहीं, गन्ने बकाए का भुगतान भी हुआ

लखनऊ। शून्य प्रहर में ही उठे एक सवाल के जवाब में गन्ना विकास और पशुधन मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि जिस किसान की आत्महत्या की बात कही गयी है उससे वन विभाग ने अपनी जमीन वापस ली थी उसकी जमीन का अधिग्रहण नहीं किया गया था। उसके गन्ने का बकाए का भुगतान भी कर दिया गया था। शून्य प्रहर में ही किसानों की आत्महत्या के उठे एक मुद्दे शिक्षा मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि सपा के शासन काल में सरकारी जमीन पर कब्जे कराए जाते थे। किसी भी विभाग की जमीन यदि कोई कब्जा करता है तो उसे सरकार खाली करायेगी। इस मुददे पर सदन में मौजूद नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यदि सरकार यह मानती है कि सपा की सरकार में यदि जमीनों पर कब्जे हुए है तो उसकी सूची जारी करे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि लखनऊ में जो लोग सौ-सौ सालों से काबिज थे भाजपा के लोग उनकी जमीने कब्जा कर रहे है। इससे पहले सपा सदस्य अतुल प्रधान ने बुन्देलखण्ड से पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक किसानो द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला उठाया था। सपा के ही सदस्य मनोज कुमार पारस ने भी किसानों द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि किसानों को उपज का सही दाम न मिलने या फिर कर्ज से दबकर किसान आत्महत्याएं कर रहे है।

समीक्षा बैठक में डीएम आगरा से अभद्रता, मारपीट का प्रयास

संवाददाता, आगरा

- बरौली अहीर ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी के खिलाफ हुई एफआईआर
- बैठक में विकास कार्य में शिथिलता बरतने पर डीएम ने किए थे सवाल जबाव

अमृत विचार : ताजनगरी में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में चौंकाने वाला मामला हुआ। डीएम और बीडीओ के बीच हुई तकरार हाथापाई तक आ पहुंची। गाली गलौच और धमकी भी दी गई। अधिकारियों के बीच हुई रार की गूंज शासन तक पहुंच गई है। विकास कार्य को लेकर हुई समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी से हर दर्जे की बदसूलकी की गई। डीएम और बीडीओ बरौली अहीर के बीच विवाद हुआ।

देर शाम बीडीओ के खिलाफ रकाबगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इस मामले में शासन स्तर से भी कार्रवाई की जा सकती है। डीएम ने पूरे मामले से शासन को भी अवगत करा दिया है। एडीओ पंचायत, खंदौली पंकज कुमार ने रकाबगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है कि जिलाधिकारी शिविर कार्यालय पर डीएम की अध्यक्षता में विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक आहूत की गई थी। बैठक में सभी प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। डीएम भानु चंद गोस्वामी सभी ने शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी कर रहे थे।

खंड विकास अधिकारी अनिरुद्ध सिंह चौहान से जैसे ही योजनाओं के बारे में पूछा तो वह उल्टे सीधे जबाव देने लगे। इस पर डीएम ने नाराजगी जाहिर की तो वह उनसे ही अभद्रता करने लगे। बैठक में मौजूद अन्य अधिकारियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया तो वह आग बबूला हो गए और उन्होंने अपना आपा खो दिया और वह डीएम को गाली गलौच करने लगे। यहां तक उन्होंने डीएम से हाथापाई भी करनी चाही लेकिन मौजूद लोगों ने ऐसा होने से रोक लिया। बीडीओ ने डीएम को धमकी भी दी कि उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ पायेगा। बीडीओ के इस रवैये से आहत डीएम बैठक से चले गए और शासन को पूरे मामले से अवगत कराया। बीडीओ भी अपनी गाड़ी में बैठकर चले गए। इस मामले में एडीओ पंचायत खंदौली, पंकज कुमार ने थाना रकाबगंज में बीडीओ अनिरुद्ध सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी है। इस मामले के बाद बीडीओ से बात करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल फोन बंद आ रहा था। बताया जा रहा है कि इस विवाद के बाद वह देर शाम तक अपने आवास पर भी नहीं पहुंचे थे। इस घटना से प्रशासनिक अधिकारियों के होश उड़ गए है।

पांच लाख का इनाम, एक साल में खोज नहीं पायी एसटीएफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गुड्डू मुस्लिम, साबिर और अरमान अभी शिकंजे से हैं बाहर

अमृत विचार: हार्डकोर क्रिमिनल पर लगाम कसने के लगातार हो रहे सरकारी दावों के बीच एक बड़ा सच यह है कि डॉन गुड्डू मुस्लिम समेत प्रयागराज के चर्चित उमेश पाल हत्याकांड के तीन वांटेड शूटरों को एक साल से एसटीएफ-उप्र पुलिस खोज नहीं पा रही है। खास बात यह है कि शिकंजे से बाहर खुली हवा में सांस ले रहे गुड्डू के अलावा अरमान और साबिर मोस्ट वांटेड सूची में शुमार है और इनकी गिरफ्तारी पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम भी घोषित हैं। इससे माफिया-दुर्दांत अपराधियों पर नकेल कसने की जिम्मेदारी वाले विभाग और उसके आला अफसरान की भूमिका सवालों के कठघरे में हैं।

पुलिस महकमें के कई वरिष्ठ अफसर इसे एसटीएफ-उप्र पुलिस की पूरी तरह नाकामयाबी मानने को तैयार नहीं हैं। एसटीएफ के अफसरों से बातचीत में भी बातचीत में कुछ ऐसे ही संकेत मिलते हैं। आधिकारिक रुप से वह कहते हैं कि अरे पकड़ लिए जाएंगे। ऐसा लगता है कि शूटरों की गतिविधियां उन तक है, और उन्हें शिकंजे में लाने को लेकर उनकी अभी कोई रुचि नहीं हैं। इस सवाल का जवाब बातचीत में स्पष्ट नहीं हो पाता है। वहीं दूसरी ओर इन वांटेड शूटरों को सलाखों के पीछे भेजने में प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस की भी प्रभावी सक्रियता नहीं दिख रही है।

एक साल में उनके खिलाफ कार्रवाई के नाम पर सिर्फ उनके घरों की कुर्की तक कर सकी है, जहां सिर्फ दीवारें ही बची थीं। प्रयागराज में 24 फरवरी 2023 को दिन-दहाड़े उमेश पाल और उनके दो गनर की हत्या कर दी गई थी। फिल्मी स्टाइल में हुई यह वारदात प्रदेश की कानून-व्यवस्था को कठघरे में खड़ा करने वाली थी।

शुक्रवार को बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉक्टर केशव कुमार अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉक्टर अशोक अग्रवाल और कैंट विधायक संजीव अग्रवाल लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात करते हुए। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के औद्योगिक विकास समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। ● अमृत विचार

खेल छात्रावासों में दाखिले के लिए आवेदन अगले महीने से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः प्रदेश भर के खेल छात्रावासों में दाखिले के लिए फार्म अगले महीने से मिलने शुरू हो जाएंगे। 16 खेलों के लिए प्रदेश भर के 44 छात्रावासों में खिलाड़ियों के दाखिले के लिए खेल विभाग तैयारी में जुट गया है। विभागीय अधिकारियों ने सभी छात्रावासों के मूल्यांकन की रिपोर्ट भी खेल निदेशालय भेज दी है। किस छात्रावास में कितनी सीटें खाली हैं, इसका ब्यौरा तैयार किया जा रहा है। इसके बाद खेल विभाग दाखिले के लिए फार्म उपलब्ध कराएगा। प्रदेश भर के सभी सरकारी स्टेडियम में यह फार्म उपलब्ध कराए जाएंगे।

खेल विभाग के अधिकारियों के अनुसार प्रदेश भर के छात्रावासों में दाखिले की प्रक्रिया अगले महीने शुरू की जाएगी। दाखिले के लिए चयन ट्रायल कब और कहां आयोजित किए जाएंगे, इसकी जगह और तिथियां तय की जा रही है। इसके लिए क्रीड़ा अधिकारियों की तैनाती भी की जानी है। अभी अधिकांश स्कूलों में परीक्षाएं चल रही हैं। परीक्षाएं खत्म होते ही सभी स्टेडियमों में दाखिऐ के लिए फार्म मिलने शुरू हो जाएंगे। 15 अप्रैल तक दाखिले की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। खेल निदेशालय के निदेशक डॉ. आरपी सिंह के अनुसार दाखिले की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।

पूर्व ओलंपियन देंगे छात्रावास के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण

छात्रावासों के खेल स्तर सुधारने को खेल विभाग पूर्व ओलंपियन और एशियन गेम्स के पदक विजेताओं को द्रोणाचार्य पदों पर तैनात करने की तैयारी में है। इन द्रोणाचार्यों को प्रति माह डेढ़ लाख रुपये का भुगतान भी किया जाएगा। प्रदेश भर में 50 ऐसे द्रोणाचार्यों की तैनाती की जाएगी। ये प्रशिक्षक खेल छात्रावासों में रहने वाले खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देंगे। अप्रैल में इसकी शुरुआत होगी।

सरकार-विपक्ष एक साथ राम के दर्शन को जाएंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार और विपक्ष साथ-साथ राम के दर्शन को अयोध्या जाने वाली है। इसके लिए 11 फरवरी की तारीख तय की गई है। इस दौरान विधानमंडल के सभी सदस्यों को उप्र. परिवहन निगम की 10 सुपर लग्जरी बसों से ले जाया जाएगा। शासन ने परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को बसों की उपलब्धता कराने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में सभी सदस्यों से रामलला के दर्शनों के लिए अयोध्या चलने का आग्रह किया था। वहीं विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी सभी सदस्यों को अयोध्या चलने का निमंत्रण दिया है। वह खुद भी बस में विधानसभा सदस्यों के साथ अयोध्या की यात्रा करेंगे। उन बसों में राम धुन भी बजेगी।

- 10 लग्जरी बसों से जाएंगे मंत्री और सत्तापक्ष-विपक्ष के विधायक
- रामलला के दर्शन कराने के लिए परिवहन निगम ने की तैयारी

निर्धारित कार्यक्रम की गाइडलाइन जारी : जिन सदस्यों को अयोध्या जाना है, उनको अयोध्या को जाने के लिए बसें विधान भवन के गेट संख्या-1 व 3 के सुबह 8:15 बजे मिलेगी। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अयोध्या धाम के दर्शन कराने वाली इन बसों की बाहरी व आंतरिक सफाई बेहतर रहनी चाहिए, पर्दे लगे होने चाहिए। बसों में सुरक्षा की नजर से अग्निशमन यंत्र अवश्य रहे। साथ ही फर्स्ट एड किट उपलब्ध रहे। साथ ही बसों में रामधुन भी अवश्य बजे इसके लिए भी विशेष निर्देश दिए हैं। साथ ही ड्राइवर और कंडक्टर का व्यवहार कुशल हों इसके साथ ही वर्दी में नेम प्लेट जरूर लगा होगा।

रालोद विधायक भी जाएंगे साथ

उप्र. का राजनीतिक समीकरण बदला नजर आ रहा है। भाजपा और रालोद गठबंधन की तस्वीर साफ होने के बाद रविवार को रालोद के विधायक भी अयोध्या में रामलला के दर्शन करने जाएंगे। छपरौली से रालोद विधायक अजय कुमार ने बताया कि रविवार को पार्टी के सभी नौ विधायक भी एनडीए के विधायकों के साथ रामलला के दर्शन लिए अयोध्या जाएंगे।

वर्ग पहेली-338

बाएं से दाएं

1.(साहित्य) एक शब्दालंकार जिसमें ऐसे शब्दों का प्रयोग किया जाता है जो कई भाषाओं में समान अर्थ देते हों।

4.1.वह राज्य या शासन जिसमें अव्यवस्था और भ्रष्टाचार हो, ऐसा राज्य-प्रबंध जिसमें जनता के कल्याण या सुख-सुविधाओं का कोई प्रावधान या व्यवस्था न हो 2.कुश नामक घास का आसन, कुश की बनी हुई चटाई।

7.1.भौरों के गुंजार से युक्त 2.किसी प्रकार की गूंज से युक्त 3.(स्थान आदि) जो गूंज से भर गया हो।

8.1.झाड़ने पर निकलने वाली धूल अथवा रद्दी चीज़ें या उनके टुकड़े, गर्द, कूड़ा, (डस्ट) 2.वह कपड़ा जिससे चीज़ें झाड़ी या साफ़ की जाती हैं, मार्जक, (डस्टर)।

ऊपर से नीचे

2.1.वसंत ऋतु 2.चैतमास।

3.1.तौलने की क्रिया या भाव 2.तौलने की मज़दूरी।

5.1.जिन पर शासन किया गया हो 2.जो शासन के अधीन हो 3.नियंत्रित 4.दंडित।

6.1.जानने-समझने की क्षमता, समझ, दिमाग 2.बुद्धि, प्रतिभा, कौशल 3.समझने-बूझने की योग्यता, धारणाशक्ति 4.स्मरणशक्ति, याददास्त।



वर्ग पहेली - 337 का हल

1 लु	2 टि	या		3 मो	था
	का		4 हैं		
5 गाँ	व	वा	सी		6 टो
ड़			खे		का
र		7 बे	ल	बू	टा
		डो			की
	8 बि	ल	टी		

सुडोकू -55

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

					4			5
2	9			6		3		
	3				7			
		5					7	
1		2				4		3
	6					8	9	
		9		4				
8		1					3	4
7			2					

सुडोकू - 54 का हल

5	1	4	9	7	2	6	8	3
3	7	2	4	8	6	1	5	9
9	8	6	5	3	1	2	7	4
1	9	5	3	2	8	4	6	7
7	2	3	1	6	4	8	9	5
6	4	8	7	9	5	3	2	1
2	5	9	8	1	3	7	4	6
4	6	1	2	5	7	9	3	8
8	3	7	6	4	9	5	1	2

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 फरवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 11 फरवरी 00.47 तक तत्पश्चात द्वितीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 20.34 तक तत्पश्चात शतभिषा।

मेष — आज आप अपने प्रभाव के दम पर उलझे मामलों को सुलझा लेंगे। अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव लाने का प्रयास कर सकते हैं। संतान के करियर को लेकर चिंता दूर होगी। मित्रों के साथ आप गम्भीर विषयों पर चर्चा कर सकते हैं।

वृष — आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। व्यापार में कुछ बदलाव लाने की दिशा में काम कर सकते हैं। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। अपनी कुशल रणनीति से विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। पुराने नुकसान की भरपायी हो जायेगी।

मिथुन — आज निजी रिश्तों में समझदारी दिखाने की आवश्यकता है। परिवार के किसी सदस्य पर क्रोध आ सकता है। बुरी संगत से आपको बचना चाहिये। जॉब में आपको धन की कमी का सामना करना पड़ेगा। वैवाहिक जीवन की समस्याओं का निराकरण होगा।

कर्क — आज घर का वातावरण नकारात्मक हो सकता है। अपने बजट का ध्यान रखते हुए ही काम करें। भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। उतावलेपन के कारण काम प्रभावित हो सकते हैं। धन उधार देने से आपको बचना चाहिए। आज दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें।

सिंह — आज आपके व्यक्तित्व में निखार आयेगा। शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। आपकी आय में वृद्धि होने की संभावना बन रही है। कारोबार में विस्तार कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ मूवी देखने जाने का प्लान करेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा।

कन्या — आज ऑफिस में लापरवाही के कारण काम रुक सकते हैं। स्वयं को व्यस्त रखना सबसे ज्यादा जरूरी है। धन संबंधी मामलों को लेकर थोड़े परेशान होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको कठिन काम सौंपा जा सकता है। अधीनस्थ कर्मचारी आपकी काफी प्रशंसा करेंगे।

तुला — आज बेरोजगार लोगों को नौकरी की चिन्ता रहेगी। अति आत्मविश्वास के कारण काम बिगड़ सकते हैं। काम की अधिकता के कारण प्रेमी जन से झगड़ा हो सकता है। ऑफिस में घरेलू मामलों को लेकर तनाव हो सकता है।

वृश्चिक — आज व्यापार में उधारी करने से बचें। मन में नए रचनात्मक विचारों का प्रभाव रहेगा। अपने खर्च का हिसाब रखें। जीवनसाथी के साथ झगड़ा हो सकता है। उत्तम वाहन सुख की प्राप्ति होगी। माता का आशीर्वाद लेकर काम शुरू करें।

धनु — आज आपको व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा करनी पड़ सकती है। आज आप कई सारे कार्यों को एकसाथ करने का प्रयास करेंगे। जॉब में आपको बड़ा काम सौंपा जा सकता है। विद्यार्थी गम्भीर विषयों का अध्ययन करने में रुचि लेंगे। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा।

मकर — आज कार्यक्षेत्र में थोड़ी परेशानियां हो सकती है। पैतृक संपदा प्राप्त हो सकती है। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। जीवनसाथी के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। परिवार के सदस्यों के बीच व्यवहार खराब हो सकता है।

कुंभ — आज मनोरञ्जन के साधनों का आनन्द लेंगे। रिश्तेदारों के बीच आप काफी लोकप्रिय रहेंगे। विदेश यात्रा में आ रही बाधा दूर होगी। आप लोगों की मदद करने को आतुर रहेंगे। सामाजिक कार्यों में आप रुचि लेंगे।

मीन — आज घरेलू कार्यों में आप उलझे रहेंगे। अपनी उपलब्धियों पर अहङ्कार न करें। भावनाओं के कारण नुकसान हो सकता है। संपत्ति के मामलों को लेकर सावधानी जरूरी है। मन में अज्ञात भय रहेगा। वाद-विवाद और बहसबाजी से आपको बचना चाहिए।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- लाल बादशाह — सुबह : 09.00
- नो प्रॉब्लम — शाम : 06.00

SONY SMAX
- दिल तो बच्चा है जी — सुबह : 09.56
- हर दिल जो प्यार करेगा — शाम : 06.04

Utsav Gold
- बड़े घर की बेटी — सुबह : 09.15
- चांदनी — शाम : 06.15

ZEE CINEMA
- अंदाज — दोपहर : 12.25
- किसका भाई किसकी जान — रात : 09.25

colors CINEPLEX
- एयरलिफ्ट — सुबह : 10.54
- फोर्स 2 — शाम : 04.32

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर शाम-06.04 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति- मुझे समझदार औरत से शादी करनी चाहिए थी

पत्नी- समझदार औरत तुमसे कभी शादी नहीं कर सकती।

पति- मुझे बस यही साबित करना था।

पति की बात सुनकर पत्नी रह गई दंग।

बॉस ने जोक सुनाया तो पूरी टीम हंसने लगी, बस एक लड़का नहीं हंसा...

बॉस ने पूछा- क्या तुम्हें मेरा जोक समझ नहीं आया?

लड़का- सर, मेरा सलेक्शन दूसरी कंपनी में हो गया है...

लड़के की बात सुनकर बॉस दंग रह गए।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	71,595 .49	21,782 .50
बढ़त	167 .06	64 .55
प्रतिशत में	0 .23	0 .30

कारोबार/कृषि

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, शनिवार, 10 फरवरी 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1850, राज श्री 1375, फ़ॉर्चून कि. 1695, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1555, जय जवान 1420, सचिन 1435, सूरज 1445, अवसर 1535, राग गोल्ड 1530, गृहणी 1420, क्लासिक (किलोg) 1610, मोर 1565, चक्र टिन 1665, ब्लू 1540, आशीर्वाद मस्टर्ड 1660, स्वास्तिक 1820, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो.) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10600, मूंग धोवा काला क्राउन 10900, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छाँटी 7300, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 6900, लाल हिंदुस्तान 7000, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14800, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12500, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**-डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3090, बहेड़ी (नई) 4000 रुपये।

एफडीआई के लिए भारत पसंदीदा स्थान

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने वैश्विक कारोबार सम्मेलन को किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी के बावजूद भारत एक पसंदीदा एफडीआई गंतव्य बना हुआ है। केंद्रीय मंत्री ईटी नाउ वैश्विक कारोबार सम्मेलन-2024 में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अमेरिका समेत दुनियाभर में ब्याज दरें बढ़ी हैं और इससे विकसित देशों में पूंजी का प्रवाह वापस आया। गोयल ने कहा, "वह एक ऐसा दौर था जब किसी ने विकासशील अर्थव्यवस्थाओं पर भारत की तुलना में कहीं अधिक गहरे प्रभाव की कल्पना की होगी, लेकिन भारत में मांग की ताकत, अवसरों की ताकत ने यह सुनिश्चित किया कि हमें भारी गिरावट नहीं देखनी पड़ेगी। जबकि हमारे कई अन्य समकक्ष देशों ने देखी। कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) अप्रैल-जून, 2022 में 38.94 अरब डॉलर के मुकाबले चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर के दौरान 15.5 प्रतिशत घटकर 32.9 अरब डॉलर रहा। कुल एफडीआई में इक्विटी प्रवाह, पुनर्निवेश आय और अन्य पूंजी शामिल हैं।

मंत्री ने कहा-हमारे यहां बड़ी मात्रा में एफडीआई आना जारी है...इस अवधि के दौरान भी कमाई का बहुत अधिक पुनर्निवेश हुआ, जबकि मैंने सोचा था कि वैश्विक बहीखाता बहुत दबाव में होगा। उन्होंने कहा कि भारत में निवेश के लिए रुझान जारी है और देश में पैसा आना जारी है।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.74 अरब डॉलर बढ़कर 622.47 अरब डॉलर पर पहुंचा

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि दो फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5 .74 अरब डॉलर बढ़कर 622 .47 अरब डॉलर हो गया। इससे एक सप्ताह पहले विदेशी मुद्रा का कुल भंडार 59 .1 करोड़ डॉलर की तेजी के साथ 616 .73 अरब डॉलर रहा था। देश का विदेशी मुद्रा भंडार अक्टूबर, 2021 में 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। लेकिन पिछले साल वैश्विक घटनाक्रम के बीच रुपये को संभालने के लिए रिजर्व बैंक को इस भंडार के एक हिस्से का इस्तेमाल करना पड़ा था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, दो फरवरी को समाप्त सप्ताह में मुद्राभंडार का अहम हिस्सा माने लाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 5 .19 अरब डॉलर बढ़कर 55 .33 अरब डॉलर हो गई। डॉलर के संदर्भ में उल्लिखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक के मुताबिक, समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार 60 .8 करोड़ डॉलर बढ़कर 48 .08 अरब डॉलर हो गया।

अमरूद की खेती ने हिमाचल के गांव की तस्वीर बदली

हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश)। हिमाचल प्रदेश उपोष्णकटिबंधीय बागवानी, सिंचाई एवं मूल्यवर्धन (एचपीशिवा) परियोजना के तहत कभी बंजर रहे हमीरपुर जिले के बगेहरा गांव में बड़ा बदलाव आया है। यहां हजारों अमरूद के पौधे लगाए गए हैं और कई किसानों की बंजर भूमि अब विकसित बागों में तब्दील हो गई है। बागवानी विभाग के उप निदेशक राजेश्वर परमार ने बताया कि एचपी शिवा परियोजना के तहत हमीरपुर जिले में 834 हेक्टेयर भूमि पर फल के पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि समय के साथ जिले के अन्य क्षेत्रों के किसान भी बागवानी गतिविधियों को बड़े पैमाने पर अपनाएंगे। परमार ने कहा कि ग्रामीणों को शिव परियोजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पूरा खर्च बागवानी विभाग द्वारा वहन किया जा रहा है।

एम्ब्रेयर ने सी-390 विमान बनाने के लिए महिंद्रा के साथ की साझेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **भारत में विमान बनाएगी ब्राजील की कंपनी**

ब्राजील की वैमानिकी कंपनी एम्ब्रेयर और महिंद्रा समूह ने भारतीय वायुसेना के लिए मध्यम श्रेणी का परिवहन विमान बनाने के लिए साझेदारी करने की शुक्रवार को घोषणा की। वायुसेना के लिए मध्यम परिवहन विमान (एमटीए) की खरीद परियोजना के लिए दोनों कंपनियों के बीच साझेदारी संबंधी समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर यहां ब्राजीलियाई दूतावास में हस्ताक्षर किए गए।

भारतीय वायुसेना अपने पुराने परिवहन विमानों एएन32 के बेड़े को बदलने के लिए 40 से लेकर 80 तक मध्यम श्रेणी के परिवहन विमानों की खरीद करने की तैयारी में है। इसके विकल्प के लिए एम्ब्रेयर डिफेंस एंड सिक्योरिटी का सी-390 मिलेनियम, एयरबस डिफेंस एंड स्पेस का ए-400एम विमान और लॉकहीड मार्टिन का सी-130जे विमान प्रबल दावेदार के रूप में उभरे हैं। एम्ब्रेयर और महिंद्रा ने एक संयुक्त बयान में एमओयू की जानकारी देते हुए कहा कि सी-390 मिलेनियम को लेकर सहयोग से भारत में वैमानिकी एवं सैन्य परिवहन विमान से संबंधित नवीनतम तकनीक लाने में मदद मिलेगी। एम्ब्रेयर डिफेंस के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बॉस्को डा कोस्टा जूनियर ने कहा-भारत में एक विविध और मजबूत रक्षा एवं वैमानिकी उद्योग है और हमने महिंद्रा को अपने भागीदार के रूप में चुना है। महिंद्रा के वैमानिकी एवं रक्षा क्षेत्र के अध्यक्ष विनोद सहाय ने कहा कि उन्हें एम्ब्रेयर के साथ साझेदारी शुरू करने पर गर्व है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	72,800
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,400
गिन्नी (प्रति नग)	48,000-48,200
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,250
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,100
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	72,800
चांदी तैयार	72,900
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,050
सोना जेवरात गिन्नी	63,050
चांदी पक्की	718(अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,250
चांदी आभूषण	72,700।

कार्बन डाईऑक्साइड के लिए विकसित देश जिम्मेदार: सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **केंद्रीय बिजली मंत्री बोले भारत ने 45% उत्सर्जन कम करने का रखा लक्ष्य**

केंद्रीय बिजली मंत्री आरके सिंह ने शुक्रवार को कहा कि विकासशील देशों को वृद्धि के लिए अधिक कार्बन गुंजाइश की जरूरत है। उन्होंने साथ ही कहा कि वातावरण में फैल चुके कार्बन डाईऑक्साइड में 77 प्रतिशत हिस्से के लिए सीधे विकसित देश जिम्मेदार हैं।

भारत ने 2030 तक अपनी कार्बन उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य तय किया है। सिंह ने यहां विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन 2024 में कहा-अब, हमारे ग्रह पर वर्तमान स्थिति क्या है? कुछ देश विकसित हैं और आईएमएफ के आंकड़ों के अनुसार उनकी औसत प्रति व्यक्ति आय लगभग 58,700 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है। केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने कहा कि ऐसे विकासशील देश हैं, जहां प्रति व्यक्ति औसत आय 6,770 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है।

छत्तीसगढ़ सरकार का 1.47 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश

रायपुर। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 1,47,446 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि यह गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी या 'ज्ञान' (जीवाईएएन) की समृद्धि पर केंद्रित है। साथ ही इससे बुनियादी ढांचे के विकास को गति मिलेगी। विष्णु देव साई ने दिसंबर में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। साई नीत भाजपा सरकार के पहले बजट में किसी नए कर की घोषणा नहीं की गई। चौधरी ने राज्य को विकासशील से विकसित राज्य बनाने की भी घोषणा की।

लाल सागर मार्ग में व्यवधान से माल ढुलाई लागत 30 प्रतिशत तक बढ़ने की आशंका

मुंबई, एजेंसी

▸▸ **क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इंडरा ने अपनी रिपोर्ट में जताई उम्मीद**

लाल सागर मार्ग में जारी व्यवधान से अंतरराष्ट्रीय व्यापार में शामिल कंपनियों की माल ढुलाई और अन्य संबंधित लागत (एफएंडएफ) 25 से 30 प्रतिशत तक बढ़ने की आशंका है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इंडरा ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट में यह बात कही।

एजेंसी ने कहा कि इस व्यवधान के चलते कार्यशील पूंजी चक्र 15-20 दिनों तक बढ़ने का अनुमान है। इसका असर कृषि और कपड़ा जैसे क्षेत्रों पर अधिक हो सकता है। कार्यशील पूंजी चक्र का मतलब आपूर्तिकर्ताओं को किए गए भुगतान और बिक्री से मिलने वाले राजस्व के बीच की अवधि से है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि नकदी प्रवाह पर दबाव हालांकि बड़ी कंपनियों के लिए मध्यम है, लेकिन फिर भी उधारी में और वृद्धि होगी। खासतौर से लोहा और इस्पात, ऑटो और ऑटो कलपुर्जा, रसायन तथा कपड़ा जैसे क्षेत्रों में ऐसा खासतौर से देखने को मिल सकता है। इंडरा के निदेशक सौम्यजीत नियोगी ने कहा कि कम मूल्यवर्धन वाली संस्थाओं के लिए यह चुनौतीपूर्ण वक्त है, क्योंकि उनका मार्जिन भी कम है। हालांकि, बड़ी कंपनियों के पास ऐसी वृद्धिशील लागत को समायोजित करने के लिए पर्याप्त गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि मध्यम आकार की कंपनियों के लिए लागत और आपूर्ति, दोनों रूप में दोहरी चुनौती है।

राष्ट्रीय

सीतारमण का लोकसभा में अर्थव्यवस्था पर श्वेतपत्र प्रस्तुत करते समय कांग्रेस पर कटाक्ष

मेरी हिंदी भी एंटरटेनिंग है, थोड़ा सुनिए

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को लोकसभा में अर्थव्यवस्था पर श्वेतपत्र को चर्चा के लिए प्रस्तुत करते समय कांग्रेस को आड़े हाथ लिया और हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों पर कटाक्ष करते हुए कहा-मेरी हिंदी भी एंटरटेनिंग है, थोड़ा सुन लीजिए।''

सीतारमण ने जब श्वेतपत्र का ब्योरा प्रस्तुत करते हुए पूर्ववर्ती संप्रग सरकार की नीतियों की आलोचना की तो बीच-बीच में कांग्रेस के सदस्य हंगामा कर रहे थे। वित्त मंत्री ने कहा-अगर उनमें (कांग्रेस सदस्यों में) साहस है और यदि इन्होंने अच्छा काम किया है तो सुनना चाहिए और जवाब देना चाहिए। सुनने की क्षमता नहीं है। फिर भी मैं छोड़ूंगी नहीं, मैं अपनी बात करुंगी। उन्होंने कहा-वैश्विक आथिक संकट को तो नहीं संभाल सके, आज ज्ञान दे रहे है कि किस तरह संभालना है। उस समय क्या करना चाहिए था, कुछ नहीं किया। घोटाले के ऊपर घोटाले आते रहे। देश को ऐसी गंभीर अवस्था में छोड़कर चले गए भगवान जाने, अगर इनकी (कांग्रेस की) सरकार बनी रहती तो देश का क्या हाल होता। इस दौरान सदन में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी उपस्थित थीं।

सदन में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी समेत अन्य सदस्यों की टोका-टोकी के बीच सीतारमण ने कहा-मैं हिंदी और अंग्रेजी दोनों में बोल रही हूं। मेरी हिंदी भी एंटरटेनिंग है। थोड़ा सुनिए। पूर्व अध्यक्ष बैठी हैं, उन्हें इम्प्रेस करना है कि मैडम हम बचाव कर रहे हैं। कहा कि कांग्रेस के सदस्य कई प्रश्न उठाते हैं तो हम तसल्ली से सुनते हैं, लेकिन जब सरकार जवाब देती है तो विपक्षी सदस्य वाकआउट करते हैं या शोर-शराबा करते हैं।

श्वेतपत्र नहीं, सफेद झूठ पत्र है: जयराम रमेश

कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि अर्थव्यवस्था पर मोदी सरकार का श्वेतपत्र एक सफेद झूठ पत्र है और इसके बजाय केंद्र सरकार को रोजगार, नोटबंदी, सीमा पर तनाव और मणिपुर जैसे मुद्दों पर ऐसा दस्तावेज लेकर आना चाहिए। सरकार के श्वेतपत्र के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा-यह श्वेतपत्र नहीं, बल्कि सफेद झूठ पत्र है। हमारे कांग्रेस अध्यक्ष (मल्लिकार्जुन खरगे) ने कल 10 साल अन्य काल नाम से एक ब्लैक पेपर जारी किया। उनका कहना था कि कांग्रेस का 'ब्लैक पेपर' सरकार के 'श्वेतपत्र' पर सर्जिकल स्ट्राइक है। कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाया कि सरकार सफेद झूठ पत्र' लेकर आई है। रमेश ने कहा-श्वेत पत्र में नोटबंदी, बेरोजगारी, महंगाई और बढ़ती आर्थिक असमानता का कोई जिक्र नहीं है। जिन मुद्दों पर उन्हें श्वेतपत्र लाना चाहिए, उनमें चीन के साथ सीमा पर तनाव शामिल हैं।

जम्मू-कश्मीर: निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण का रास्ता साफ

नई दिल्ली। संसद ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर से संबंधित तीन विधेयकों मंजूरी दे दी, जिनमें केंद्र शासित प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण देने और वाल्मीकि समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने के प्रावधान शामिल हैं। राज्यसभा में जम्मू-कश्मीर पंचायती राज विधेयक (संशोधन) विधेयक, संविधान (जम्मू कश्मीर) अनुसूचित जातियां आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 और संविधान (जम्मू कश्मीर) अनुसूचित जनजातियां आदेश (संशोधन) विधेयक पर एकसाथ चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित किया गया। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार और जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने विधेयकों पर हुई चर्चा के जवाब दिए और फिर उसके बाद इन्हें उच्च सदन ने मंजूरी दी।

मोदी ने संसद की कैंटीन में विभिन्न दलों के नेताओं के साथ किया लंच

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नए संसद भवन की कैंटीन में सांसदों के साथ दोपहर को भोजन किया। खास यह रहा कि दलगत राजनीति को पीछे छोड़ विभिन्न दलों के सांसद इसमें शामिल हुए। बीजू जनता दल के सस्मित पात्रा, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के एन के प्रेमचंद्रन, तेदपा के राम मोहन नायडू, बसपा के रितेश पांडे और केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन तथा हीना गावित सहित कुछ भाजपा नेताओं ने मोदी के साथ भोजन किया।

एक नजर

सैलून के अंदर घुसकर दो ग्राहकों की गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के नजफगढ़ इलाके में एक सैलून के अंदर दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक, सोनू और आशीष नाम के व्यक्तियों को अन्य ग्राहकों तथा सैलून कर्मियों के सामने कई गोली मारी गई। दोनों की उम्र 30 वर्ष के करीब है। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर आया, जिसमें एक पीड़ित को हमलावरों से गुहार लगाते देखा जा सकता है। हमलावरों ने बेहद गुस्से में उसके सिर में गोली मारी। पुलिस ने कहा कि जहां सोनू को सिर में एक गोली मारी गई, वहीं आशीष के सिर में तीन और सीने में एक गोली लगी।

1.25 करोड़ रुपये मूल्य की अवैध शराब जब्त

जयपुर। राजस्थान पुलिस ने बाड़मेर जिले में 1.25 करोड़ रुपये मूल्य की अवैध शराब जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। बाड़मेर के जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद ने बताया कि खुफिया सूचना पर फलोदी की तरफ से आ रहा एक ट्रेलर से पंजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई है।

सुप्रीम आदेश की अनदेखी करने पर प्रदेश सरकार को फटकार

नई दिल्ली,एजेंसी

मुजफ्फरनगर स्कूल थप्पड़ मामला

▸▸ **अब 1 मार्च को कोर्ट में होगी अगली सुनवाई**

उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार को उन छात्रों की काउंसलिंग नहीं करने के लिए शुक्रवार को फटकार लगाई, जिन्हें उनकी स्कूली शिक्षिका ने गृहकार्य पूरा नहीं करने पर एक मुस्लिम छात्र को थप्पड़ मारने का कथित तौर पर निर्देश दिया था।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने इस बात पर गौर किया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उसके निर्देशों का पूरी तरह से उल्लंघन किया गया है। पीठ ने राज्य को उन बच्चों की काउंसलिंग करने और दो सप्ताह में अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा-हमने टीआईएसएस (टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज) की नवीनतम रिपोर्ट का अध्ययन किया है, जिसमें उस घटना के गवाह सभी छात्रों की काउंसलिंग की बात कही गई है। राज्य द्वारा इस दिशा में कोई कुछ भी नहीं किया गया है, अब बहुत देर हो चुकी है। पीठ ने कहा-हम राज्य को निर्देशों को तुरंत लागू करने का निर्देश देते हैं और अनुपालन हलफनामा दो सप्ताह में दाखिल किया जाए। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि एक मार्च तय की।

उत्तर प्रदेश की अतिरिक्त महाधिवक्ता गरिमा प्रसाद ने कहा कि दो संगठनों ने छात्रों की काउंसलिंग के लिए स्वेच्छा से काम किया है और अधिक विस्तृत हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा है। अदालत ने पहले भी राज्य सरकार को उस मुस्लिम लड़के और उसके सहपाठियों की काउंसलिंग के लिए एक एजेंसी नियुक्त करने के अपने आदेश का पालन नहीं करने के लिए फटकार लगाई थी, जिन्हें उनकी शिक्षिका ने होमवर्क न करने पर उसे थप्पड़ मारने का कथित तौर पर निर्देश दिया था। मुजफ्फरनगर जिले के स्कूल की शिक्षिका पर भी पीड़ित लड़के पर सांप्रदायिक टिप्पणियां करने का भी आरोप लगाया गया है।

क्या तारीख में बदलाव किए बिना 'प्रस्तावना' में संशोधन संभव?

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **संविधान से समाजवादी पंथनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सवाल किया कि क्या संविधान को अंगीकार किए जाने की तारीख 26 नवंबर 1949 को अक्षुण्ण रखते हुए इसकी प्रस्तावना में संशोधन किया जा सकता है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने राज्यसभा के पूर्व सदस्य सुब्रमण्यन स्वामी और वकील विष्णु शंकर जैन से यह सवाल किया, जिन्होंने संविधान की प्रस्तावना से 'समाजवादी' और 'पंथनिरपेक्ष' शब्दों को हटाने की अपील की है।

न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा, अकादमिक उद्देश्य के लिए क्या प्रस्तावना, जिसमें तारीख का उल्लेख है, उसे अंगीकार करने के दिनांक में बदलाव किए बिना उसे (प्रस्तावना को) बदला जा सकता है। अन्यथा हां, प्रस्तावना में संशोधन किया जा सकता है। उसमें कोई समस्या नहीं है। स्वामी ने जवाब दिया-इस विषय में बिल्कुल यही सवाल है।

मोदी, आडवाणी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए पत्रकार वागले के खिलाफ मामला दर्ज

पुणे। भाजपा के कद्दावर नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा के बाद उनके और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में वरिष्ठ पत्रकार निखिल वागले के खिलाफ पुणे में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वागले के खिलाफ भाजपा के एक स्थानीय नेता द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा-निखिल वागले पर विश्रामबाग थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153 ए, 500 (मानहानि) और 505 (सार्वजनिक शरारत के लिए उकसाने वाले बयान) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

13 करोड़ की हेरोइन व मेथामफेटामाइन की गोलियां जब्त

आइजोल। असम राइफल्स और मिजोरम पुलिस ने पिछले दो दिनों में संयुक्त अभियान के दौरान पूर्वी मिजोरम के चम्फाई जिले से 13.3 करोड़ रुपये की हेरोइन और मेथामफेटामाइन की गोलियां जब्त की हैं। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बुधवार को जोखावथर के एक निवासी के कब्जे से मुआलकावी में 4.23 करोड़ रुपये मूल्य की कुल 605 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई में मिजोरम-म्यांमा सीमा पर जोखावथर में नौ करोड़ रुपये की मेथामफेटामाइन की 30,300 गोलियां और 17.49 लाख रुपये की बेहिसाबी नकदी बरामद की गई।

अब अयोध्या की तर्ज पर बनेगा चित्रकूट रेलवे स्टेशन

नई दिल्ली, ज्ञानेन्द्र सिंह

▸▸ **धार्मिक स्थलों के कई रेलवे स्टेशनों का होगा जीर्णोद्धार**

अमृत विचार: भगवान राम की जन्म-स्थली, अयोध्या धाम को रेलवे मानचित्र में चमकाने के बाद अब उनकी वन-स्थली, चित्रकूट धाम की बारी है। करीब 50 करोड़ की लागत से चित्रकूट धाम कर्वी रेलवे स्टेशन को फाइव स्टार बनाने की योजना है।

मंदाकिनी नदी के तट पर बसा चित्रकूट, मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के 38 वर्ग किलोमीटर संयुक्त क्षेत्र का एक प्राचीन तीर्थ स्थल है। जहां भगवान राम ने अपने वनवास के 11 वर्ष सीता और लक्ष्मण के साथ व्यतीत किए थे। रेलवे सूत्रों के मुताबिक चित्रकूट में देश-विदेश के पर्यटकों का काफी आना-जाना होता है। लेकिन रेलवे को पर्याप्त राजस्व नहीं मिलता है। ज्यादातर पर्यटक सड़क मार्ग से ही वहां पर आते हैं। लेकिन रेलवे ने चित्रकूट धाम को पर्यटकों की दृष्टि से विकसित करने के लिए जो योजना बनाई है उसके तहत न सिर्फ सड़क बल्कि वायु मार्ग से भी रेल मार्ग को लिंकप किया जाएगा। एक योजना कर्वी से चित्रकूट तक रेलवे लाइन बिछाने की भी है लेकिन अभी उस पर कोई ठोस कार्य शुरू नहीं हुआ है।

चित्रकूट रेलवे स्टेशन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जिसके तहत कटरा जम्मू रेलवे स्टेशन की तर्ज पर चित्रकूट में यात्रियों के लिए आधुनिक व्यवस्था की जाएगी।

अभी चित्रकूट रेलवे स्टेशन अयोध्या, काशी, प्रयागराज, दिल्ली, कोलकाता, अहमदाबाद, रायपुर, जबलपुर एवं लखनऊ से जुड़ा हुआ है। जब रेलवे स्टेशन का विस्तार एवं विकास हो जाएगा तब इसे महोबा एवं खजुराहो से भी लिंकप किया जाएगा और देश के सभी प्रमुख स्टेशनों से चित्रकूट के लिए रेल यातायात उपलब्ध कराया जाएगा। चित्रकूट के साथ ही बांदा महोबा एवं मानिकपुर रेलवे स्टेशन को भी नए सिरे से विकसित किया जाएगा।

रेलवे सूत्रों के मुताबिक चित्रकूट के साथ ही बनारस में काशी, वाराणसी सिटी, वाराणसी कैंट एवं व्यास नगर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। इसी तरह कानपुर में प्राचीन हनुमान मंदिर, पनकी रेलवे स्टेशन एवं गंगा पार स्थित शुक्लागंज में भी बड़ा स्टेशन बनाया जाएगा। मथुरा जंक्शन के अलावा कृष्ण जन्मभूमि के निकट भूतेश्वर रेलवे स्टेशन, गाजियाबाद के निकट गंगा तट पर गढ़मुक्तेश्वर रेलवे स्टेशन को भी धार्मिक दृष्टि से विकसित करने की योजना बनाई गई है। उत्तराखंड में हरिद्वार, रामनगर व काठगोदाम रेलवे स्टेशनों सर्वे पूरा हो चुका है। उक्त सभी रेलवे स्टेशनों का कार्य इसी वर्ष अप्रैल से शुरू होने की संभावना है।

ओलंपिक क्वालीफायर-एशियाई चैंपियनशिपः कुश्ती टीम को चयन ट्रायल 10-11 मार्च को

चयनित होने को पहलवान पटियाला और सोनीपत में आजमाएंगे जोर

नई दिल्ली, एजेंसी

आगामी ओलंपिक क्वालीफायर और एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय कुश्ती टीम चुनने के लिए चयन ट्रायल का आयोजन 10 और 11 मार्च को क्रमशः पटियाला और सोनीपत में होगा। यह जानकारी इस खेल का प्रबंधन कर रही तदर्थ समिति ने शुक्रवार को दी।

इस ट्रायल की योजना शुरुआत में 27 से 29 फरवरी के लिए बनाई गई थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी में देरी के बाद इसे स्थगित कर दिया। महिला पहलवानों के लिए ट्रायल 'एनएसएनआईएस' पटियाला में होंगे जबकि ग्रीको रोमन और फ्रीस्टाइल पहलवानों के लिए ट्रायल भारतीय खेल प्राधिकरण सोनीपत में होंगे। भूपेन्द्र सिंह बाजवा की अध्यक्षता वाली तदर्थ समिति ने कहा कि आगामी ओलंपिक क्वालीफायर और एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय कुश्ती टीम के चयन के लिए तदर्थ समिति 10 और 11 मार्च को चयन ट्रायल का आयोजन करेगी। ओलंपिक भार वर्ग में ट्रायल के विजेता को आगामी ओलंपिक क्वालीफायर (19 से 21 अप्रैल तक एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर और 9 से 12 मई तक विश्व ओलंपिक क्वालीफायर) में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। अंतिम (53 किग्रा) को 2024 सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में खेलने को सीधे प्रवेश दिया जाएगा।

पहले 27 से 29 फरवरी को होने थे ट्रायल जो अपरिहार्य कारणों से हो गए थे स्थगित

बल्लेबाज आक्रामक-पारंपरिक शैली में संतुलन बनाएंः वॉन

इंग्लैंड एक ऐसी टीम बन सकती है, जिसे बहुत अच्छा करने के बावजूद ज्यादा सफलता ना मिले

लंदन, एजेंसी

पूर्व कप्तान माइकल वॉन को चिंता है कि इंग्लैंड एक ऐसी टीम बन जाएगी जो कड़ी मेहनत करने के बावजूद ज्यादा जीत हासिल करने में नाकाम रहेगी। उन्होंने भारत में टीम की बल्लेबाजी इकाई को सफल होने के लिए आक्रामक और पारंपरिक क्रिकेट की शैली के बीच संतुलन बनाने की सलाह दी।

इंग्लैंड को 'बैजबॉल' तरीका अपनाने के बाद से टेस्ट क्रिकेट में अच्छी सफलता मिली है। टीम को हालांकि इस रवैए से कुछ अहम मुकाबलों में हार का सामना भी करना पड़ा है, जिसमें एशेज श्रृंखला के मैच भी शामिल है। इंग्लैंड ने घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली एशेज श्रृंखला को 2-2 से डॉ खेला था। इंग्लैंड के लिए जैक क्राउली को छोड़कर उनके सभी बल्लेबाज बड़े स्कोर बनाने में असमर्थ रहे। वॉन ने कहा कि इंग्लैंड की टीम अगर विशाखापत्तनम जैसी बल्लेबाजी जारी रखगी तो श्रृंखला नहीं जीत पाएगा। मैं वास्तव में सोचता हूं कि बल्लेबाजों को हमारे गेंदबाजों से कुछ सीखने की जरूरत है। हमारे गेंदबाजों ने पारंपरिक और आक्रामक शैली का अच्छा मिश्रण किया है। वॉन ने टीम बल्लेबाजों से आक्रामक रूख अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जेम्स एंडरसन ने कमाल किया है। टीम को एंडरसन का साथ देने के लिए तेज गेंदबाज शायद ऑली रॉबिन्सन को मैदान पर उतारना होगा।

इंग्लैंड ऐसी टीम जिसकी बहुत आलोचना नहीं की जा सकती

वॉन ने 'द टेलीग्राफ में लिखा कि इंग्लैंड ऐसी टीम बन गई है जिसकी बहुत आलोचना नहीं की जा सकती है क्योंकि उन्हें खेलते हुए देखना अच्छा है। हम मौजूदा टीम के खेल से बहुत प्रभावित होते हैं और बेन स्टोक्स के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने बड़े पैमाने पर सुधार किया है। मुझे चिंता है कि कहीं वे ऐसी टीम न बन जाए जो इतना शानदार करने के बाद भी अधिक मैच जीतने में सफल ना रहे। जब उन्हें एशेज श्रृंखला जीतनी चाहिए थी तब वे नहीं जीत सके और अब उन्होंने भारत को श्रृंखला में वापसी का मौका दे दिया है। यह तब हुआ जब विराट कोहली समेत कई बड़े नाम मौजूद नहीं थे। इंग्लैंड ने भारत में पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त ले ली थी, लेकिन बेन स्टोक्स की टीम के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में भारत ने शानदार वापसी कर जीत दर्ज की।

खेल डायरी

विश्व कप उपविजेता फ्रांस नेशन्स लीग फुटबॉल में इटली, बेल्जियम और इजरायल के साथ एक ग्रुप में

पेरिस, एजेंसी। विश्व कप उपविजेता फ्रांस, यूरोपीय चैंपियन (2020) इटली, बेल्जियम और इजराइल को सितंबर में शुरू होने वाले पुरुषों की यूएफा नेशन्स लीग के शीर्ष स्तर के मुश्किल ग्रुप 'ए 2' में एक साथ जगह दी गई है। नेशंस लीग चैंपियन स्पेन को डेनमार्क के अलावा स्विट्जरलैंड और सर्बिया के साथ ग्रुप 'ए 4' में रखा गया था, यूरो 2024 मेजबान जर्मनी, नीदरलैंड, हंगरी और बोस्निया-हर्जेगोविना को ग्रुप 'ए 3' में जगह मिली है जबकि क्रोएशिया, पुर्तगाल, पोलैंड और स्कॉटलैंड को 'ग्रुप ए-1' में शामिल किया गया है। फीफा रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड 2022 में नेशन्स लीग के दूसरे टियर में खिसक गया था। टीम को ग्रुप 'बी-2' में फिनलैंड, यूनान और आयरलैंड के साथ रखा गया है। यह 1991 के बाद इंग्लैंड और आयरलैंड के बीच पहला प्रतिस्पर्धी मैच होगा।

जुलाई में भारतीय फुटबॉल सत्र डूरंड कप से होगा शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय फुटबॉल सत्र की शुरुआत 26 जुलाई से डूरंड कप और इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के 11के सत्र का आगाज सितंबर महीने में होगा। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) के अनुसार 2024-25 भारतीय फुटबॉल सत्र की शुरुआत 26 जुलाई से डूरंड कप से होगी तथा सितंबतर में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का आयोजन किया जाएगा। एआईएफएफ ने बताया कि इस बीच, आई-ली भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) और कलिंगा सुपर कप अक्टूबर में शुरू होंगे। आगामी सत्र में आईडब्ल्यूएल विंडो को 4 से बढ़ाकर 6 महीने किया गया है। पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप संतोष ट्रॉफी नवंबर-दिसंबर में होगी। भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम मार्च और जून महीने में फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर खेलेगी।

रग्बी प्रीमियर लीग लांच करने को तैयार इंडिया

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ (आईआरएफयू) देश में खेल की लोकप्रियता बढ़ाने के उद्देश्य पर काम करते हुए फ्रेंचाइजी आधारित रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) लांच करने के लिए तैयार है। लीग में भारत और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की भी कुछ सर्वश्रेष्ठ रग्बी प्रतिभाए हिस्सा लेंगी। यह लीग इस साल सितंबर में खेल के 'सेवंस' प्रारूप में खेली जाएगी, जिसके शुरूआती चरण में छह टीमें हिस्सा लेंगी। आईआरएफयू के अध्यक्ष ने कहा कि यह भारत के लिए और भारतीय रग्बी के लिए ऐतिहासिक पल है। रग्बी दुनिया भर के बड़े खेलों में से एक है और भारत पिछले कुछ वर्षों से इस खेल में लगातार प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि आरपीएल भारतीय रग्बी के लिए 'गेम चेंजर' साबित होगी और हमारे खिलाड़ियों को दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेलने और अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करेगी।

स्नेहा ने डब्ल्यूपीजीटी के चौथे चरण का जीता खिताब

विशाखापत्तनम, एजेंसी। स्नेहा सिंह आखिरी तीन होल में दो बोगी करने के बाद बावजूद हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के चौथे चरण को जीतने में सफल रहीं। मौजूदा सत्र में तीन चरण में भाग लेने वाली स्नेहा की यह दूसरी जीत है। उन्होंने इस चरण के चौथे दौर में ईवन पार 72 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर पांच अंडर 211 होगा। हिताशी ने चौथे दौर में बोगी रहित 69 का कार्ड खेला लेकिन यह स्नेहा के पांच शॉट की बढ़त को पाटने के लिए काफी नहीं था। मौजूदा सत्र में तीसरे चरण की विजेता हिताशी पहले, दूसरे और इस चरण में उपविजेता रही है।

फ्रांसेस टियाफो डलास ओपन के क्वार्टरफाइनल में

डलास, एजेंसी। अमेरिका के शीर्ष वरीय फ्रांसेस टियाफो ने 19 साल के हमवतन एलेक्स मिचेलसन पर 6-4, 6-3 से जीत दर्ज कर डलास ओपन के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। जापान के योशिहितो निशियोका ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया, जिससे फ्रांस के एड्रियन मानारिनो एक भी मुकाबला खेले बिना क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए। राउंड 16 के अन्य मुकाबलों में सातवें वरीय जोर्डन थाम्पसन ने अमेरिका के डेनिस कुडला पर 6-1, 6-1 से जीत हासिल की जबकि जर्मनी के आठवीं वरीयता प्राप्त डोमिनिक कोफर ने आस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाता को 6-4, 7-6 से मात दी।

कोहली के बारे में गलत जानकारी साझा कर की गलती : डिविलियर्स

भारत के दिग्गज खिलाड़ी ने निजी कारणों से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया है ब्रेक

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने कहा कि उन्होंने भारत के दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली के बारे में गलत सूचना साझा करके बहुत बड़ी गलती कर दी। कोहली ने निजी कारणों से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से ब्रेक लिया है और डिविलियर्स ने कहा कि उन्हें कोई अंदाजा नहीं है कि वहां क्या हो रहा है। डिविलियर्स ने कुछ दिन पहले अपने यूट्यूब चैनल पर दावा किया था कि कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ अपने दूसरे बच्चे के जन्म का इंतजार कर रहे हैं।

दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व दिग्गज ने एसए20 लीग के इतर बातचीत में कहा कि परिवार सबसे पहले आता है, जैसा कि मैने अपने यूट्यूब चैनल पर भी कहा था। मैने भी उस समय गलत जानकारी साझा कर के बड़ी गलती कर दी। मेरी वो बातें बिल्कुल भी सच नहीं थी। एसए20 के ब्रांड दूत डिविलियर्स ने कहा कि मैं बस यही सोचता हूं कि जो कुछ भी विराट और उनके परिवार के लिए सबसे अच्छा है उसे प्राथमिकमा मिलनी चाहिए। कोई नहीं जानता कि वहां क्या हो रहा है। मैं बस उनके लिए सब कुछ अच्छा होने की कामना कर सकता हूं।

एबी ने दावा किया था कि कोहली दूसरे बच्चे के जन्म का कर रहे इंतजार

टेस्ट क्रिकेट खेलना कठिन चुनौती

डिविलियर्स ने कहा कि मैं युवाओं से कहना चाहता हूं कि टेस्ट क्रिकेट खेलने से बढ़कर कुछ नहीं। यह सबसे बड़ी और सबसे कठिन चुनौती होती है। यह मेरा ही नहीं कई पूर्व खिलाड़ियों का भी मानना है। सबसे तेज वनडे अर्धशतक (16 गेंद), सबसे तेज वनडे शतक (31 गेंद) और सबसे तेज 150 वनडे रन (62 गेंद) का रिकॉर्ड बना चुके डिविलियर्स ने 114 टेस्ट में 8765 रन, 228 वनडे में 9577 और 78 टी-20 में 1672 रन बनाए हैं। उन्होंने कहा कि व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद खिलाड़ी हर प्रारूप खेल सकते हैं। खेल के बेसिक्स तो समान ही होते हैं।

आगामी टी-20 में सूर्यकुमार से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

क्रिकेट के असली 'मिस्टर 360 डिग्री' को इसके साथ ही जून में होने वाले टी-20 विश्व कप में सूर्यकुमार यादव से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। टी-20 क्रिकेट में जबर्दस्त प्रदर्शन के दम पर सूर्यकुमार को भी 'मिस्टर 360 डिग्री' की उपमा मिली जो पहले डिविलियर्स को कहा जाता था। टी-20 क्रिकेट के साथ 360 डिग्री तकनीक का ईजाद हुआ, जिसमें बल्लेबाज मैदान के चारों तरफ शॉट्स खेल सकते हैं। डिविलियर्स ने कहा कि टी-20 विश्व कप में यूं तो कई खिलाड़ियों पर नजरें होंगी लेकिन मैं स्काय (सूर्यकुमार यादव) की बल्लेबाजी देखना चाहता हूं। मैं उसका बड़ा प्रशंसक हूं और उम्मीद है कि वह अच्छा खेलेगा। उन्होंने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि भारत सबसे प्रबल दावेदारों में से होगा।

विश्व कप और आईपीएल दोनों के प्रारूप एक समान

दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में गिने जाने वाले डिविलियर्स ने कहा कि विश्व कप से ठीक पहले आईपीएल होने से खिलाड़ियों की थकान का मसला नहीं होगा क्योंकि प्रारूप समान है। उन्होंने कहा कि आईपीएल विश्व कप से ठीक पहले है लेकिन दोनों है तो टी20 प्रारूप ही। गेंदबाज को टेस्ट की तरह 15 या 20 ओवर प्रतिदिन नहीं बल्कि चार ही ओवर डालने हैं। मुझे लगता है कि वे कार्यभार प्रबंधन कर लेंगे। आईपीएल में आरसीबी के लिए 184 मैचों में 5162 रन बना चुके डिविलियर्स ने कहा कि आईपीएल के बाद छोटा ब्रेक भी है। दो ही टीमें फाइनल खेलेंगी और बाकी तो तरोताजा ही रहेंगी। खिलाड़ियों को मैचों के बीच भी आराम मिलता है। क्रिकेट प्रेमियों को लगातार काफी क्रिकेट देखने का मौका मिलेगा जो अच्छी बात है।

'ग्रोइन' और कमर में खिंचाव से अय्यर का खेलना मुश्किल

नई दिल्ली, एजेंसी

श्रेयस अय्यर के कमर और 'ग्रोइन' में खिंचाव की शिकायत के बाद उनके इंग्लैंड के खिलाफ बची हुई टेस्ट श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में चुने जाने की संभावना नहीं है। अय्यर को पीठ में लगातार परेशानी हो रही है, जिसके लिए उन्होंने पिछले साल सर्जरी भी करायी थी।

अय्यर (29 वर्ष) ने हैदराबाद और विशाखापत्तनम में पहले दो टेस्ट में 35, 13, 27 और 29 रन की पारी खेली थी। वह अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने बताया कि अय्यर ने खिंचाव और कमर में दर्द होने की शिकायत की है तथा उनके श्रृंखला के बचे हुए तीन टेस्ट मैचों में खेलने की संभावना नहीं है। भारत पहले ही अपने खिलाड़ियों को लगे चोटों की समस्या से जूझ रहा है क्योंकि उसके मुख्य खिलाड़ी केएल राहुल और रविंद्र जडेजा चोटिल हैं और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली निजी कारणों से पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाए थे और उनके राजकोट और रांची में होने वाले टेस्ट मुकाबलों के लिए भी उपलब्ध होने की संभावना कम ही है। भारतीय चयनकर्ताओं को अभी अंतिम तीन टेस्ट के लिए टीम की घोषणा करनी है और वह जडेजा की फिटनेस पर स्पष्टता के बाद ही ऐसा करेंगे। आल राउंडर जडेजा को इसके लिए बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में फिटनेस जांच में पास होना होगा। वह हैमस्ट्रिंग चोट की वजह से विशाखापत्तनम टेस्ट में नहीं खेल पाए थे जबकि राहुल ने दर्द की शिकायत की थी। अगर जडेजा और राहुल दोनों अंतिम एकादश में वापसी करते हैं तो अय्यर की चोट से रजत पाटीदार को एक और मौका मिल सकता है। पाटीदार विशाखापत्तनम में टेस्ट पदार्पण के दौरान प्रभावित नहीं कर सके थे। पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला अभी 1-1 की बराबरी पर है। भारतीय खिलाड़ी 11 फरवरी को राजकोट पहुंचेंगे और इंग्लैंड के एक दिन बाद वहां पहुंचने की उम्मीद है।

चयनकर्ताओं के सामने संकट, केएल राहुल और रविंद्र जडेजा पहले से चोटिल

पिच को गेंदबाजी के समीकरण से बुमराह ने बाहर कर दिया : स्टेन

केपटाउन, एजेंसी

महान तेज गेंदबाज डेल स्टेन का कहना है कि भारतीय स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपने अपरंपरागत गेंदबाजी एक्शन, दमदार यॉर्कर और तेज रफ्तार से पिच को गेंदबाजी के समीकरण से बाहर कर दिया है।

बुमराह ने विशाखापत्तनम में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारत को शानदार जीत दिलाई, जिससे मेजबान टीम 5 मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर करने में सफल रही। स्टेन ने भारतीय पिचों पर भी लगातार विकेट लेने वाली यॉर्कर गेंद फेंकने की काबिलियत के लिए बुमराह की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह महानता का दर्जा हासिल करने की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस समय कोई टेस्ट गेंदबाज है जो विकेट लेने वाले यॉर्कर डालने में सक्षम हो। सनराइजर्स ईस्टर्न केप टीम के गेंदबाजी कोच स्टेन ने केपटाउन में एसए20 खिताबी भिड़ंत की पूर्व संध्या पर कहा कि टेस्ट मैच में विकेट लेने के लिए शायद कुछेक गेंदबाज हैं जो ऐसा कर सकते हैं। ट्रेंट बोल्ट उनमें से एक थे और शायद मिचेल स्टार्क। और निश्चित रूप से बुमराह।

नागल सेमीफाइनल में, मुकुंद हुए बाहर

चेन्नई, एजेंसी

भारत के शीर्ष रैंकिंग के टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने शुक्रवार को चेक गणराज्य के गैर वरीय डोमिनिक पलान को 6-3, 6-3 से हराकर चेन्नई ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। नागल का सामना सेमीफाइनल में चेक गणराज्य के डालीबोर सवरसिना से होगा। नागल ने इससे पहले एसडी प्रज्वल देव और इटली के जियोवानी फोनियो को हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया था। सवरसिना ने भारत के मुकुंद शशिकुमार को 6-7(6) 6-2 6-4 से मात दी। अन्य क्वार्टरफाइनल में ताईवान के चुन सिन सेंग ने इटली के एनरिको डाला वाले को हराया। अब वह लुसा नार्डी और स्टेफानो नैपोलिटानो के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे। साकेत मायनेनी और रामकुमार रामनाथन की भारतीय युगल जोड़ी ने जापान के तोशिहिदे मातसुई और काइतो यूसुगी की जोड़ी को मात दी। अब युगल स्पर्धा के फाइनल में भारतीय जोड़ियां आमने सामने होंगी। दूसरी जोड़ी रित्विक चौधरी बोलीपल्ली और निकि कालियांडा पूनाचा है। इस जोड़ी ने जर्मनी के जैकब शनाईटर और मार्क वालनर को हराया।

चेन्नई ओपन

बॉलीवुड हलचल

कागज 2 का पोस्टर अनुपम ने किया साझा

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता अनुपम खेर ने फिल्म कागज 2 का पहला पोस्टर सोशल मीडया पर शेयर किया है। दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म 'कागज' वर्ष 2021 में ओटीटी प्लेटफॉर्म जी-5 पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी अहम किरदार में थे। अनुपम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर 'कागज 2' का पहला पोस्टर जारी कर दिया है। साथ ही अनुपम ने अपने दोस्त दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक के लिए भावुक पोस्ट भी लिखा। अनुपम ने कैप्शन में लिखा, सबसे प्रिय सतीश कौशिक। आपके जुनूनी प्रोजेक्ट का ट्रेलर और दुर्भाग्य से आखिरी प्रोजेक्ट 'कागज 2' कल रिलीज हो रहा है। मैं जानता हूं कि इसको बनाने के लिए आपने कितनी मेहनत की है, लेकिन अब हम सब यह सुनिश्चित करेंगे कि इस फिल्म की चमक दुनिया तक पहुंचे। आपको हमेशा प्यार।

11 अक्टूबर को रिलीज होगी शाहिद कपूर की फिल्म देवा

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की फिल्म देवा 11 अक्टूबर को रिलीज होगी। शाहिद कपूर ने अपने इंस्टाग्राम लाइव सत्र में अपनी आने वाली एक्शन थ्रिलर 'देवा' के बारे में बताया।उन्होंने कहा, मेरी अगली एक्शन थ्रिलर देवा में कई एक्शन सीक्वेंस हैं। देवा विशाल फिल्म है, और मैं इसमें एक बहुत कठिन किरदार निभा रहा हूं। देवा 11 अक्टूबर को रिलीज होगी। फिल्म देवा में शाहिद कपूर के साथ पूजा हेगड़े की अहम भूमिका है। देवा ,ज़ी स्टूडियो और सिद्धार्थ रॉय कपूर द्वारा निर्मित और रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित है। इस फिल्म में शाहिद पुलिस ऑफसिर की भूमिका में हैं।

मां ने मुझे थिएटर जाने को किया प्रोत्साहित

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता बोमन ईरानी ने बताया है कि उनकी मां ने उन्हें थिएटर जाने और सिनेमा देखने के लिए प्रोत्साहित किया है। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, ब्रिटिश संसद और भारतीय उच्चायोग जैसे प्रतिष्ठित स्थानों पर बोमन ईरानी की उपस्थिति और प्रभावशाली शब्दों ने न केवल भारत को गौरवान्वित किया है, बल्कि कई लोगों के लिए प्रेरणा का काम भी किया है। ऑक्सफोर्ड की अपनी यात्रा के दौरान, बोमन ईरानी ने एक यादगार भाषण दिया और सिनेमा से परे उनके प्रभाव के लिए डॉ अदिति लाहिरी से प्रशंसा प्राप्त की। अपनी जीवन यात्रा पर विचार करते हुए, बोमन ईरानी ने उल्लेखनीय क्षणों को साझा किया, जिसमें बचपन के अनुभवों से लेकर अपनी मां द्वारा थिएटर के लिए प्रोत्साहन के तहत एक फोटोग्राफर के रूप में काम करने सहित अपनी विविध भूमिकाएं शामिल हैं। बोमन ईरानी ने कहा, मैं डिस्लेक्सिक था और मैं बहुत तुतलाता था और जब भी मैं बोलता था तो हर कोई हंसता था। मुझे डर रहेगा कि लोग मेरा मज़ाक उड़ाएँगे। मुझे यह समझने में कई साल लग गए कि आप डरने का जोखिम नहीं उठा सकते।एक दिन स्कूल में एक कॉन्सर्ट था और मेरी मां ने मुझे मुस्कुराते और गाते हुए देखा। तभी उन्हें एहसास हुआ कि मुझे दर्शकों के सामने मंच पर रहना पसंद है और उन्होंने मुझे प्रोत्साहित किया, भले ही मेरे अंक बहुत अच्छे नहीं थे। उन्होंने मुझे थिएटर जाने, स्पीच थेरेपिस्ट के पास जाने और हर दिन सिनेमा देखने जाने के लिए प्रोत्साहित किया क्योंकि मेरी शिक्षा सिनेमा के माध्यम से हुई थी। उसने मेरी आँखों में देखा कि मैं उस दुनिया से प्यार करता हूं।

खुशबू और माही का भोजपुरी गीत 'कीन दी क्रीम राजा जी' रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायिका खुशबू तिवारी केटी और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का भोजपुरी गीत 'कीन दी क्रीम राजा जी' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर भोजपुरी लोकगीत रिलीज हुआ है। वीडियो में दिखाया गया है कि माही श्रीवास्तव गांव से शहर अपने पति के साथ आती हैं और बड़े घर में उसे काम मिल जाता है। धूप में भी उसे काम करना पड़ता है, जिससे उसकी स्किन सांवली हो गई है। वह अपने पति से गोरा होने की क्रीम लाने की डिमांड करती है। वह कहती है कि... 'काम करे में लागल बा धूप सइयाँ, हो गईल बा सांवर गोर रूप सइयाँ, भईल चेहरा के लाईट बा डीम राजा जी, डीम राजा जी, एगो कीन दीं बढ़िया क्रीम राजा जी, गोर होखे वाला कीन दीं क्रीम राजा जी...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। गीतकार यादव राज हैं और संगीतकार अभिराम पांडेय हैं। वीडियो डायरेक्टर आर्यन देव, कोरियोग्राफर अशोक सम्राट, एडिटर मीत जी हैं। डीआई रोहित सिंह ने किया है।

डायमेंशन म्यूजिक के लिए सलमान अली और अल्तमश ने गाया गाना

मुंबई, एजेंसी। जानेमाने गायक सलमान अली और अल्तमश फरीदी ने डायमेंशन म्यूजिक के लिए गाना गाया है। फ़िल्म निर्माता लियाकत गोला की डायमेंशन म्यूजिक ने एक साथ तीन गानों को रिलीज़ किया है। इनमें खुदा हाफ़िज़, माही मेरा और मोहब्बत है। गाना मोहब्बत को सलमान अली ने गाया है, जिसके बोल अमीना इसरार से लिखे हैं और संगीत आमिर अली ने बनाया है। वीडियो निर्देशक फ़ैज़ हैं, वहीं डीओपी एवं एडिटर दित्य जांगिड़ हैं। वीडियो फीट में अरबाज़ पटेल और ईशु हैं। गाना ख़ुदा हाफ़िज़ को अल्तमश ने गाया है,जिसे मशेउद्दीन कुरैशी ने लिखा, और संगीत आमिर अली ने दिया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

भारत की महान विभूतियों ने देश के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में लगा दिया पूरा जीवन

भ्रष्टाचार विरोधी और किसानों के मसीहा थे चौधरी चरण सिंह

नई दिल्ली। दिवंगत चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा और जाट समाज के सर्वमान्य नेता के रूप में अगुवा रहे। चौधरी चरण सिंह भारत के पांचवें प्रधानमंत्री रहें हैं। जाट समाज के तमाम सम्मेलनों में चौ. चरण सिंह को भारत रत्न देने की वर्षों से मांग चलती रही है। उनके निधन के बाद से ही राष्ट्रीय लोक दल की ओर से मांग की जा रही थी। हालांकि, अब केंद्र ने उनकी मांग को पूरा किया है। किसानों के मसीहा कहे जाने वाले चौधरी चरण सिंह की कर्मभूमि बागपत रही। वे सबसे पहले 1937 में छपरौली से उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए चुने गए एवं 1946, 1952, 1962 एवं 1967 में विधानसभा में अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। सत्ता में रहते हुए भी उन्होंने किसानों के हित में अनेक बड़े फैसले भी लिए।



कड़क नेता के तौर पर थी पहचान

चौधरी चरण सिंह सी.बी. गुप्ता के मंत्रालय में गृह एवं कृषि मंत्री (1960) थे। वहीं, सुचेता कृपलानी के मंत्रालय में वे कृषि एवं वन मंत्री (1962-63) रहे. उन्होंने 1965 में कृषि विभाग छोड़ दिया एवं 1966 में स्थानीय स्वशासन विभाग का प्रभार संभाल लिया। कांग्रेस विभाजन के बाद फरवरी 1970 में दूसरी बार वे कांग्रेस पार्टी के समर्थन से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। हालांकि राज्य में 2 अक्टूबर 1970 को राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया था। ख्याति एक ऐसे कड़क नेता के तौर पर हो गई थी जो प्रशासन में अक्षमता, भाई- भतीजावाद और भ्रष्टाचार को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करते थे। चौधरी चरण सिंह का 29 मई 1987 को निधन हो गया।

1937 में पहली बार विधायक बने किसानों के मसीहा

18 भाषाओं के जानकार थे पूर्व पीएम नरसिम्हा राव

नई दिल्ली। दिवंगत पूर्व कांग्रेसी नेता 18 भाषाओं के जानकार नरसिम्हा राव 1991 से 1996 तक देश के पीएम रहे। हालांकि, उनके पीएम बनने का फैसला भी अचानक हुआ था, जिसके चलते उन्हें एक्सिडेंटल पीएम भी कहा जाता है। नरसिम्हा राव के गांधी परिवार से अच्छे रिश्ते नहीं थे। सन 1992 में बाबरी विध्वंश के दौरान नरसिम्हा राव के गांधी परिवार से सबसे ज्यादा रिश्ते खराब हुए थे। उन्होंन मनमोहन सिंह के साथ देश में बड़ा आर्थिक सुधार किया था और वैश्विक बाजारों के लिए देश के दरवाजे खोले थे। राव के इन्हीं सुधारों का क्रेडिट लेने और राजीव गांधी के हत्यारों पर तेज कार्रवाई न करने के चलते गांधी परिवार के रिश्ते उनसे ज्यादा खराब हो गए थे।



आर्थिक और शिक्षा में किया सुधार

प्रधानमंत्री बनने से पहले राव ने भारत सरकार और कांग्रेस पार्टी में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। उन्होंने 1971 से 1973 तक आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर जमीनों की चकबंदी और शिक्षा में महत्वपूर्ण सुधार लागू किए। केंद्र सरकार में उन्होंने विदेश मामलों, रक्षा और गृह मामलों के मंत्री पद संभाले। प्रधानमंत्री के रूप में राव का कार्यकाल उनके द्वारा शुरू किए गए आर्थिक सुधारों के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाता है। राव ने इजराइल के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए और अपनी लुक ईस्ट नीति के माध्यम से पूर्वी एशियाई देशों के साथ रिश्ते प्रगाढ़ करने की नीति अपनाई। राव जी का 23 दिसंबर 2004 को राव का निधन हो गया।

1991 से 1996 तक देश के प्रधानमंत्री रहे नरसिम्हा राव

हरित क्रांति के जनक माने जाते हैं डॉ.एम एस स्वामीनाथन

नई दिल्ली। दिवंगत कृषि वैज्ञानिक डॉ. मनकोम्बु संबासिवन स्वामीनाथन पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण समेत कई पुरस्कारों से भी सम्मानित किए गए हैं। स्वामीनाथन भारत में 'हरित क्रांति' के जनक माने जाते हैं। उन्होंने अपना पूरा जीवन कृषि और किसानों की आय में सुधार को समर्पित कर दिया।

उन्होंने गेहूं और चावल की अधिक उपज देने वाली किस्मों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिससे भारत के कम आय वाले किसानों को अधिक उपज करने में मदद मिली। उन्हें एक ऐसे व्यक्ति के रूप में भी जाना जाता है जिसने भारत को भूख के ट्रैप से बाहर निकाला। इसके अलावा उन्होंने भारत में कृषि की प्रोडेक्टिविटी बढ़ाने के लिए के एक रिपोर्ट पेश की थी, जिसे स्वामीनाथन रिपोर्ट कहा जाता है।

कृषि क्षेत्र में रही महत्वपूर्ण भूमिका

स्वामीनाथन ने चुनौतीपूर्ण समय के दौरान भारत को कृषि में आत्मनिर्भरता हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारतीय कृषि को आधुनिक बनाने की दिशा में उत्कृष्ट प्रयास किए। हम एक अन्वेषक और संरक्षक के रूप में और कई छात्रों के बीच सीखने और अनुसंधान को प्रोत्साहित करने वाले उनके अमूल्य काम को भी पहचानते हैं। स्वामीनाथन के दूरदर्शी नेतृत्व ने न केवल भारतीय कृषि को बदल दिया है बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा और समृद्धि भी सुनिश्चित की है। स्वामीनाथन को 1967 में पद्म श्री, 1972 में पद्म भूषण और 1989 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। 28 सितंबर 2023 को निधन हो गया।

1967 में प्रतिष्ठित पुरस्कार पद्मश्री से सम्मानि हुए

265 में से 224 सीटों के ही परिणाम हुए घोषित, नवाज शरीफ ने समर्थकों को किया संबोधित

गठबंधन सरकार के हाथ पाक का भविष्य

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने आम चुनाव में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने के कारण गठबंधन सरकार बनाने के लिए प्रतिद्वंद्वी दलों से हाथ मिलाने को राजी हो गए हैं। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों ने देर रात तक 224 में 92 सीटों पर जीत दर्ज की है। मतगणना देर रात तक जारी है।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के लाहौर स्थित केंद्रीय सचिवालय में पार्टी समर्थकों को संबोधित करते हुए शरीफ ने कहा कि पीटीआई के स्वतंत्र उम्मीदवारों की जीत सहित सभी पार्टियों के जनादेश का सम्मान करती है।

देर रात तक चुनाव आयोग ने 265 में से 224 सीटों के ही परिणाम घोषित किए हैं, जिसमें स 92 सीट पर निर्दलीय उम्मीदवारों (ज्यादातर पीटीआई समर्थित) को जीत मिली है। पीएमएल-एन को 63 सीट पर जीत मिली है, जबकि पीपीपी के खाते में 50 सीट गई है। अन्य सीट पर छोटे दलों को जीत मिली है। खान (71) की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रत्याशी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं क्योंकि देश के उच्चतम न्यायालय ने उनकी पार्टी को उसके चुनाव चिह्न क्रिकेट का 'बल्ला' से वंचित करने के निर्वाचन आयोग के फैसले को बरकरार रखा है। शुक्रवार को नवाज ने अपने संबोधन में कहा कि, गठबंधन नहीं करने वाले अपने रुख को बदला रहे हैं। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान को मुश्किलों से बाहर निकालने के लिए सभी राजनीतिक दलों को एक साथ बैठने और सरकार बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा,हम बार-बार चुनाव नहीं करा सकते। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, एजेंडा केवल खुशहाल पाकिस्तान है और आप जानते हैं कि हमने पहले क्या किया है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, सभी को सद्भाव से बैठना चाहिए और पाकिस्तान को कठिनाइयों से बाहर निकालना चाहिए।

265 में से 133 सीट जीतने के बाद ही बनती हैं सरकार



लाहौर में शुक्रवार को पार्टी कार्यालय के बाहर समर्थकों को संबोधित करते पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ।

नेशनल असेंबली का समीकरण

नेशनल असेंबली की 336 सीट में से 266 पर ही मतदान कराया जाता है, लेकिन बाजौर में, हमले में एक उम्मीदवार की मौत हो जाने के बाद वहां मतदान स्थगित कर दिया गया था। अन्य 60 सीट महिलाओं के लिए और 10 सीट अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित हैं। नई सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को 265 सीट में से 133 सीट जीतनी होंगी।

आगामी लोस चुनाव में 97 करोड़ मतदाता करेंगे मतदानः ईसी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बताया कि इस साल लोकसभा चुनाव में 97 करोड़ भारतीय मतदान करने के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि 18 से 29 साल की उम्र वाले दो करोड़ से ज्यादा युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल किया गया है।

2019 से पंजीकृत मतदाताओं में छह फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। दुनिया के सबसे बड़े मतदाता वर्ग 96.88 करोड़ आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने के लिए तैयार हैं। पोल पैनल ने बताया कि लिंक अनुपात 2023 में 940 से बढ़कर 2024 में 948 हो गया है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पुणे में एक संवाददाता सम्मेलन में राजनीतिक दलों की भागीदारी के साथ-साथ मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए विभिन्न कामों के बारे में जानकारी दी थी। महिला मतदाताओं की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। घर-घर जाकर जांच करने के बाद 1,65,76,654 मृतकों, स्थानांतरित और फर्जी मतदाताओं के नाम को सूची से हटा दिया गया है।

प्रशांत क्षेत्र, प. एशिया समेत कई मुद्दों पर चर्चा : जयशंकर

हिंद महासागर सम्मेलन

पर्थ, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से मुलाकात की और द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी, भारत-प्रशांत क्षेत्र, पश्चिम एशिया की स्थिति और अन्य क्षेत्रीय और वैश्विक विषयों पर चर्चा की। जयशंकर शुक्रवार से हिंद महासागर पर शुरू होने वाले दो दिवसीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए ऑस्ट्रेलियाई शहर पर्थ में हैं।

जयशंकर श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री वोंग और अपने सिंगापुर के समकक्ष विवियन बालाकृष्णन के साथ सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। जयशंकर ने बैठक की कुछ तस्वीरों के साथ एक्स पर पोस्ट किया, आज पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री से मिलकर खुशी हुई। हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी और हिंद महासागर से संबंधित मामलों पर अभिसरण पर अच्छा आदान-प्रदान हुआ। साथ ही इंडो-पैसिफिक, पश्चिम एशिया की स्थिति और अन्य क्षेत्रीय और वैश्विक विषयों पर भी चर्चा की।

हिंद महासागर सम्मेलन' इस क्षेत्र के देशों के लिए एक प्रमुख परामर्शदात्री मंच है, जो विदेश मंत्रालय (एमईए) द्वारा इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सम्मेलन का सातवां संस्करण ऑस्ट्रेलियाई सरकार के विदेश मामलों और व्यापार विभाग के साथ-साथ सिंगापुर के एस राजरत्नम स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज और पर्थ-यूएस एशिया सेंटर के सहयोग से 9 और 10 फरवरी को पर्थ में आयोजित किया जा रहा है।

पिता को स्टंट के बारे में बताने पर युवक ने एसीपी को कार से मारी टक्कर

गुरुग्राम। कुछ दिन पहले स्टंटबाजी करते एक युवक द्वारा एसीपी क्राइम पर ही गाड़ी चढ़ाने की बात सामने आई है। युवक इस बात से खफा था कि उसके पिता ने एसीपी के सामने ही न केवल उसे धमकाया, बल्कि उससे मारपीट भी की थी। इस पर युवक इस कदर झल्लाया कि उसने अपनी स्कॉर्पियो से वहां खड़े एसीपी को ही टक्कर मार दी। घायल एसीपी को 15 दिन अस्पताल में गुजारने पड़े। बीती 16 जनवरी को हुई यह वारदात अब सामने आई है।

पुलिस के अनुसार एसीपी क्राइम वरुण दहिया और सीआईए 31 में तैनात इंस्पेक्टर आनंद के साथ 16 जनवरी की रात को गढ़ी हरसरु इलाके में गश्त पर थे। इसी दौरान एक युवक स्कॉर्पियो से स्टंट कर रहा था। एसीपी ने युवक को डिटेन कर फोन करके उसके पिता को बुलाया। बताया जा रहा है कि युवक के पिता भी गुरुग्राम पुलिस में एसपीओ पद पर तैनात हैं। उन्होंने मौके पर पहुंचकर युवक को जमकर लताड़ लगाने के साथ ही थप्पड़ मार दिया। इसी बात से खफा होकर युवक ने अपने पिता के सामने ही स्कॉर्पियो स्टॉर्ट की और एसीपी क्राइम सहित इंस्पेक्टर को टक्कर मारकर फरार हो गया।

एक नजर

14 फरवरी को अमेरिका की निजी कंपनी भेजेगी मून मिशन

वाशिंगटन। नासा और स्पेश एक्स की मदद से एक अमेरिकी कंपनी मिशन मून की तैयारी कर रही है। अमेरिकी कंपनी इंट्यूएटिव मशीन्स का लक्ष्य 14 फरवरी को स्पेसएक्स के फाल्कन 9 राकेट की मदद से लैंडर लांच करना है। यह नासा समर्थित कंपनी एस्ट्रोबायोटिक टेक्नोलाजी के चंद्र लैंडर के बाद सामने आई है। कंपनी पिछले महीने फ्यूल संबंधी समस्या की वजह से चंद्रमा तक अपने मिशन को पहुंचाने में कामयाब नहीं रही थी। ह्यूस्टन स्थित इंट्यूएटिव आइएम-1 चंद्र लैंडर फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से फाल्कन-9 राकेट से 14 फरवरी को 12 :57 बजे उड़ान भरेगा, जो इंट्यूएटिव मशीन्स के रोबोटिक नोवा-सी लैंडर ओडीसियस को भेजेगा। यदि सब कुछ ठीक रहा तो ओडीसियस 22 फरवरी को चंद्रमा की सतह पर उतरने वाला पहला निजी अंतरिक्ष यान बनकर इतिहास रच सकता है।

अमेरिका ने यमन के हूती विद्रोहियों पर फिर किए हवाई हमले

वाशिंगटन। अमेरिकी सेना ने यमन के हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर फिर से हवाई हमले किए हैं। अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड ने बताया कि अमेरिकी सैन्य बलों ने गुरुवार को विस्फोटकों से लदी उन चार ड्रोन नौकाओं और सात पोत रोधी क्रूज मिसाइल लॉन्चर को नष्ट कर दिया, जिनके द्वारा लाल सागर में पोतों को निशाना बनाए जाने की आशंका थी। सेंट्रल कमांड ने कहा, वे क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के पोतों और वाणिज्यिक पोतों के लिए खतरा थे। ये कदम नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करेंगे और अमेरिकी नौसेना एवं वाणिज्यिक पोतों के लिए अंतर्राष्ट्रीय जल क्षेत्र को अधिक सुरक्षित बनाने में मदद करेंगे।

अमेरिका बोला-हिंद-प्रशांत में प्रमुख भागीदार है मालदीव

वाशिंगटन। अमेरिका ने मालदीव को स्वतंत्र, खुला, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण भागीदार बताया। साथ ही कहा कि वह द्वीपसमूह राष्ट्र के साथ सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। चीन समर्थक नेता माने जाने वाले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पदभार संभालने के कुछ महीनों बाद, दक्षिण और मध्य एशिया के लिए अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने हाल ही में मालदीव का दौरा किया। माले में लू ने रक्षा सहयोग, आर्थिक विकास और लोकतांत्रिक शासन सहित साझा प्राथमिकताओं पर चर्चा करने के लिए मोहम्मद मुइज्जू और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने मालदीव में अमेरिकी दूतावास की स्थापना पर प्रगति पर भी चर्चा की। लू ने मालदीव में लोकतांत्रिक शासन और पारदर्शिता पर चर्चा के लिए सिविल सोसायटी के सदस्यों और उच्च शिक्षा अधिकारियों से भी मुलाकात की।

असम-मिजोरम अंतर्राज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने में हुए सहमत

गुवाहटी, एजेंसी

▸▸ मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और लालडुहोमा के बीच बैठक, 2021 में हुआ था भारी विवाद

मिजोरम और असम ने शुक्रवार को लंबे समय से चल रहे अंतर्राज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सहमति जताई है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मिजोरम के सीएम लालडुहोमा को आमंत्रित किया। बता दें कि लालडुहोमा फिलहाल गुवाहटी में ही मौजूद हैं।

बैठक में सीएम सरमा और लालडुहोमा ने दोनों पूर्वोत्तर राज्यों के बीच सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सामूहिक प्रयास पर सहमति जताई है। दोनों नेताओं ने सीमा पर शांति बरतने पर भी जोर दिया। मिजोरम के तीन जिले आइजोल, कोलासिब और ममित असम के कछार, कर्मगंज और हैलनकांडी जिलों के साथ 164.6 किमी सीमा साझा करते हैं। दोनों राज्यों के बीच लंबे समय से ही सीमा विवाद चल रहा है। मिजोरम का दावा है कि बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन (बीईएफआर) 1873 के तहत 1875 में अधिसूचित इनर लाइन आरक्षित वन का 509 वर्ग मील क्षेत्र उनका है। वहीं दूसरी तरफ असम 1933 को सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा तैयार किए गए मानचित्र में दिखाई गई सीमा को अपना क्षेत्र बता रहा है। इनर लाइन आरक्षित वन का एक बड़ा हिस्सा असम के अंतर्गत आता है। 1933 के सीमांकन के अनुसार क्षेत्र का एक निश्चित हिस्सा मिजोरम में पड़ता है। साल 2021 में असम और मिजोरम के बीच सीमा विवाद ने विशाल मोड़ ले लिया था, जब दोनों राज्यों के पुलिसबल ने सीमाओं पर गोलीबारी की थी। इस घटना में छह पुलिसकर्मी और एक असम के नागरिक की मौत हो गई थी।

तापमान में वृद्धि...

शिमला : हिमाचल के पहाड़ी हिस्सों में ताजा पूर्वानुमान के अनुसार 14 फरवरी तक मौसम के साफ रहेगा। ऐसे में तापमान में अब वृद्धि होगी। 15 फरवरी के बाद हल्का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा हालांकि उसका भी ज्यादा असर नहीं है। शुक्रवार को तेज धूप के खिले रहने से अधिकतम तापमान में तीन से नौ डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान में सबसे अधिक वृद्धि कुल्लू के सेओबाग में 8.8, शिमला में 6.6, मनाली में 6.1, मंडी, हमीरपुर व बिलासपुर में चार से पांच डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। ● एजेंसी

यूबीटी गुट के नेता की हत्या का एक आरोपी गिरफ्तार, जांच जारी

मुंबई, एजेंसी

▸▸ गुरुवार को पूर्व सभासद अभिषेक की फेसबुक लाइव में गोली मारकर की थी हत्या

मुंबई के उपनगर दहिसर में शिवसेना (यूबीटी) के पूर्व सभासद अभिषेक घोषालकर की गोली मारकर हत्या करने के मामले में मृतक हमलावर के साथी आरोपी को हिरासत में लिया गया है। मुंबई पुलिस ने बताया कि हमलावर से पूछताछ चल रही है और मामले की गहन जांच भी जारी है।

मुंबई पुलिस ने बताया मेहुल नाम के शख्स को हिरासत में लिया गया है, जिससे पूछताछ चल रही है। करीब 7 घंटे तक घटनास्थल की जांच के बाद पुलिस ने एक पिस्टल, एक जिंदा कारतूस और सीसीटीवी फुटेज बरामद किया गया है। मालूम हो कि इस मामले की जांच की जिम्मेदारी भी मुंबई क्राइम ब्रांच को दी गई है। घटना का एक वायरल वीडियो, जो गुरुवार शाम बोरीवली (पश्चिम) के उत्तरी उपनगर में आईसी कॉलोनी में हमलावर मौरिस नोरोन्हा के कार्यालय में हुआ। वहां घोसालकर को पेट और कंधे में गोली मारते देखा गया है। क्राइम ब्रांच की जांच कई पहलुओं पर केंद्रित होगी, जिसमें नोरोन्हा को हथियार कैसे मिला और उसे किसने मुहैया कराया, क्या वह नशे में था और घोसालकर पर गोलीबारी के समय मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ भी शामिल है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि देर रात मामला आगे की जांच के लिए मुंबई क्राइम ब्रांच को स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता और जांच के दायरे को देखते हुए यह निर्णय लिया गया। अधिकारी ने बताया कि क्राइम ब्रांच की एक टीम ने भी स्थानीय पुलिस के साथ घटनास्थल का दौरा किया।

गाजा: हमलों में 13 लोगों की मौत, अमेरिका बोला- इजराइल की कार्रवाई अविश्वसनीय

वाशिंगटन, एजेंसी। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा हमास की संघर्ष शर्तों को अस्वीकार करने और दक्षिणी गाजा शहर में हमलों को बढ़ाने का संकल्प करने के बाद गाजा पट्टी के राफा में इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने गाजा में इजराइल की कार्रवाई को अविश्वसनीय बताया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका संघर्ष विराम के लिए इजराइल और हमास पर लगातार दबाव डाल रहा है। बाइडन ने गुरुवार को कहा, 'जैसा कि आप जानते हैं, मेरा मानना है कि गाजा पट्टी में हो रही कार्रवाई चरम पर है। मिस्र से लगने वाली शहर राफा में गाजा की आधी आबादी आ गई है। मिस्र ने यहां कोई भी जवाबी कार्रवाई नहीं करने की चेतावनी दी है। कुवैती अस्पतालों के अनुसार, हमलों में दो महिलाओं और पांच बच्चों समेत कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई है। इजराइल के चार महीनों से जारी हवाई और जमीनी हमलों में फिलिस्तीन के 27 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इजराइल के हमलों ने अधिकांश लोगों को उनके घरों को छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया।

विज्ञान | सही मौके पर अंतरिक्ष में भेजा गया है आदित्य एल-1, सौर चक्र के अत्यधिक सौर सक्रियता सुलझने की संभावना

गामा-किरण विकिरण की गुत्थी सुलझाएगा आदित्य एल-1

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : सूर्य के ध्रुवीय क्षेत्रों में उच्च-ऊर्जा गामा-किरण विकिरण उत्सर्जन की गुत्थी अभी तक नही सुलझ पाई है। इस सौर चक्र के अत्यधिक सौर सक्रियता में इस पहेली के सुलझने की संभावना सौर वैज्ञानिक जता रहे हैं।

संभव है कि भारतीय सौर मिशन आदित्य एल-1 इस रहस्य से पर्दा उठा सके। दरअसल अंतिम सौर अधिकतम के दौरान सूर्य के ध्रुवीय क्षेत्रों ने उच्च-ऊर्जा गामा-किरण विकिरण सामान्य से कई गुना अधिक उत्सर्जित होने लगती है। नासा ने इस रहस्य का पता पिछले सौर चक्र के अधिकतम दौर के दौरान किया था। यह जानकरी फर्मी अंतरिक्ष दूरबीन से 2014 में पता चली थी।



सूर्य के साथ आदित्य एल 1 की तस्वीर।

ज्ञातव्य हो सूर्य की गामा किरणों सहित विद्युत चुम्बकीय विकिरण की सभी तरंग दैर्ध्य में चमकने के लिए जाना जाता है, लेकिन यह सौर सतह पर समान रूप से वितरित होना चाहिए।

मगर ऐसा नही होने से ध्रुवीय क्षेत्रों के उच्च गतिविधि का पता लगाने वाले वैज्ञानिक इस असंतुलन की व्याख्या नहीं कर सकते हैं।

इस रहस्य को समझने के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स एंड स्पेस साइंसेज के शोधकर्ता ब्रूनो अर्सिओली का कहना है कि चालू अधिकतम सौर चक्र में यह गुत्थी सुलझ सकती है। जान लीजिए नया सौर चक्र दिसंबर 2019 में शुरू हुआ था। जिसका अधिकतम सौर सक्रियता 20 25 तक रहेगी।

वैज्ञानिक बोले- महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा भारतीय मिशन

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डॉ. वहाब उद्दीन का कहना है कि असामान्य उच्च-ऊर्जा गामा-किरण विकिरण की गुत्थी को सुलझाने में इसरो का भारतीय मिशन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इन दिनों आदित्य एल-1 को ऐसे मौके पर लॉन्च किया गया है, जब वह सूर्य अपने अधिकतम सक्रियता के दौर से गुजरता है। इस दौरान सूर्य पर होने वाले विस्फोटों को देखा जा सकता है और धरती की ओर आने वाले चुम्बकीय तूफानों का आदित्य एल 1 बखूबी देख सकता है। कोरोना जैसी गुत्थी को सुलझा सकता है।

आइलैंड में जीता चुनाव, राष्ट्रपति पद के करीब पहुंचे ट्रंप

लास वेगास। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी में उम्मीदवारी की दौड़ में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने गुरुवार को नेवादा और वर्जिन आइलैंड में भी जीत हासिल कर ली। नेवादा में उनकी प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली ने काकस के बजाय प्राइमरी चुनाव का विकल्प चुना था, इसलिए ट्रंप यहां इकलौते प्रमुख उम्मीदवार थे।

निक्की हेली रिपब्लिकन पार्टी में ट्रंप के सामने डटी हुई हैं। नेवादा में ट्रंप की जीत से उन्हें राज्य के सभी 26 डेलीगेट मिल गए। इस प्रकार वर्जिन आइलैंड से भी चार डेलीगेट हासिल कर लिए है। ट्रंप को 74 प्रतिशत तो निक्की को 26 प्रतिशत वोट मिले। औपचारिक रूप से पार्टी का नामांकन हासिल करने के लिए उन्हें 1,215 प्रतिनिधियों की आवश्यकता है और वह मार्च में इस संख्या तक पहुंच सकते हैं।